राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-284
लखनऊ, सोमवार 03 जून 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



गर्मी में कोई रिस्क नहीं लेना चाहता जिला प्रशासन : सूर्यपाल गंगवार 03

मुझे अपना सेवक समझें छत्तीसगढ़ के लोग : साय 12

# अरूणाचल में फिर से भाजपा सरकार

## बीजेपी ने 60 सदस्यों वाली विधानसभा में 46 सीटें जीतकर हासिल किया प्रचंड बहुमत

**भाजपा को मिला 54.58 प्रतिशत वोट, कांग्रेस मात्र एक सीट पर दर्ज कर सकी जीत**

एजेंसी

**ईटानगर।** साठ सदस्यीय अरुणाचल विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एतिहासिक जीत दर्ज की है। भाजपा ने 46 सीटें जीत कर विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत प्राप्त कर लिया है। भाजपा ने अपनी पिछली जीत का रिकार्ड तोड़ कर इतिहास रच दिया है। वहीं 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 41 सीटें मिली थी।

विधानसभा चुनाव की मतगणना रविवार सुबह शुरू हुई और दोपहर तक स्थिति काफी स्पष्ट हो गई। चुनाव आयोग ने सभी 60 सीटों के परिणाम जारी कर दिए हैं। 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 46 सीट पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस राज्य विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट पर जीतकर दर्ज कर सकी है। इसके अलावा एनपीईपी ने पांच, पीपीए ने दो, एनसीपी ने तीन और तीन सीटों पर निर्दलियों ने जीत दर्ज की है। भाजपा लगातार दूसरी बार अपने बल पर स्पष्ट बहुमत के साथ राज्य की सत्ता पर काबिज होने में सफल हो गयी है। इस बार भाजपा को 54.58 प्रतिशत यानी 3,32,414 वोट मिले हैं, जबकि कांग्रेस को 5.56 प्रतिशत यानी 33877 मत, एनसीपी को 10.43 प्रतिशत यानी 63630, नोटा 0.66 प्रतिशत यानी 4010 मत, एनपीईपी 16.11 प्रतिशत यानी 98.254, पीपीए 7.24 प्रतिशत यानी 44176 मत एवं अन्य 5.26 प्रतिशत यानी 32103 मत मिले हैं।




**राज्यविधान सभा चुनाव का परिणाम रहा इस प्रकार**

| पार्टी | - | जीत |
|---|---|---|
| भाजपा | - | 46 |
| एनपीईपी | - | 5 |
| एनसीपी | - | 3 |
| पीपीए | - | 2 |
| कांग्रेस | - | 1 |
| निर्दलीय | - | 3 |

### विकास की राजनीति को मिला स्पष्ट जनादेश : मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शानदार जीत को विकास की राजनीति को मिला स्पष्ट जनादेश करार दिया और कहा कि राज्य के विकास के लिए उनकी पार्टी और भी अधिक उत्साह के साथ काम करती रहेगी। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने सत्ता में वापसी की है। पार्टी ने 60-सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश! इस अद्भुत राज्य के लोगों ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है। राज्य में भाजपा के प्रति फिर से अपना विश्वास जताने के लिए उनका आभार। हमारी पार्टी राज्य के विकास के लिए और भी अधिक उत्साह के साथ काम करती रहेगी।

### सिक्किम में एसकेएम फिर बनाएगी सरकार

**गंगटोक।** सिक्किम में सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) ने विधानसभा चुनावों में 32 में से 31 सीटें जीत कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है वहीं विपक्षी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के खाते में केवल एक सीट गयी है। इसके साथ ही रविवार को हुई मतगणना में सत्तारूढ़ एसकेएम का एक बार फिर सरकार बनाना तय हो चुका है। राज्य की सभी 32 सीटों के नतीजे घोषित किये जा चुके हैं। इनमें 31 पर एसकेएम को भारी जीत हासिल हुई है जबकि एसडीएफ के खाते में एकमात्र श्यारी सीट गई है। चुनाव आयोग (ईसी) के अनुसार मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व वाले एसकेएम ने 32 में से 31 सीटें जीत ली हैं। वहीं एसडीएफ ने केवल एक सीट जीती है।मुख्यमंत्री एवं एसकेएम सुप्रीमो तमांग ने रेनॉक से अपने एसडीएफ प्रतिद्वंद्वी सोम नाथ पौड्याल को हराकर चुनाव जीत लिया है। श्री तमांग ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सोम नाथ पौड्याल को 7,044 मतों से हराया। श्री तमांग को कुल 10,094 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के नेता श्री पौड्याल को 3,050 मत मिले। श्री तमांग की पत्नी कृष्णा कुमारी भी एसकेएम के टिकट पर नामची-सिंघीथांग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीत गयी हैं। दूसरी ओर एसडीएफ के प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग पोकलोक-कामरांग और नामचेयबुंग दोनों सीटों से चुनाव हार गए। श्री चामलिंग स्वतंत्र भारत में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड रखते हैं। एक अन्य एसडीएफ स्टार उम्मीदवार भाईचुंग भूटिया भी बारफुंग (बीएल-आरक्षित) सीट से एसकेएम उम्मीदवार रिक्शल दोरजी भूटिया से चुनाव हार गये हैं। पूर्व भारतीय फुटबॉल कप्तान भूटिया ने पिछले नवंबर में अपनी हमरो सिक्किम पार्टी का चामलिंग की एसडीएफ में विलय कर दिया था। एकमात्र सीट जो एसडीएफ के खाते में गयी वह श्यारी है, जहां उसके उम्मीदवार तेनजिंग नोरबू लम्था ने जीत हासिल की। लम्था हाल ही में एसकेएम से एसडीएफ में शामिल हुए हैं। कुल मिलाकर 147 उम्मीदवार मैदान में थे। एसकेएम और एसडीएफ सभी सीटों पर लड़ रहे थे एसकेएम के साथ गठबंधन तोड़ने के बाद अकेले चुनाव लड़ने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 31 सीटों पर चुनाव लड़ने के बावजूद एक भी सीट नहीं जीत सकी।

## तूफान का कहर, छप्पर से दबकर महिला की मौत, कई लोग घायल

**कई जगह गिरे पेड़, विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त**

समृद्धि न्यूज

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले में रविवार की भोर में अचानक तेज तूफान के साथ बारिश होने से लोगों को एक तरफ जहां गर्मी से राहत मिली वहीं तेज तूफान में गिरे छप्पर के नीचे दबकर एक महिला की मौत हो गई कई लोग घायल हो गए हैं। कई जगह पेड़ गिर गए हैं, जिससे विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गई। विद्युत विभाग के कर्मी सप्लाई बहाल करने के लिए पूरी तरह से प्रयास में लगे हुए हैं।

प्रतापगढ़ में आंधी और तूफान ने रविवार को जमकर तबाही मचाई। दर्जनों पेड़ उखड़ गए। इससे कहीं घर क्षतिग्रस्त हो गया तो कहीं बिजली के पोल उखड़ गए। रविवार की भोर में करीब तीन बजे आंधी के साथ हुई बरसात से जिले के विभिन्न स्थानों पर बिजली के पोल टूट गए। कई पेड़ धाराशायी हो गये। ब्लॉक सांडवा चंडिका के ग्राम सभा रसूल पुर गुलरहा गांव पूरे नेवल निवासी बीडीसी पवन यादव की मां धनपत्ती देवी घर के पास खेत में सब्जी की खेती करती थी। वह सब्जी की रखवाली के लिए खेत के बगल छप्पर डाल कर वहीं रहती थी। रात अचानक आए आंधी-तूफान व बारिश से छप्पर पर पेड़ गिर जाने से वह गम्भीर रुप से घायल हो गई। घर वाले उन्हें इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर ले गए। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कंधई थाना क्षेत्र में सिकरी कानूपुर बाजार धौरोली मुफरीद हरोदोई में रविवार सुबह आए तूफान ने तबाही मचा दी। जिससे बाजार में लगे हाई मास्ट समेत बिजली के खम्भे बड़े-बड़े पेड़ सड़क के किनारे तथा घरों पर गिर गए। देव नरायन की पत्नी सावित्री देवी के सिर में टीन का पटरा लगने से काफी चोट आई। हरिप्रकाश गुप्ता पत्नी ज्येवती गुप्ता एवं शिव प्रकाश गुप्ता की पत्नी माधुरी को सिर में चोटें आई। आंधी तूफान की वजह से दिलीपपुर विद्युत उपकेंद्र की आपूर्ति 13 घंटे तक बहाल नहीं हो पाई । इससे उपभोक्ताओं को बिजली नसीब नहीं हुई। सबसे बड़ी समस्या पानी को लेकर रही। राजगढ़ के पास 33 हजार के तार पर कई पेड़ गिरने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित रही।

## संक्षिप्त समाचार

### मुर्शिदाबाद में मिले बम अशांति की आशंका

**मुर्शिदाबाद।** मुर्शिदाबाद जिले में रानीनगर थानांतर्गत के पानीपिया पुरातनपाड़ा चौराहे से सटे इलाके में शनिवार देर रात बम बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बमों को अपने कब्जे में लेकर रविवार सुबह उन्हें निष्क्रिय कर दिया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, रात करीब 12 बजे गुप्त सूचना के आधार पर रानीनगर थाने की पुलिस ने अब्दुर रज्जाक नामक व्यक्ति के घर के पीछे तलाशी ली और घास के मैदान से बमों से भरा एक बैग बरामद किया गया। हालांकि, उस घर के मालिक ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि रात के अंधेरे में बम किसने रखा था। रात में पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे। सुबह बमों को निष्क्रिय कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि चुनाव के पहले से ही मुर्शिदाबाद में रोजाना बम बरामद हो रहे हैं। बमबारी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। काउंटिंग से पहले इस तरह बम बरामद होने से प्रशासन की चिंता स्वाभाविक है।

### सोनभद्र के चुर्क में आया 3.9 तीव्रता का भूकंप

**सोनभद्र।** नेशनल सेंटर फॉर सेस्मोलॉजी की ओर से जारी सुचना के अनुसार रविवार की दोपहर में राबर्ट्सगंज मुख्यालय से पांच किलोमीटर दुर चुर्क क्षेत्र में 3.9 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप जमीनी सतह से दस किमी नीचे रिक्टर पैमाने पर 3.9 तीव्रता का मापा गया। नेशनल सेंटर फॉर सेस्मोलॉजी के अनुसार, सोनभद्र जनपद में रविवार की दोपहर करीब 3 बजकर 50 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टल स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.9 मापी गई है। लेकिन जनपद के किसी भी व्यक्ति को न तो भूकंप के झटके महसूस हुआ और ना ही किसी तरह का नुकसान हुआ। जानकारी के अनुसार सोनभद्र जनपद भूकंप के लिहाज से सुरक्षित जोन में है।

### पंजाब में रेल हादसा टला, दो मालगाड़ियों की हुई टक्कर

**चंडीगढ़।** पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में रविवार सुबह दो मालगाड़ियां टकरा गईं। इनमें से एक का इंजन पलट गया और बाजू वाले ट्रैक से गुजर रही पैसेंजर ट्रेन से टकराया। हादसे में मालगाड़ी के 2 लोको पायलट घायल हो गए, जिन्हें पटियाला के राजिंद्रा अस्पताल रेफर किया गया है। यह हादसा बीते साल ओडिशा के बालासोर में हुए हादसे जैसा ही था। उस हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। बीते साल ओडिशा के बालासोर में हुए हादसे में रेलवे ट्रैक पर पहले से खड़ी ट्रेन को दूसरी ट्रेन ने आकर टक्कर मार दी थी। इस टक्कर के दौरान वहां से गुजर रही तीसरी गाड़ी भी हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

## अरविंद केजरीवाल पांच जून तक न्यायिक हिरासत में लौटे तिहाड़

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राजधानी के राउज एवेन्यू अदालत ने अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने पर आत्मसमर्पण करने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रविवार को पांच जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



एक जून को अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद आम आदमी पार्टी के संयोजक ने आज तिहाड़ जेल के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया और अधिकारियों उन्हें दिल्ली की अदालत में ले गए तथा एक विशेष न्यायाधीश के सामने पेश किया। श्री केजरीवाल को पांच जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जब राउज़ एवेन्यू अदालत श्री केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर भी फैसला करेगी। मुख्यमंत्री को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली शराब घाटाले से संबंधित धनशोधन के आरोप में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। उच्चतम न्यायालय ने 10 मई को श्री केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी थी ताकि वह मौजूदा लोकसभा चुनावों में प्रचार कर सकें।

### चुनाव आयोग से मिला विपक्ष, कहा- डाक मतपत्रों के नतीजे पहले हों घोषित

**नई दिल्ली।** विपक्षी पार्टियों का एक प्रतिनिधिमंडल डाक मतपत्रों की गिनती पहले पूरी कर नतीजे घोषित किए जाने के मुद्दे पर आज चुनाव आयोग से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से कहा कि उसी का वैधानिक आदेश है कि पोस्टल बैलट के नतीजे पहले घोषित होने चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव आयोग से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का यह वैधानिक आदेश रहा है कि डाक मतपत्रों की गिनती पहले की जाती है और ईवीएम से पहले ही उसके नतीजे भी बताए जाते हैं। सिंघवी ने कहा कि डाक मतपत्र अक्सर कई बार चुनाव के नतीजे पलटने की क्षमता रखते हैं।

## रेमल प्रभावित राज्यों को मिलेगी हर संभव मदद : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह यहां अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न राज्यों में चक्रवात रेमल के प्रभाव की समीक्षा की और कहा कि केन्द्र सरकार प्रभावित राज्यों को हर संभव सहायता जारी रखेगी। बैठक में अधिकारियों ने इन राज्यों पर चक्रवात के प्रभाव के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तार से जानकारी दी। मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन तथा बाढ़ के कारण जान माल की हानि भी चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री को बताया कि स्थिति को ध्यान में रखते हुए जरूरत के मुताबिक प्रभावित राज्यों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें तैनात की गई हैं। इन टीमों ने एयरलिफ्टिंग और सड़क से निकासी अभियान चलाया है। बैठक के दौरान बताया गया कि गृह मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ नियमित संपर्क में है। श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार चक्रवात से प्रभावित राज्य को पूरा समर्थन देना जारी रखेगी। उन्होंने गृह मंत्रालय को स्थिति की निगरानी करने और सामान्य स्थिति की बहाली के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए नियमित रूप से मामले की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव, एनडीआरएफ के महानिदेशक और एनडीएमए के सदस्य सचिव के साथ-साथ प्रधानमंत्री कार्यालय और संबंधित मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



**पीएम ने की भीषण गर्मी व मानसून की स्थिति की समीक्षा**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में भीषण गर्मी की स्थिति के साथ साथ मानसून से संबंधित स्थिति से निपटने की तैयारियों की रविवार सुबह यहां अपने आवास पर एक बैठक में समीक्षा की। प्रधानमंत्री को बताया गया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी और लू जारी रहने की संभावना है। मानसून के बारे में बताया गया कि इस वर्ष देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून के सामान्य और सामान्य से ऊपर रहने तथा प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम रहने की संभावना है। श्री मोदी ने निर्देश दिया है कि गर्मी के मौसम में आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए उचित अभ्यास नियमित आधार पर किया जाना चाहिए। अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अग्निशमन सुविधाओं की जांच और विद्युत सुरक्षा की जांच नियमित रूप से की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जंगलों में 'फायर-लाइन' के रखरखाव और बायोमास के सदुपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए। प्रधानमंत्री को जंगल की आग की समय पर पहचान और उसके प्रबंधन में मददगार 'वन अग्नि' पोर्टल की उपयोगिता के बारे में भी बताया गया।

### लोकसभा की 295 सीटें जीतेगा इंडिया : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि उनका गठबंधन आईएनडीआईए लोकसभा की 295 सीटें जीतेगा। पार्टी मुख्यालय में एक बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में राहुल ने एग्जिट पोल को सिरे से नकारा। उन्होंने इसे मोदी मीडिया पोल करार दिया। उन्होंने एक सवाल पर कहा कि सिद्धू मूसेवाला के 295 गानों की संख्या जितनी सीटें विपक्षी गठबंधन जीतेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी मुख्यालय में अपने लोकसभा उम्मीदवारों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इस बैठक में राहुल और महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहे।

## यूपी एसटीएफ ने नकल कराने वाले इनामी को किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**सुल्तानपुर।** यूपी एसटीएफ ने उप्र पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष भर्ती परीक्षा- 20-2021 में कुछ परीक्षा सेन्टर के कर्मचारियों की मिलीभगत से परीक्षा पास कराने वाले गिरोह का सदस्य तथा राजधानी की थाना कोतवाली हुसैनगंज के मुकदमें के वांछित पच्चीस हजार रुपए का पुरस्कार घोषित आरोपी अतुल यादव को सुल्तानपुर की कोतवाली के अंश स्वीट्स एवं रेस्टोरेन्ट अमहट से गिरफ्तार किया।

पकड़ा गया आरोपी प्रतापगढ़ के थाना-आसपुर देवसरा का रहने वाला है। एसटीएफ ने इसके पास से एक मोबाईल फोन तथा ढाई सौ रुपए नगद बरामद किया।एसटीएफकी माने तो उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक एवं समकक्ष भर्ती परीक्षा 20-2021 में अभ्यर्थी रितेश यादव का सेलेक्शन हुआ था । सेलेक्शन के बाद पुलिस प्रोन्नति एवं भर्ती बोर्ड ने उसके मूल दस्तावेज को सत्यापन के लिए मांगा था। इस पर अभ्यर्थी रितेश यादव अपना मूल दस्तावेज भर्ती बोर्ड को उपलब्ध नहीं करा पाया।जिस पर उ0प्र0 पुलिस प्रोन्नति एवं भर्ती बोर्ड ने अभ्यर्थी रितेश यादव की नियुक्ति रद्द कर दी। जिसके विरूद्ध अभ्यर्थी रितेश यादव ने उच्च न्यायालय में रिट योजित की थी।

### बंगाल में चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में चुनाव के बाद हुई हिंसा में कुछ लोगों ने एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी। भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर पार्टी कार्यकर्ता की हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि, तृणमूल ने दावा किया है कि यह हत्या पारिवारिक कलह का नतीजा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना जिले के उत्तरी हिस्से के कालीगंज में उस समय हुई जब भाजपा कार्यकर्ता हफीजुर शेख शनिवार रात अन्य लोगों के साथ कैरम खेल रहे थे। आरोप है कि 10-12 लोग मोटरसाइकिल पर आए और शेख की गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने दो घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शन किया।

## कार्रवाई : केडीए ने 29 अवैध निर्माण किए सील

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) ने अवकाश के दिन रविवार को अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की है। यह सभी कार्रवाई जोन एक के विशेष कार्याधिकारी डॉ.रवि प्रताप सिंह की अगुवाई में हुई और इंजीनियरों को तब भनक लगी जब वह मौके पर पहुंच गये। दिन भर चली कार्रवाई में 29 अवैध निर्माण सील किये गये और केडीए की ओर से दावा किया गया कि एक दिन में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

नवांगतुक केडीए वीसी मदन सिंह गर्ब्याल महानगर में अवैध निर्माण को लेकर सख्त रुख अख्तियार किया और गुपचुप तरीके से योजना बनाई। योजना के तहत रविवार को अवकाश के दिन जोन एक पर कार्रवाई अमल में लाई गई। जोन एक के विशेष कार्याधिकारी डॉ रवि प्रताप सिंह संबंधित इंजीनियरों को लेकर दल-बल के साथ खुद सड़क पर उतर गये। इंजीनियरों को यह भी पता नहीं था कि कहां कहां पर अवैध निर्माण पर कार्रवाई होनी है। विशेष कार्याधिकारी सबसे पहले अवर अभियंता प्रवीण शर्मा के क्षेत्र सिविल लाइन्स, जाजमऊ, कृष्णापुरम और दवा मार्केट में कार्रवाई की।



**केडीए के इतिहास में अब तक की एक दिन में सबसे बड़ी कार्रवाई, शासन तक पहुंची गूंज**

## बैंक में नौकरी के नाम पर 85 लाख की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

समृद्धि न्यूज

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में नौकरी के नाम पर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति से बेटे की नौकरी लगवाने के नाम पर तकरीबन एक करोड़ हड़प लिए गए।

मामला बिजनौर के चांदपुर थानाक्षेत्र के गांव कुतुबपुर गांवड़ी का है। मदनपाल सिंह ने बेटे को बैंक में नौकरी दिलाने के लिए 85 लाख रुपये गंवा दिए। रकम जुटाने के लिए दो दुकान और एक प्लाट बेच दिया। करीब 12 लाख रुपये का कर्ज भी ले लिया लेकिन नौकरी नहीं मिली। चांदपुर के एक व्यक्ति पर ठगी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मदनपाल सिंह ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत में बताया कि चांदपुर के मोहल्ला सरायरफी निवासी शमशाद अहमद से उसकी जान पहचान थी। उसके पुत्र ने वर्ष 2017 में इंटरमीडिएट पास किया था। उसी समय आरोपित ने उसके पुत्र को एक बैंक में नौकरी लगवाने की बात करते हुए तीन लाख रुपये का खर्च बताया। उसने तीन लाख रुपये का इंतजाम कर आरोपित को दे दिए। आरोपित ने फोन पर बैंक के एचआर विभाग के मेल दिखाए, जिसमें लिखा हुआ था कि नौकरी लगना प्रक्रिया में है। धीरे-धीरे करके वर्ष 2022 तक आरोपित ने उससे 85,00,000 रुपये ले लिए।

**तैयारी**

**त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच चार जून की सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना**

## 851 लोकसभा प्रत्याशियों के भविष्य का फैसला कल

**मतगणना को सकुशल संपन्न कराने के लिए केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को मतगणना की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं 04 विधानसभा क्षेत्रों में उपनिर्वचन की मतगणना 04 जून को प्रातः 08 बजे से प्रारंभ होगी। मतगणना प्रदेश के सभी 75 जनपदों के 81 मतगणना केंद्रों पर हो रही है।




मतगणना को सकुशल संपन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। मतगणना स्थल की सुरक्षा त्रिस्तरीय होगी, जिसमें क्षेत्रीय पुलिस बल, राज्य पुलिस बल और सीएपीएफ की तैनाती की गई है। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में कुल 851 प्रत्याशी (771 पुरुष एवं 80 महिला) चुनाव मैदान में हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोक सभा क्षेत्र में तथा सबसे कम 4 प्रत्याशी कैसरगंज लोक सभा क्षेत्र में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगरा, मेरठ, आजमगढ़, देवरिया, सीतापुर, कुशीनगर जनपदों में मतगणना 2-2 केंद्रों पर हो रही है। वहीं, आठ लोक सभा क्षेत्रों की मतगणना 3 जनपदों में, 37 लोक सभा क्षेत्रों की मतगणना 2 जनपदों में तथा 35 लोक सभा क्षेत्रों की मतगणना 01 जनपद में हो रही है। पोस्टल बैलेट की मतगणना आरओ मुख्यालय जनपद के मतगणना स्थल में होगी। मतगणना विधान सभा क्षेत्रवार होगी। इसके बाद लोक सभा क्षेत्र में समाविष्ट विधान सभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोक सभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जाएगा। गाजियाबाद लोक सभा क्षेत्र में समाविष्ट साहिबाबाद विधान सभा क्षेत्र में मतदेय स्थल (1127) अधिक होने के कारण सबसे अधिक 41 राउंड में मतगणना संपन्न होगी।

**मतगणना के लिए तैनात किए गए 179 प्रेक्षक**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना हेतु 179 प्रेक्षक तैनात किए गए हैं। 15 प्रेक्षकों को 1-1 विधान सभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षकों को 2-2 विधान सभा क्षेत्र तथा 60 को 3-3 विधान सभा क्षेत्र आवंटित किए गए हैं। 80 लोक सभा क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग ऑफिसर तथा 1581 सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा संपन्न कराई जाएगी। वहीं ददरौल, लखनऊ पूर्व, गैंसड़ी तथा दुद्धी विधानसभा उपनिर्वाचन की मतगणना 04 रिटर्निंग आफिसर तथा 26 सहायक रिटर्निंग आ द्वारा संपन्न कराई जाएगी। समस्त मतगणना एवं सीलिंग की कार्यवाही सीसीटीवी की निगरानी में होगी।

# डीसीएम से टकराई ब्रेजा कार, उड़े परखच्चे

- दो सगे भाई और मां की मौत, दो घायल
- टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के उड़े परखच्चे घटना के बाद मौके पर मची अफरा-तफरी

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर रविवार सुबह लगभग 11:30 बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत जलालपुर पेट्रोल पंप के पास दर्दनाक हादसे से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से सभी लोगों को कार से




बाहर निकाला और एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी पसगवॉ भेजा जहां पर डॉक्टर ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल दो लोगों को जिला अस्पताल शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार लखनऊ के मोहल्ला सर्वोदय नगर निवासी दिनेश चंद्र उपाध्याय अपनी पत्नी विमला उपाध्याय और दो बेटे दीपक उपाध्याय राजीव उपाध्याय व अपनी भाभी विमला उपाध्याय के साथ ब्रेजा कार यूपी 32 के ई 8187 से रविवार की सुबह घर से उत्तराखंड हल्द्वानी के लिए निकले थे। सुबह लगभग 11:30 बजे उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत जलालपुर पहुंचने पर उनकी ब्रेजा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर दूसरी साइड शाहजहांपुर से सीतापुर की ओर जा रही डीसीएम से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ब्रेजा कार के परखच्चे उड़ गये? घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई और पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद कार में सवार सभी पांच लोगों को बाहर निकाला गया। जिनको दो एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी पसगवॉ भेजा गया। जहां पर डॉक्टर ने विमला उपाध्याय पत्नी दिनेश चंद्र उपाध्याय उम्र लगभग 60 वर्ष, दीपक उपाध्याय पुत्र दिनेश उपाध्याय उम्र लगभग 40 वर्ष राजीव उपाध्याय पुत्र दिनेश चंद्र उपाध्याय उम्र लगभग 34 वर्ष को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल दिनेश चंद्र उपाध्याय उम्र लगभग 60 वर्ष बिमला उपाध्याय पत्नी बीवी उपाध्याय उम्र लगभग 62 पर को गंभीर हालत में शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया।

मृतक दीपक के दोस्त आशीष से दूरभाष से जानकारी लेने पर मालूम हुआ कि यह सभी लोग पहाड़ी पंडित है और सर्वोदय नगर लखनऊ से हल्द्वानी जा रहे थे। पारिवारिक जानकारी देते हुए उन्होंने बताया है कि मृतक दीपक और राजीव तीन भाई थे तीन में से दो की मौत हो जाने के बाद एक भाई कमल उपाध्याय ही बचा है।

# बार काउंसिल ऑफ़ यूपी में उपलब्ध कराई गई किताबें

- 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नए कानून की किताबें उपलब्ध कराई

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सिविल बार के अनुरोध पर उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने अपने स्तर से बार काउंसिल ऑफ़ उत्तर प्रदेश में प्रयास करके 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नए कानून की किताबें उपलब्ध कराई। आपको बता दें क्रिमिनल मेजर एक्ट जो भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम का समावेशन है, वहीं उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता अधिनियम 2006 व नियमावली की 10-10 किताबें



निघासन सिविल बार को उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे सिविल बार के अधिवक्ताओं को नए कानून को पढ़ने और कानून को समझने का अवसर मिल सकेगा।

सिविल बार निघासन के अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता सहित मंत्री हरिनंदन लाल यादव, उपाध्यक्ष मो. अमीन, रवि गुप्ता, दीपचंद गुप्ता, हरिओम गुप्ता, त्रिभुवन यादव, राहुल गुप्ता सहित कार्यकारिणी व संघ के सभी सदस्यों ने इस अतुलनीय कार्य के लिए उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य सचिव प्रदीप कुमार सिंह को हृदय तल की गहराइयों से बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद दिया है।

# सिलेंडर फटने से एक की मौत, सारा सामान राख

**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

खाना बनाते समय गैस सिलेंडर फटने से एक की मौत हो गई वही आग लगने से गृहस्थी का सामान जल कर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी के साथ ही रेलवे की टीम ने आग को बुझाया घटना से इलाके में कोहराम मचा हुआ हे।

कोतवाली तिकुनियां के बेलरायां रेलवे स्टेशन के समीप बनी रेलवे की कालोनी व आस पास के इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब लोगों को तेज धमाके की आवाज सुनाई पड़ी। जानकारी के मुताबिक गुलशन कुमार बेलरायां रेलवे में पैटमैन के पद पर कार्यरत हैं उनके पिता शिवजी शाह 75 वर्ष निवासी ग्राम ताजडर थाना माझी जिला छपरा बिहार अपने बेटे के साथ ही रेलवे की कालोनी में रह रहे थे। गुलशन कुमार सुबह



नाश्ता करने के बाद ड्यूटी पर चले गए। उनके पिता शिवजी दोपहर का खाना बना रहे थे। इसी बीच सिलेंडर फटने की आवाज आई। आवाज इतनी तेज थी कि पास में रह रहे अन्य कालोनी के लोग भागकर गुलशन कुमार के रूम पर आए तो वहां के हालात को देख सबके रोंगटे खड़े हों गए। शिवजी आग की लपटों में घिरे हुए थे और कमरे में रक्खा घर गृहस्थी का सामान जल रहा था। लोगों ने आग बुझाने की कोशिश करते हुए स्थानीय पुलिस के साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही बेलरायां चौकी प्रभारी अभिषेक यादव अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच आग बुझाने की कोशिश की इतने में फायर बिग्रेड की टीम भी पहुंच गई लेकिन तब तक शिवजी पूरी तरह जल कर दम तोड चूके थे। शिवजी टाटा कंपनी के रिटायरमेंट कर्मचारी थे जो अपने बेटे के साथ ही रेलवे कॉलोनी बेलरायां में रहते थे। तिकुनियां कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है।

# रोटरी क्लब में कृत्रिम हाथ वितरण कैंप का आयोजन

- सीएमओ ने कृत्रिम हाथ वितरण कैंप का किया शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

रोटरी क्लब लखीमपुर ने समाज सेवा के कार्यक्रमों को गति देते हुए दिनांक 02 जून 2024 को रोटरी सामुदायिक केंद्र, ग्राम चिमनी, सीतापुर रोड, लखीमपुर खीरी में एल.एन. 4 कृत्रिम हाथ वितरण कैंप का आयोजन किया। कृत्रिम हाथ रोटरी इंटरनेशनल के माध्यम से एलन मीडोज प्रोस्थेटिक एंड फाउंडेशन, अमेरिका द्वारा दुनिया के 80 देश में निःशुल्क दिया जाता है। रोटरी क्लब, पुणे डाउनटाउन के सहयोग एवं रोटरी क्लब लखीमपुर खीरी के संयुक्त सहयोग से यह कैंप का आयोजन किया गया है। विभिन्न रोटरी क्लबों के द्वारा भारत में अब तक 10000 से अधिक कृत्रिम हाथ वितरित किए जा चुके हैं। कैंप में रोटरी क्लब लखीमपुर एवं रोटरी क्लब पुणे डाउनटाउन द्वारा जनपद खीरी, उन्नाव, पीलीभीत, बहराइच, लखनऊ, सीतापुर तथा गोंडा आदि जिलों से आए दिव्यांग जनों को निःशुल्क हाथ वितरित किए गए। कृत्रिम हाथ वितरण कैंप का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला खीरी - डॉक्टर संतोष गुप्ता एवं डिस्ट्रिक्ट 3120 के मंडलाध्यक्ष - रोटेरियन सुनील बंसल के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस कैंप में के.पी. नर्सिंग एवं पैरामेडिकल ट्रेनिंग कॉलेज, रामापुर के ए.एन.एम. व जी.एन.एम. के नर्सिंग छात्रों, रो. गौतम इदनानी, एलन लोबो, हरेश कारले, मनोज दिसले एवं शेख हसन (ब्रांड एंबेसडर) एलेन - 4 प्रोजेक्ट कैंप का आयोजन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नगदी लूटकर झोंका फायर, दी तहरीर

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

- कोतवाली मोहम्मदी में तहरीर देकर विपक्षी गण के खिलाफ कार्रवाई की हुई मांग

मोहम्मदी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुछ युवकों की नगदी छीन कर जान से मारने को लेकर कुछ लोगो ने फायर झोंक दिया। मामले से संबंधित पीड़ित ने मोहम्मदी कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

पीड़ित दीपेश कुमार गुप्ता निवासी ग्राम रामपुर मिश्र थाना मोहम्मदी ने प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी कोतवाली को तहरीर देते हुए बताया कि 1 जून 2024 को रात्रि 9:30 बजे वह अपने मित्र सुधांशु बाजपेई के घर से दावत के बाद अपने मित्र गौरव सिंह के साथ अपने घर वापस चार पहिया कर से फिरोजपुर जेती बनभोजा वाले कच्चे मार्ग से आ रहा था। रास्ते में सुखविंदर सिंह समेत चार अज्ञात लोगों ने पीड़ित की गाड़ी को घेर लिया और गंदी-गंदी गालियां देकर पीड़ित की गाड़ी की चाबी निकाल ली। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों के पास लाठी व तलवार थी और सुखविंदर सिंह के हाथ में अवैध तमंचा था। सुखविंदर सिंह ने कहा कि इन सालों की गाड़ी छीन लो और इनको बांध दो इतने में उनके एक साथी ने कहा कि इनके जेब में कितना रुपया है।

सुखविंदर सिंह ने पीड़ित की जेब से रूपए 10,000 नगदी व साथी गौरव सिंह के जब से रूपए 6500 निकाल लिए। पीड़ित किसी तरह अपनी जान बचाकर खेतों के रास्ते भागते जा रहा था तभी सुखविंदर सिंह ने पीड़ित व उसके साथी गौरव सिंह को जान से मारने की नीयत से पीछे से गोली चला दी।

भाग्य बस दोनों की जान बच गई। पीड़ित ने मौके पर डायल 112 पुलिस को पूरी वारदात की सूचना दी जिस पर डायल 112 पुलिस ने पीड़ित की गाड़ी बरामद कर कोतवाली मोहम्मदी ले आई। फिलहाल पीड़ित ने कोतवाली मोहम्मदी में तहरीर देकर विपक्षी गण के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

**वर्जन**

**मामले से संबंधित जानकारी लेने के लिए प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी के सीयूजी नंबर पर फोन मिलाने पर एसएसआई टीटू कुमार ने फोन उठाया और बताया कि मामला संज्ञान में नहीं आया है। यदि मामला आता है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।**

# दबंगों ने बस को ओवरटेक कर रोका, परिचालक से की मारपीट

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

रविवार को पारा बाजार (सुल्तानपुर) से दिल्ली जा रही वातानुकूलित बस को ओवरटेक करके बुलेट सवार दबंगों ने रोक लिया।जिसके बाद दबंगों ने जमकर तांडव मचाया।

यही नहीं बस परिचालक से मारपीट कर 1500 रुपये छीन कर साथी को लेकर फरार हो गए। इस मामले में परिचालक ने चार लोगों के विरुद्ध सुबेहा थाना में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जनपद अमेठी के थाना शुक्लबाजार के सत्थिन ग्राम निवासी अलीम ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि कुमार गंज अयोध्या निवासी अफसर ने दिल्ली जाने के लिए चेयर सीट बुक कराई थीं,लेकिन अफसर बुकिंग चेयर सीट पर अपनी बैंग रखकर स्लीपर सीट पर जाकर लेट गया। परिचालक ने बताया कि सवारी आने पर आरोपी सीट छोड़ नहीं रहा था, इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तू तू मैं मैं हो गई। जिसके बाद अफसर नामक युवक ने फोन द्वारा अपने साथियों को बुला लिया। इस दौरान बस सुबेहा शुक्लबाजार मार्ग स्थित पलिया पशु बाजार के पास पहुंच चुकी थीं कि तभी पीछे से आये बुलेट सवार तीन युवकों ने बस को ओवरटेक करके रोक लिया।बस पर चढ़ते ही बुलेट सवार युवक परिचालक की पिटाई करने लगे। पिटाई के बाद परिचालक की जेब में रखे 1500 रुपये छीन कर अपने साथी को लेकर फरार हो गए। घटना के बाद परिचालक अलीम ने सुबेहा थाने में तहरीर दी है।

# शारीरिक शोषण का आरोप लगाकर पीड़िता ने दी तहरीर

- दिल्ली निवासिनी युवती ने एक विशेष समुदाय के युवक पर लगाया आरोप

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली निवासिनी युवती ने गोला निवासी युवक पर लव जिहाद कर शारीरिक शोषण का आरोप लगाते हुए थाना कोतवाली गोला में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

पीड़िता ने बताया कि उसके पास में रहने वाली गुफराना पुत्री अज्ञात ने पीड़िता की बात अपने भाई रिहान अहमद पुत्र अनीस अहमद निवासी मोहल्ला इस्लामनगर थाना कोतवाली गोला से कराई तथा दिल्ली जाकर मिलने को कहा। विपक्षी रिहान ने बात करने पर अपना नाम रोहित बताया तथा पीड़िता से मिलने दिल्ली भी आ गया तथा लगभग तीन-चार वर्षो से लगातार पीड़िता को मिलने आता रहा और शादी का झांसा भी दिया जिस पर पीड़िता ने विश्वास कर लिया जिसका नाजायज फायदा विपक्षी पिछले एक-दो वर्षों से उठा रहा था और पीड़िता का लगातार शारीरिक शोषण करता आ रहा था। पीड़ित ने बताया कि जब भी उसने शादी करने की बात कही तो विपक्षी टालमटोल कर बात को टलता रहा। एक बार पीड़िता को विपक्षी का आधार कार्ड हाथ में लग गया।

पीड़िता ने बताया कि विपक्षी ने धमकी देते हुए कहा कि इसी तरह कई और हिंदू लड़कियों के साथ लव जिहाद कर उनका शारीरिक शोषण करके छोड़ चुका है तथा शादी का झांसा भी देता है। पीड़िता को जैसे ही विपक्षी की सच्चाई का पता चला तो पीड़िता के द्वारा इस विषय पर पूछने पर विपक्षी आग बबूला हो गया तथा पीड़िता को काफी मारा पीटा और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली और बताया कि तुम्हारा शारीरिक शोषण करना हमारी शरीयत की शान है तथा पीड़िता को छोड़कर अपने घर लखीमपुर गोला गोकर्णनाथ आ गया। पीड़िता ने बताया कि ऐसे वक्त पर उसको कुछ समझ में नहीं आ रहा था जिसके बाद वह आधार कार्ड पर दिए गए पते पर गोला चली आई तथा गोला आकार उसने देखा कि विपक्षी अपनी जाति में शादी कर रहा है। विपक्षी ने जैसे ही पीड़िता को देखा तो विपक्षी रिहान उसका जीजा शकील अहमद, नूर बानो तथा जहांगीर आदि लोगों ने पीड़िता को मारा पीटा और उसका मोबाइल तोड़ दिया। कुछ महीने पूर्व पीड़िता ने इस बात की शिकायत गोला कोतवाली में लिखित तहरीर देकर की थी।

लेकिन पीड़िता का दूसरे पक्ष से समझौता करा दिया गया तब से विपक्षी लगातार पीड़िता को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने पुनः 2 जून को गोला कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

**वर्जन**

तहरीर प्राप्त नहीं हुई है जानकारी में मामला यह आया है कि युवती दिल्ली की रहने वाली है। ये दोनों दिल्ली मे लिव इन में रहते थे। हमारे यहां से कोई मतलब नहीं है दिल्ली से जुड़ा विषय है।

**इंद्रजीत सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गोला गोकर्णनाथ खीरी**

# अनियंत्रित कार दुर्घटनाग्रस्त मौके पर पांच लोग घायल

**रामनगर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

- घायलों को सीएचसी पहुंचाने में हल्का सिपाही ब्रजेश कुमार व संजय कुमार का सराहनीय रहा योगदान

तेज रफ्तार अनियंत्रित कार के दुर्घटना ग्रस्त हो जाने से उसमें सवार पांच लोग घायल हो गये।सूचना पाकर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से घायलों को सी एच सी रामनगर पहुंचाया गया।वहां मौके पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद अधिक चोट खायें तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार भिनगा से लखनऊ अपनी बुआ के घर खालिद अब्दुल सलाम जीशान निक्की और जमीर जा रहे थे।तेज रफ्तार ई वान कार जब नेशनल हाईवे 28 सी पर स्थित अशोक पुर चाचूसराय के पास पहुंचे तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पास लगे नल को तोड़कर नहरिया को पार कर खंभे से जाकर टकरा गयी। जिसमें अब्दुल सलाम और चालक जमीर तथा जीशान के गंभीर रुप से घायल हो जाने के चलते चिकित्सक स्वप्निल सिंह ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

शेष दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। घायलों को उठाकर समय से सी एच सी पहुंचाये जाने में हल्का सिपाही ब्रजेश कुमार एम टी अजय कुमार और पायलेट संजय कुमार का सराय नीय कार्य किया।

# परिवार परामर्श केंद्र की काउंसिलिंग में दो दम्पत्ति एक-साथ रहने को हुए राजी

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र के अथक प्रयास से पारिवारिक/ वैचारिक मतभेद भुलाकर 02 दम्पति एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए। महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा पारिवारिक/ वैचारिक मतभेदों से उत्पन्न विवादों सम्बन्धी प्राप्त प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनकी काउंसलिंग की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप आज दिनांक दो जून को हेल्प डेस्क व शिकायत प्रकोष्ठ से प्राप्त 04 प्रकरण में दोनों दम्पतियों को बुलाकर सुना




गया जिसमें 02 प्रकरण में दम्पति द्वारा वैचारिक मतभेदों को भुलाकर आपसी सहमति से एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए।

महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा दम्पति को पुरानी बातों को भुलाकर अग्रिम जीवन की नये तरीके से शुरूआत करने की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि दोनों परस्पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देते हुए एक दूसरे का भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा समझौते के पुनरावलोक हेतु दम्पति को 15 दिवस बाद पुनः बुलाया गया है, जिससे समझौता दम्पति के लिए उपयुक्त एवं प्रभावी रहे।

# बिजली का पोल टूटकर शिक्षक पर गिरा, मौत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

श्रीकोटवाधाम विद्यापीठ इण्टर कॉलेज के शिक्षक सर्बजीत सिंह जो कि कल शाम को सरांय रज्जन में बिजली का खम्भा टूट कर सर पर गिरने से गम्भीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर उपचार के लिए ले जाया गया था जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया था जंहा इलाज के दौरान बीती रात सर्बजीत सिंह की मृत्यु हो गई है।

बताते चलें कि मनकापुर गोन्डा के रहने वाले सर्बजीत सिंह श्रीकोटवाधाम विद्यापीठ इण्टर कॉलेज कोटवाधाम में शिक्षक थे।



विद्यालय की प्रवन्धक का फार्म हाउस सरांय रज्जन में है जंहा कल शाम को शिक्षक सर्बजीत सिंह बिजली की लाइन सही करवाने गये थे जहां पर विद्युत पोल टूटकर सर्बजीत सिंह के सर पर गिर पड़ा आनन फानन उन्हें उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर ले जाया गया जहां मौजूद डाक्टरों ने शिक्षक सिंह का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

- एसडीएम ने श्रीकोटवाधाम विद्यापीठ इण्टर कॉलेज कोटवाधाम पंहुच कर घटना की ली जानकारी

जंहा उपचार के दौरान बीती रात मौत हो गई। सर्बजीत सिंह की मृत्यु की सूचना पर विद्यापीठ इंण्टर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य शेषनरायन तिवारी, राकेश कुमार विश्वकर्मा बाबूलाल आर के सिंह रमेश कुमार सिंह, अंकुर सिंह आदि ने गहरा दुःख व्यक्त किया। एसडीएम सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी श्रीकोटवाधाम विद्यापीठ इण्टर कॉलेज कोटवाधाम पंहुच कर घटना के बाबत जानकारी प्राप्त किया।

# सेठ घाट नदी में नहाने गए दो युवक डूबे, मौत

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सेठ घाट नदी में नहाने गए दो युवकों की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। बताते चले कि नदी में नहाने गए दो युवक नदी में डूब रहे थे उसी समय उधर से निकल रहे तीन युवकों ने जब उनको डूबते देखा तो तीनों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए नदी में कूद कर दोनो को निकाल तो लिया मगर दोनो की हालत नाजुक बनी हुई थीं। जब इसकी खबर मोहल्ले में फैली तो उन लड़कों को देखने के लिए लोगों का ताता लग गया। देखते देखते हजारों लोग इकट्ठा हो गए। जब इस बात की जानकारी लड़कों के परिजनों को हुई तो वे भी मौके पर पहुंचे। एक युवक दुर्बल आश्रम के निकट संतोष कुमार का पुत्र बताया जा रहा है और दूसरा भुर्जियाना मोहल्ले प्रदीप गौतम का पुत्र बताया जा रहा हैं। दोनो युवकों की उम्र लगभग 12, वर्ष और 14 वर्ष बताई जा रही है। परिजन अपने अपने लड़कों को अस्पताल ले कर गए जहां डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी पाकर परिजनों में चीख पुकार मच गई।

# हॉकी खेल गांव-गांव पहुंचाना भारतीयों का कर्तव्यः तनुज पुनिया

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

हमारा राष्ट्रीय खेल हॉकी है और इसे गांव-गांव तक पहुंचाना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य होना चाहिए। निश्चित रूप में संसाधनों का अभाव है और खेल मैदान की कमी है। काम करने के लिए कोई बहाना नहीं होता है और काम नहीं करने के लिए अनेक बहाने होते हैं।

आज सीमित जगह में भी हॉकी खेला और सीखा जा सकता है। मौका मिलने पर किसी भी प्लेटफार्म पर जाकर खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। बाराबंकी के खिलाड़ियो ने यह साबित करके भी दिखाया है। यह बात रविवार को नगर पंचायत बंकी स्थित खेल मैदान में गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा महात्मा गांधी स्पोर्टस क्लब के अन्तर्गत संचालित निःशुल्क हॉकी समर कैंप में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उ.प्र. कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तनुज पुनिया ने कही। इस दौरान उन्होंने हॉकी स्टिक लेकर ड्रिब्लिंग करके खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बताते चलें कि महात्मा गांधी स्पोर्टस क्लब विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 दिवसीय हॉकी समर कैंप संचालित कर रहा है। इस हॉकी समर कैंप में 8 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों को हॉकी का प्रशिक्षण दिया जाता है। बीती 19 मई से शुरू हुए हॉकी समर कैंप में करीब 50 पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने रविवार को खूब पसीना



खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

बहाया। यह प्रशिक्षण कैंप 30 जून तक चलेगा। इसमें बच्चों को सुबह 5 बजे से 7 बजे तक हॉकी के गुर सिखाए जाते हैं।

इस कैंप में नौनिहाल खिलाड़ियों को अनुशासन व खेल भावना का अभ्यास कराया जाता है। वहीं क्लब की ओर से बच्चों को डाइट के तौर पर निःशुल्क खाद्य सामग्री भी जाती है। जिसमें दूध, चना, मट्ठा, केला, जलेबी आदि कई पौष्टिक खाद्य सामग्री शामिल है। रविवार को समर कैंप में वरिष्ठ राष्ट्रीय खिलाड़ी सलाहउद्दीन किदवई ने बच्चों को हाकी की बारीकियां बताई। कहा कि खिलाड़ी मेहनत से खेल को निखार सकता है। इस दौरान हाकी के पुरोधा मेजर ध्यानचन्द और के.डी सिंह बाबू के बारे में बताया बया। वहीं राष्ट्रीय खिलाड़ी मुजीब अहमद कैंप में लगातार बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। मुजीब अहमद पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी है और प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को हॉकी का गुर सिखा रहे हैं। कैंप में बच्चों को हॉकी के प्रारंभिक गुर और स्टंट भी सिखाए गए। इस मौके पर मुख्य कोच सलाहउद्दीन किदवई ने बच्चों को हॉकी का अच्छा खिलाड़ी बनने के लिए फ्लिक, स्कूप, ड्राइव, जैब, ड्रिब्लिंग, गेंद रोकना, शूटिंग, पासिंग और बॉल को कंटोल करना सिखाया। उन्होंने बच्चों की क्षमता बढ़ाने के लिए तकनीकी टेक्निंग दी। इस मौके पर प्रमुख रूप से क्लब के संरक्षक राजनाथ शर्मा, समाजसेवी सतीश जायवाल, सभासद मनीष गौतम, समाजसेवी विजय पाला गौतम, सीनियर हॉकी खिलाड़ी विजय अवस्थी, निसार अहमद, अयाज़ अंसारी, राम आशीष वर्मा, मो अहमद सईद किदवई, अखलाद अयाज़ अंसारी, मो अरसलान, महेंद्र रावत, मो समद, महफूज अयाज़ अंसारी, मो एतिशाम, मो शहजान, तौसीफ अहमद, सचिन कुमार, अफ्फान अंसारी, रहमत अली, मो ताहा आदि लोग उपस्थित रहे।

## पागल बन्दर ने मचाया आतंक

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** टोल प्लाजा के निकट पिछले 3 दिनों से एक पागल बन्दर का आतंक कायम है। अब तक कई लोगों को काटकर घायल कर चुका है। बारा टोल प्लाजा एन एच 731 पर शाहपुर मोड़ के निकट आतंक का पर्याय बना यह बन्दर अब तक अमिलहरा ग्राम निवासी सुरेश शर्मा के पुत्र, दुलारे के दो पुत्रों के अलावा ट्रक ड्राइवर पर हमला कर घायल कर चुका है।

**रोगन अल्सरीन**

**शरीर में कहीं भी जलन हो, रक्त स्राव हो रहा हो स्तन के फोड़े में घाव हो गया हो, पुराना सिर दर्द हो, बवासीर हो।**

**मुंह के छाले से लेकर आँत और आमाशय के व्रण तक इसे जल में मिलाकर पीते रहना चाहिए।**


**सौजन्य से-वैद्य सम्राट स्वर्ण पदक प्राप्त**

**बाबू गोपाल शरण गर्ग जी**

**विजयगढ़, अलीगढ़ (उ. प्र.)**

**सही दवा मिलने का पता- 9120747293**

**अन्सारी औषधि भण्डार जरवल रोड, बहराइच (उ.प्र.)**



# एग्जिट पोल का आधार ईवीएम नहीं डीएम

**सपा प्रमुख ने एग्जिट पोल के आंकड़ों पर उठाए सवाल**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** एग्जिट पोल आंकड़े को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने सर्वे को लेकर जमकर निशाना साधा है। प्रशासनिक अधिकारियों पर भी सवाल उठाए हैं। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एप्स पर पोस्ट करते हुए लिखा एग्जिट पोल का आधार ईवीएम नहीं डीएम है। प्रशासन याद रखें जनशक्ति से बड़ा बाल कोई नहीं होता है।

अखिलेश यादव ने अपनी लंबी चौड़ी पोस्ट में एग्जिट पोल की क्रोनोलॉजी समझाई।उन्होंने कहा कि विपक्ष ने पहले ही घोषित कर दिया था कि भाजपाई मीडिया भाजपा को 300 पार दिखाएगा, जिससे घपला करने की गुंजाइश बन सके। घ्आज का भाजपाई एक्जिट पोल कई महीने पहले ही तैयार कर लिया गया था बस चौनलों ने चलाया आज है। घ्इस एक्जिट पोल के माध्यम से जनमत को धोखा दिया जा रहा है। एक्जिट पोल को आधार बनाकर भाजपाई सोमवार को खुलनेवाले शेयर बाजार से जाते-जाते लाभ उठाना चाहते हैं। घ्ये एक्जिट पोल झूठे न होते और सच में भाजपा हार न रही होती तो भाजपावाले अपनों पर ही इल्जाम न लगाते। घ्भाजपाइयों के मुरझाए चेहरे सच्चाई बयान कर रहे हैं। घ्भाजपाई समझ रहे हैं कि पूरे देश का परिणाम चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव की तरह बदला नहीं जा सकता है क्योंकि विपक्ष सजग है और जनाक्रोश भी है। घ्भाजपा से मिले हुए भ्रष्ट अधिकारी सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता देख धांधली की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। वो जनता के क्रोध का भी शिकार नहीं होना चाहते हैं। इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और प्रत्याशी ईवीएम की निगरानी में चूक न करें। इंडिया गठबंधन जीत रहा है।

## यूपी टेनपिन बॉलिंग स्टेट रैंकिंग टूर्नामेंट-2024 का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन (यूपीटीबीए) द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग स्टेट रैंकिंग टूर्नामेंट 2024 में नोएडा के देवांश भटनागर ने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी जीत ली। लखनऊ के लुलु मॉल में प्रतिष्ठित बॉलिंग एली में गत आयोजित टूर्नामेंट में देवांश भटनागर उम्दा खेल कौशल दिखाते हुए तीन राउंड के स्टेप लैडर फार्मेट में सर्वाधिक 2086 पिनफॉल स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहे। दूसरी ओर मात्र 11 अंक से पिछड़े मुरादाबाद के उत्कर्ष सिन्हा 2075 पिनफॉल स्कोर के साथ उपविजेता रहे।

# सीएम योगी ने रिमझिम बारिश के बीच की गोसेवा

**सीएम योगी ने बच्चों को दिया आशीर्वाद दिया चॉकलेट**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमेशा की तरह रविवार सुबह गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने गोसेवा की और बच्चों को प्यार और दुलार किया। यहां पर आज सुबह से ही रिमझिम बारिश हो रही है।

गोवंश तथा बच्चों के बीच सीएम योगी की आत्मीयता का वातावरण और आनंदित करने वाला रहा। बता दें कि कल यानी 1 जून को लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण के लिए मतदान समाप्त हो चुके है। इसके बाद यहां कई राजनेता चुनावी गणित समझने में उलझे रहे, वहीं, सीएम योगी आदित्यनाथ हमेशा की तरह गोरखपुर मंदिर पहुंचे और उन्होंने शिव आवतार गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन कर उन्होंने लोकमंगल की कामना की। फिर अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर जाकर मत्था टेका और उनका आशीर्वाद लिया। गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन करने के बाद सीएम योगी मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। वहीं, भ्रमण करते हुए परिसर में उनकी नजर श्रद्धालुओं के साथ आए उनके बच्चों पर पड़ गई। मुस्कुराते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को अपने पास बुला लिया, सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार और आशीर्वाद देने लगे। उन्होंने बच्चों से उनका नाम, उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा, खूब हंसी ठिठोली की और सभी को चॉकलेट देकर विदा किया। बारिश की फुहारों के बीच सीएम का सानिध्य पाकर ये बच्चे काफी प्रफुल्लित नजर आ रहे थे। इसके साथ ही सीएम योगी ने गोसेवा की। उन्होंने गोवंश की चंचलता देख उनके माथे पर हाथ फेरा और प्यार किया।

## खबरें एक नजर में

### इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलम्पियाड में ध्रुव ने जीता गोल्ड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा–5 के मेधावी छात्र ध्रुव दीक्षित ने इण्टरनेशनल सोशल स्टडीज ओलम्पियाड में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता साइंस ओलम्पियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन–सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान–विज्ञान का प्रदर्शन किया, जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस मेधावी छात्र ने समसामयिक विषयों, देश–दुनिया की नवीनतम जानकारियां, तार्किक क्षमता एवं मेधात्व का शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित किया। ओलम्पियाड के आयोजकों ने ध्रुव की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्र को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है।

### बादल छाने और बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के मलिहाबाद में रविवार सुबह तेज हवाएं चलीं और बूंदाबांदी भी हुई। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। कई जगहों पर आंधी चलने की वजह से आम के फल भी गिरे हैं। लेकिन लोगों का कहना है कि बारिश होने से कुछ तो राहत मिली है। पिछले काफी दिनों से लोग भीषण गर्मी और गर्म हवाओं का सामना कर रहे थे। गर्मी से हर कोई बेहाल हो रहा था। ऐसे में रविवार जब अचानक मौसम बदला और आसमान में तेज धूप की जगह बादल दिखे तो सभी को राहत मिल गई। सोशल मीडिया पर भी लोग मौसम को लेकर बातें करने लगे। बता दें कि, पिछले काफी दिनों से लोगों को इस मौसम का इंतजार था। मौसम बदलने से आम बागवानों को भी काफ़ी खुशी है। इन दिनों आम की फ़सल लगभग तैयार हो चुकी है। आम के किसान बारिश का इंतजार कर रहे थे। मौसम ऐसा ही बना रहा तो आम की फसल अच्छी होगी।

### मोबाइल फोन में हुआ ब्लास्ट, कोई जनहानि नहीं हुई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज में बात करते समय अचानक मोबाइल फट गया। गनीमत रही की युवक को एहसास होने पर उसने मोबाइल को दूर फेंक दिया। जिसके बाद उसमें ब्लास्ट हो गया। इस मामले में कोई जनहानि नहीं हुई हैं। सिसेंडी गांव निवासी सत्यम दीक्षित (28) ने बताया, वह फ्लिपकार्ट कंपनी में काम करते है। रविवार सुबह करीब 10 बजे अपने मित्र से मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी दौरान मोबाइल हीट होने लगा और अचानक धुआं निकलने लगा। मोबाइल ज्यादा हीट हो जाने पर उसने फ़ोन को कुछ दूर पर फेंक दिया, इसी दौरान तेज आवाज के साथ मोबाइल में धमाका हो गया। युवक ने बताया, मोबाइल फोन वीवो कंपनी का वी9 मॉडल का है। इस संबंध में अभी कोई कानूनी कार्रवाई की मांग नहीं की गई है।

### राजधानी में तेज धूप और उमस भरी गर्मी, सुबह हुई थी बूंदाबांदी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में रविवार को दोपहर बाद तेज धूप और गर्मी सताने लगी। दिन में 2 बजे अधिकतम तापमान 41 डिग्री पार कर गया। लेकिन 3 बजे के बाद टेम्प्रेचर में फ़िर गिरावट आई और पारा 40 डिग्री दर्ज किया गया। सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई। जबकि सुबह आसमान में बादल छाने और हल्की बूंदाबांदी के बाद मौसम सुहावना था। सुबह तापमान में कमी से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद थी। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया था कि पूर्वी हवा चलने से तापमान में गिरावट आई है। लेकिन कुछ घंटे बाद गर्मी ने अपना असर फिर से दिखाया।

### चिनहट के बीबीएम मार्ट सीटडेल अपार्टमेंट में चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के चिनहट एरिया में चोरी का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसके बाद अपार्टमेंट के लोगों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना लखनऊ के चिनहट एरिया सतरिख रोड स्थित बीबीएम मार्ट सीटडेल अपार्टमेंट का है। चोरी की यह घटना अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। इसमें चोर का चेहरा साफ दिखाई दे रहा है। पुलिस इस फुटेज की मदद से चोरों को पहचानने और उन्हें ढूंढ़ने की कोशिश कर रही है। वहीं अपार्टमेंट में रहने वालों ने सिक्योरिटी गार्ड पर आरोप लगाया है। बीबीएम मार्ट सीटडेल अपार्टमेंट के निवासियों ने बताया, घ्सुरक्षा गार्ड की मिलीभगत से बाहरी लोग अपार्टमेंट में आते हैं। कुछ दिन पहले ही गार्ड के भतीजे ने भी कुछ लोगों के साथ गलत हरकतें की थीं। इससे सुरक्षा को लेकर लोगों ने सवाल उठाए हैं। चिनहट थाना प्रभारी अश्विनी चतुर्वेदी ने बताया, सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चोर की पहचान की जा रही है। हम टीम बनाकर मामले की जांच कर रहे हैं। साथ ही स्थानीय लोगों के आरोप पर सुरक्षा गार्ड से भी पूछताछ की जाएगी।

### पर्यावरण की सुरक्षा हमारा धार्मिक फरीजा : मौलाना खालिद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पर्यावरण की सुरक्षा हमारा धार्मिक फ़रीज़ा है। इस लिये हमसब को चाहिये कि अपने माहौल को अच्छा रखें। इस भयानक गर्मी से छुटकारा पर्यावरण की सुरक्षा के ज़रिये ही सम्भव है। इस बारे में कुरआन व हदीस में जो हिदायतें हैं उन पर आज अमल करने का समय आ गया है। ये बातें मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर ऑफ इण्डिया ने कहीं। उन्होंने बताया कि लखनऊ के मोहम्मद तारिक़ खान ने दारूल इफ्ता फरंगी महल से पर्यावरण सुरक्षा के बारे में फतवा मांगा। ये फतवा निम्नलिखित है। ज्ञात हो कि दारूल इफ्ता फरंगी महल से दहशतगर्दी के खिलाफ़, गर्भ में बच्चियों के गर्भपात और महिलाओं की शिक्षा की अहमियत जैसे विषयों पर फ़तवे दिये जा चुके हैं। इस फतवे पर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीक़ी, मौलाना मुहम्मद मुस्तक़ीम और मौलाना मुहम्मद नसरूल्लाह के हस्ताक्षर है।

### पूर्व पार्षद के घर जाकर सीएम योगी ने जाना हाल


**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पूर्व पार्षद रामभुआल कुशवाहा के घर जाकर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने कुशवाहा के शीघ्र पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना की। चिड़ियाघर का निरीक्षण करने के बाद सीएम योगी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रामभुआल कुशवाहा के आवास पर गए। कुशवाहा को पिछले माह ब्रेन स्टोक हुआ था। उनका इलाज लखनऊ में हुआ था। मुख्यमंत्री ने उनसे मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। पूर्ण आरोग्यता के लिए उन्हें चिकित्सकीय परामर्श में बने रहने का सुझाव दिया। सीएम ने रामभुआल कुशवाहा के पुत्र का भी कुशलक्षेम पूछा। इस दौरान महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव व गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह भी मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय नवाचार संगोष्ठी व वार्षिक अधिवेशन आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ0 प्र0 का राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी एवं वार्षिक अधिवेशन शनिवार को अम्बर होटल में सम्पन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन मनोज कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण करते हुए वैज लगा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में शैक्षिक नवाचारों, राज्य स्तरीय विषयगत शैक्षिक नवाचार कार्यशालाओं के आयोजन, शैक्षिक नवाचार संकलन, शैक्षिक भ्रमण, शैक्षिक नवाचार कार्यक्रम तथा एसोसिएशन की मजबूती हेतु प्रयास,कार्य योजना आदि विन्दुओं पर चर्चा की गयी। शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक पवन सचान ने विभागीय शैक्षिक नवाचार योजनाएं , शैक्षिक नवाचारों के संकलन करने आदि विन्दुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मैंने आज देखा कि कोई एसोसिएशन ऐसा भी है जो अपनी मांगों को नहीं बल्कि शैक्षिक नवाचारों व बच्चों के शिक्षण हित के लिए कार्य कर रहा है। अवकाश के समय इतनी संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति दर्शाती है कि आप सब शिक्षा व एसोसिएशन के प्रति समर्पित हैं।

**यूपी में भीषण गर्मी से लोग परेशान, विभाग ने जनता से की अपील**

# ओवरलोड का दंश झेल रहा बिजली विभाग



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश बिजली विभाग ने अत्यधिक गर्मी के कारण विद्युत डिस्ट्रीब्यूशन प्रणाली ओवरलोड के चलते उपभोक्ताओं से बड़ी अपील की है। विद्युत विभाग ने निर्देश जारी कर कहा कि भीषण गर्मी के वजह से प्रदेश में बिजली की खपत बढ़ गई है। ऐसे में कभी कभी सिस्टम ओवर लोड पर ट्रिप हो रही है।

विद्युत विभाग के लाइन कर्मचारी एवं इंजीनियर रात दिन काम कर रहें हैं तथा आप उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति देने का प्रयास कर रहे हैं। 50 डिग्री सेल्सियस टेंपरेचर में भी लोहे के पोल पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहे हैं। आप सभी से अनुरोध है कि इस क्रिटिकल समय में हमारा सहयोग करें। फॉल्ट होने पर अथवा रोस्टरिंग होने पर थोड़ा धैर्य रखें। आवश्यक होने पर 1912 अथवा विद्युत उपकेन्द्र पर जानकारी लेने हेतु फोन करें। लाइन स्टाफ को फोन करने से बचें, जिससे वह जल्दी फाल्ट ठीक कर आपूर्ति बहाल कर सके तथा सुरक्षित भी रहे। हम सभी आप ही के परिवार के हैं। ओवरलोडिंग कम करने में हमारी मदद करें अपने घर के सभी विद्युत उपकरण एक साथ न चलाएं। सबमर्सिबल पंप, वाशिंग मशीन,प्रेस इत्यादि उपकरण का प्रयोग सुबह 6 से 9 बजे के बीच करें। एसी की टेंप्रेचर सेटिंग 24 डिग्री रखें तथा टाइमर को भी सेट करें। एनर्जी एफिशिएंट विद्युत उपकरणों का प्रयोग करें। विद्युत वायरिंग ठीक रखें एवं अर्थिंग की जांच कर ठीक करा लें। मात्र सजावट, दिखावे के लिए विद्युत की फिजूलखर्ची न करें। जब तक विद्युत प्रणाली ओवरलोड चल रही है यथा संभव परिवार के सदस्य आवास के कम से कम कमरों का प्रयोग करें, जिससे चालू एसी की संख्या कम रहे। विद्युत की चोरी न करें और यदि आस पड़ोस में कोई विद्युत चोरी कर रहा है,तो इसकी सूचना विद्युत विभाग को दे।

### बिजली समस्याओं के निदान के लिए डायल करें 1912

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी में विद्युत समस्याओं के निदान के लिए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन (यूपीपीसीएल) टोल फ्री नंबर 1912 को और प्रभावी और क्रियाशील बनाने पर ध्यान दे रहा है। इसी क्रम में यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने अधिकारियों को 1912 पर प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ये भी निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ता जब भी 1912 पर कॉल करें तो टोल फ्री नंबर हर हाल में उठना चाहिए और उनकी समस्याओं का निदान किया जाना चाहिए। अप्रैल 2017 में इस टोल फ्री नंबर की शुरुआत की गई थी। प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद उपभोक्ताओं की बिजली समस्याओं के निदान के लिए सरकार ने इसे वन स्टॉप सॉल्यूशन की तर्ज पर विकसित करने पर जोर दिया है। सरकार के प्रयासों के चलते इस टोल फ्री नंबर के माध्यम से बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है।

### उपभोक्ताओं की समस्याओं को हल करने में तत्परता से करें कार्य

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने आधिकारियों को निर्देशित किया है कि 1912 टोल फ्री नंबर को और प्रभावी एवं क्रियाशील बनाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि टोल फ्री नंबर शीघ्र उठे और उपभोक्ता की समस्या हल होने तक उसके संपर्क में रहे। अध्यक्ष ने कहा है कि इस भयंकर गर्मी में जब पारा 50 के आसपास पहुंच गया है तब प्रदेश में टोल फ्री नंबर 1912 का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। उपभोक्ता अपनी समस्या इस टोल फ्री नंबर पर करते हैं, इसलिये इसमें कार्य करने वाले कार्मिक उपभोक्ताओं की समस्याओं को हल कराने में पूरी तत्परता से कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे 1912 से संपर्क में रहें और प्राप्त सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित कराएं।

# बिना वोटरों के बीच गए एजेंसियां हवा में दे रहीं सर्वे : प्रमोद तिवारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि ताजा लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री का आत्मविश्वास पूरी तरह से डगमगा गया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने चुनाव की शुरूआत में पहले चार सौ पार का नारा दिया, अब वह सौ दिन की कार्य योजना का राग अलापकर अपने खोए हुए आत्मविश्वास का ही प्रदर्शन कर रहे हैं।

पीएम के कन्याकुमारी में ध्यान को लेकर तंज कसते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि कैमरों की चकाचौंध में पीएम का ध्यान आखिरी चरण के मतदान को प्रभावित करने का नाटक ही रहा। उन्होंने कहा कि ध्यान व तपस्या तो मन से हुआ करती है। उन्होंने पीएम के ध्यान पर तगड़े कटाक्ष में सवाल दागा कि प्रधानमंत्री जी ध्यान और तपस्या तो दुनिया भर की हर बातों से दूर होकर की जाया करती है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि प्रधानमंत्री का ध्यान तो बड़े बड़े कैमरों की बड़ी चकाचौंध में देश के सामने आया। उन्होंने कहा कि असलियत यह है कि पीएम ने आखिरी चरण के मतदान को प्रभावित करने के लिए अपना आखिरी असफल प्रयास किया है। उन्होंने सर्वे के अनुमान को लेकर यह सवाल उठाया है कि आखिर यह एजेन्सियां बतायें कि वह गांवों में तो मतदाताओं के बीच पहुंच ही नहीं सकीं तब उनके सर्वे का आधार क्या हो सकता है। बिना वोटरों के बीच गये एजेंसिंया हवा में दे रही है आधारहीन सर्वे रिपोर्ट। प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह सर्वे गांव के मतदाताओं से कोसो दूर हैं।

वहीं उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पांच राज्यों में स्टार प्रचारक के रूप में जनता के बीच तथा इण्डिया गठबंधन के विभिन्न दलों के नेताओं से बातचीत के जरिये उन्हें जो रूझान मिला है, उससे यह पूरी तरह स्पष्ट है कि इण्डिया गठबंधन को दो सौ पन्चानबे से साढ़े तीन सौ सीट पर जोरदार जीत मिलेगी। गठबंधन के पीएम के चेहरे को लेकर भी विपक्ष के उपनेता तिवारी ने स्पष्ट किया है कि देश के चुनाव में सबसे बड़े स्टार प्रचारक राहुल गांधी रहे और जनता के बीच राहुल गांधी की गठबंधन के नेताओं में सबसे बड़ी मांग दिखी। उन्होंने कहा कि इण्डिया गठबंधन की केन्द्र में सरकार बनेगी।

# गर्मी में कोई रिस्क नहीं लेना चाहता जिला प्रशासन : सूर्यपाल गंगवार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** देश में लोकसभा का चुनाव खत्म हो चुका है, 4 जून को मतगणना होगी। मतगणना को लेकर के जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गए हैं।लखनऊ में मतगणना स्थल पर विशेष तैयारी हैं। लखनऊ के जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सूर्यपाल गंगवार ने लखनऊ के मतगणना केंद्र रमाबाई स्थल का निरीक्षण करते हुए वहां पर चिकित्सा कैंप, मीडिया सेंटर और कंट्रोल रूम की व्यवस्था का जायजा लेते हुए दिशा निर्देश दिए।

प्रचंड गर्मी और हीट वेव को देखते हुए पहली बार मतगणना कक्ष कमें पंखे, कूलर के अलावा एसी भी लगवाए जा रहे हैं। लखनऊ में तीन केवीए के अलग-अलग ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। लखनऊ में मतगणना के 10 रूम पूरी तरह से गर्मी से बचने के लिए एसी युक्त रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शहर के तापमान को देखते हुए यह कदम उठाया है। लखनऊ में दोपहर में यहां गर्मी के कारण लोग सिर्फ बहुत जरूरत होने पर निकल रहे है।ऐसे में कई घंटे तक मतगणना स्थल में ड्यूटी करने वाले लोगों के लिए ये समय एक चुनौती जैसा है और वहां किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना हाल में एसी लगाने के निर्देश दिए है। डीएम के निर्देश पर हर एक मतगणना हाल में दो-दो एयर कंडीशनर लगाए गए हैं।

परिसर की सुरक्षा का जिम्मा सीआईएसएफ को दिया गया है और पूरे परिसर में सीसीटीवी लगाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सीसीटीवी से पूरे मतगणना स्थल की मॉनिटरिंग की जाएगी। इससे राजनीतिक दल के प्रत्याशी भी स्ट्रांग रूम और परिसर की निगरानी कर सकते हैं। वहीं मतगणना वाले दिन आपात स्थिति से निपटने के लिए परिसर में चिकित्सा कैंप, एंबुलेंस और अग्निशमन गाड़ी की व्यवस्था की जा रही है। मीडिया सेंटर और कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

## चोरी करते समय सो गया चोर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में चोरी का अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। चोरी करने पहुंचे चोर ने पूरे घर को खंगाल डाला और टुल्लू पंप तक खोल दिए लेकिन जब वह बैटरी निकालने लगा, तभी ज्यादा नशे की वजह से वहीं सो गया। सुबह जब उसकी आंख खुली तो पुलिस सामने थी। मामला गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर सेक्टर-20 का है। लखनऊ के इंदिरा नगर सेक्टर-20 में डॉ. सुनील पांडे का आवास है। वे बलरामपुर अस्पताल में काम कर चुके हैं। मौजूदा समय में वे वाराणसी में तैनात है। पड़ोसियों ने बताया कि सुबह जब उनकी नींद खुली तो पड़ोसी डॉ. सुनील पांडेय के घर का दरवाजा खुला दिखाई दिया। पड़ोसियों को शक हो गया तो उन्होंने टें। पदाधिकारियों को बुलाया। इसके बाद कुछ लोग जब अंदर पहुंचे, तो देखा कि घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त है। आलमारियां टूटी हुई हैं। नगदी-कैश सब कुछ निकाल लिया गया है। चोर ने वॉश बेसिन, गैस सिलेंडर और टुल्लू पंप तक निकाल लिया था। लोग कुछ और आगे बढ़े तो देखा कि एक व्यक्ति नशे में धुत वहीं सो रहा है।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर से नौ लाख की ठगी

**साइबर जालसाजों ने 30 घंटे रखा डिजिटल अरेस्ट**

समृद्धि न्यूज



**साइबर जलसाजों ने पैसा ट्रांसफर कराने के बाद दी फ्रॉड की जानकारी, पीड़ित ने पुलिस स्टेशन जाकर दर्ज कराई शिकायत पुलिस मामले की कर रही है जांच**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विकास नगर इलाके में साइबर जालसाजों ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर से लगभग 9 लाख की ठगी कर ली। ठगों ने इंजीनियर को साइबर क्राइम का ऑफिसर बनकर कॉल किया। इसके बाद उनको करीब 30 घंटे के लिए डिजिटल अरेस्ट कर लिया। इस दौरान उसको बैंक भेज कर रुपए ट्रांसफर करवाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर-8, विकास नगर के रहने वाले अश्वनी वर्मा कैप जेमिनी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वर्क फ्रॉम होम कर रहे हैं। 16 मई को सुबह करीब 11 बजे उनके पास आदित्य नाम के व्यक्ति की कॉल आई। जिसने खुद को कस्टम डिपार्टमेंट का कर्मचारी बताया। बोला, आपके आधार कार्ड पर फेडेक्स कंपनी के पार्सल में ड्रग्स पाया गया है। जिसकी जांच की जा रही है। इसके बाद कॉल दूसरे व्यक्ति पर ट्रांसफर कर दी। कॉल रिसीव करने वाले ने खुद को साइबर क्राइम का ऑफिसर राजेश प्रधान बताया। इसके बाद उनसे बोला, इस आधार पर बहुत सारे बैंक अकाउंट लिंक है। जिससे मनी लॉन्ड्रिंग की जाती है। डराते धमकाते हुए जालसाज ने बोला कि मुंबई आओ 28 दिन की रिमांड पर लेंगे। अश्विनी जब बहुत बुरी तरह घबरा गए तब उनसे स्काइप एप्लीकेशन डाउनलोड कराई। एक आईडी से जोड़कर बयान रिकॉर्ड कराने की बात कही।

पीड़ित ने बताया, जालसाज ने बैंक की पूरी डिटेल लेकर पैसा ट्रांसफर करने को कहा। साथ ही कहा, जांच के बाद पैसा वापस हो जाएगा। अश्वनी ने बताया, जब पैसा ट्रांसफर करने बैंक गया। तब तक साढ़े 3 बज चुके थे। इस वजह से बैंक ने पैसा ट्रांसफर करने से मना कर दिया। पीड़ित ने बताया, 17 मई को सुबह 9.00 बजे ही फ़िर से जालसाजों ने बैंक जाने के लिए कहा।

अश्विनी ने बैंक जाकर 9 लाख 23 हजार 800 ट्रांसफर कर दिए। साइबर जलसाजों ने पूरे 30 घंटे अश्वनी को डिजिटली अरेस्ट रखा। अश्विनी घर में अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। इतना डर गए कि उनसे भी कुछ नहीं बताए। पीड़ित ने बताया, अगर वो हल्का सा हटते तो जालसाज घर पर पुलिस भेजने की धमकी देकर वापस बैठा लेते। अश्वनी ने बताया, साइबर जलसाजों ने पैसा ट्रांसफर कराने के बाद बताया कि तुम्हारे साथ फ्रॉड हो गया है। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ईदगाह में नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** खुदा पाक के बन्दों की सेवा करना बहुत बड़ी इबादत है। परेशान हालों, जरूरतमन्दों, गरीबों और बेसहारा लोगों की सहायता करना और खुदा पाक के तमाम बन्दों से मुहब्बत करना इस्लाम की रौशन शिक्षा है जिनका उदाहरण रसूल पाक सल्ल0 की सीरत पाक और सहाबाक्राम के हालात व जीवनी में अधिकता से मिलते हैं। इन रौशन शिक्षा पर अमल करना और उनको अपनी जिन्दगियों में उतारना सवाब का कार्य है। खुश नसीब हैं वह लोग जो खुदा के बन्दों के काम आते हैं। इन ख्यालात का इज्हार इमाम ईदगाह लखनऊ व काजी शहर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया फरंगी महल ने किया। वह आज मेदांता अस्पताल लखनऊ व इस्लामिक सेन्टर के सौजन्य से ईदगाह लखनऊ में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प से सम्बोधन कर रहे थे।

**संबोधन** | **उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा**

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति को शत-प्रतिशत लागू कर बनें रोल मॉडल

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ/गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की शैक्षिक व चिकित्सकीय समेत सभी संस्थाओं ने हमेशा अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज और राष्ट्र के हित में अपनी उपयोगिता प्रमाणित की है।

इस उत्कृष्टता को आगे बढ़ाते हुए, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए सभी संस्थाएं परिसर संस्कृति को समृद्ध करने और निरंतर नवाचार पर ध्यान देने की तरफ अग्रसर हों। इस शिक्षा परिषद की संस्थाओं ने सामाजिक सहभाग को भी अपने ध्येय का हिस्सा बनाया है और इसे भविष्य में इसका दायरा और विस्तृत करने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अंगीकार करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। अब जरूरत है कि हमारी संस्थाएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को शत-प्रतिशत अपनाकर अन्य संस्थाओं के लिए रोल मॉडल बनें।

सीएम योगी रविवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय,आरोग्यधाम गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सभी संस्थाओं की वार्षिक समीक्षा और भावी कार्ययोजना को लेकर बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने एक-एक कर सभी संस्थाओं के प्रमुखों से उनकी सालभर की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी ली और आगामी कार्ययोजना को लेकर उनके लक्ष्यों पर अपने सुझाव दिए। संस्थाओं की तरफ से वार्षिक समीक्षा और भावी कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण पावर प्वाइंट (पीपीटी) डिस्प्ले के जरिये किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं की गतिविधियों की सराहना की और भावी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद सिर्फ स्कूल, कॉलेज या अस्पताल खोलने वाली संस्था नहीं है। बल्कि इसका ध्येय शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सेवाओं के माध्यम से समाज और राष्ट्र के सामाजिक विकास में योगदान देना है। इस परिषद की नींव ही इसी भावना के साथ राष्ट्रीयता की भावना का पोषण करने के लिए, राष्ट्र हित में सुयोग्य नागरिक तैयार करने के लिए रखी गई। परिस्थितियां अनुकूल रही हों, या प्रतिकूल, परिषद इस समग्र लक्ष्य से कभी भी विचलित नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं में अनुशासित परिसर संस्कृति को सदैव प्राथमिकता पर रखा है। परिषद की संस्थाओं ने इस मामले में अनुकरणीय प्रयास किया है। परिसर में अनुशासन की भावना के साथ, स्वच्छता, हरियाली और सबका सबके प्रति सद्भाव रहे।

# तहसील गेट के पास लगा इंडिया मार्का हैंडपंप खराब, पानी को तरस रहे लोग

**कर्नलगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**






भीषण गर्मी एवं तेज धूप से पेयजल संकट गहराने लगा है। नगर क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लगे इंडिया मार्का हैण्डपम्प काफी समय से खराब पड़े हैं। जिससे लोगों को पेयजल के लिए संकट बना है,जबकि इंडिया मार्का हैण्डपम्पों के मरम्मत व रिबोर के नाम पर लाखों रूपये का खेल प्रति वर्ष होता चला आ रहा है।

कर्नलगंज तहसील मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय गेट के पास लगा इंडिया मार्का हैण्डपम्प बानगी मात्र है,जो काफी समय से खराब पड़ा है जिसका कोई पुरसाहाल नहीं है। वहीं जिम्मेदार भी जानबूझकर अंजान बने हुए हैं। बताते चलें कि तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत कर्नलगंज नगर सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में अनेकों स्थानों पर लगे हैंडपंपों की हालत बेहद खराब है। तहसील गेट के पास लगा हैंडपंप तहसील आने वाले वादकारियों, अधिवक्ताओं, दुकानदारों सहित तमाम लोगों एवं राहगीरों को पानी पीने का साधन था। जो काफी समय पहले खराब हो गया था। आसपास के लोगों व दुकानदारों की मानें तो इसकी मरम्मत कराने के लिए कई बार जिम्मेदार लोगों से कहा गया लेकिन हैंडपंप बनवाने की दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी। नतीजा इस भीषण गर्मी में लोगों को शीतल पेयजल के लिए भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने अधिकारियों से स्वच्छ ठंडा पेयजल मुहैया कराने हेतु इंडिया मार्का हैण्डपम्प की मरम्मत कराने की गुहार लगाई है।

कर्नलगंज तहसील मुख्यालय परिसर में लाखों रुपए की लागत से लगा आरओ भी कई महीनों से खराब है। इस भीषण गर्मी के महीने में दूर दराज से तहसील मुख्यालय पर आने वाले लोग एक बूंद स्वच्छ शीतल जल के लिए तरस रहे हैं। वहीं तहसील परिसर में लगा हैंडपंप भी बदहाली का शिकार है। ऐसे में गंभीर सवाल यह उठता है कि आखिर इस आर ओ मशीन व इंडिया मार्का हैंडपंपों पर तहसील व विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों की नजर क्यों

नहीं पड़ रही है। इससे साबित हो रहा है कि सरकार की योजनाओं को फेल करने में सरकार के मातहत अधिकारी व कर्मचारी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस बारे में जानकारी करने हेतु उपजिलाधिकारी भारत भार्गव से सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

## धूमधाम से मनाया गया दो रोजा सालाना उर्स, कव्वालों ने लोगों का मोहा मन



**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय कस्बे के अन्तर्गत कर्नलगंज रेलवे स्टेशन के निकट ग्राम सकरौरा के मजरा जानकी पुरवा स्थित बाबा शहीद मर्द फखरुद्दीन शाह र0 अ0 का सालाना उर्स हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जो कि अब्दुल हफीज सिद्दीकी व मोहम्मद जमील की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। जिसमें शुक्रवार की रात्रि नातिया प्रोग्राम व शनिवार की रात्रि गोंडा के कव्वाल रफीक वारसी ने सूफियाना कव्वाली सुनाकर लोगों का खूब मन मोहा। कार्यक्रम का समापन दुनिया मे अमन चैन के लिये दुआ के बाद हुआ। इस मौके पर मेराजुल हक शाह गुड्डू मियां, शानू मियाँ, ग्राम प्रधान पराग दत्त गुप्ता, अब्दुल मजीद, हाजी जुबेर रूमी, अब्दुल्ला सलमानी, मुमताज अहमद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर तालाब में पलटी, चालक की मौत

- हादसे के बाद मृतक के परिवार में मचा कोहराम

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



**तीन मासूम बच्चों के सिर से उठ गया पिता का साया**

इस दर्दनाक हादसे में हुई समयदीन की मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है?। पत्नी व बच्चों सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि मृतक ट्रैक्टर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। समयदीन की मौत ने उसकी तीन बेटियों पूनम उम्र करीब 9 वर्ष, सुमन 7 वर्ष व सुशील 18 माह के सिर से पिता का साया उठ गया है।

जिले के खरगूपुर क्षेत्र के एक गांव में खेत में खाद गिराने जा रही ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क के बगल तालाब में पलट गई। ट्रैक्टर ट्राली पलटते देख उस पर सवार दो मजदूर ट्रैक्टर से नीचे कूद गए जबकि चालक ट्रैक्टर के नीचे दबकर गंभीर रूप ?से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक खरगूपुर थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव निवासी ट्रैक्टर चालक समयदीन मौर्य उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र संतराम मौर्य, मजदूर धीरज व बाबू के साथ खेत में खाद गिराने जा रहे थे। वह ट्रैक्टर लेकर गांव से नंदनगर गांव वाले मार्ग पर स्थित तालाब के पास पहुंचा ही था कि अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में जाकर पलट गया। ट्रैक्टर पलटता देख दोनों मजदूर नीचे कूद गए,जबकि समयदीन ट्रैक्टर के नीचे दबकर घायल गंभीर रुप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे आधे घंटे के परिश्रम के बाद बाहर निकाला जा सका। परिजनों ने घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया,जहां स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सक ने जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। यहां भी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में कर्नलगंज के पास समयदीन की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

## बीएलओ ने जीवित व्यक्ति को दिखाया मृत मतदाता के मूल अधिकार का किया हनन

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**



नवाबगंज क्षेत्र के एक गांव में बीएलओ की कारस्तानी का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने एक जीवित युवक को मतदाता सूची में मृत दर्ज करा दिया। जब वह युवक लोकसभा चुनाव में मतदान करने पहुंचा तो उसे मताधिकार से वंचित रहना पड़ा। अब पीड़ित युवक ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है।

नवाबगंज के लौव्वाबीरपुर गांव के बाबा पुरवा निवासी गिरीश चंद्र पुत्र रमेश चंद्र ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा से शिकायत की है, जिसमें उसने बताया है कि उसे बीएलओ माता प्रसाद ने बूथ संख्या 352 की मतदाता सूची के क्रमांक 707 पर मृत दर्ज करा दिया है। जब वह 20 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान करने रामसिंह पुरवा स्थित बूथ संख्या 352 पर पंहुचा तो मृत दर्ज होने के कारण अधिकारियों ने मतदान नहीं करने दिया। इसकी जानकारी पीड़ित ने तुरंत जिलाधिकारी नेहा शर्मा को फोन पर दी थी। पीड़ित युवक का कहना है कि उसे मृतक दर्ज कराकर बीएलओ ने उसके मूल अधिकार का हनन किया है जिससे वह अभी तक शारीरिक एवं मानसिक अवसाद में है। बताते चलें कि युवक कैंसर पीड़ित है। उसका कुछ माह पूर्व ही लखनऊ में आपरेशन हुआ है। बीएलओ माता प्रसाद गांव का सफाई कर्मी है। बताया जाता है कि लापरवाही और रंगबाजी के चलते बीते वर्ष उसे डीपीआरओ ने निलंबित कर दिया था।

# प्रगतिशील किसान वैज्ञानिक शिवकुमार ने सोनबरसा स्कूल को दान में दिए पांच पौधे

- सोनबरसा स्कूल को दान में मिले पीपल, अमरुद, कटहल, नीम व पाकड़ के पौधे

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम मनकापुर के शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया व उनके बच्चों ने प्रगतिशील किसान वैज्ञानिक ने शिवकुमार मौर्य के दो एकड़ में फैले बागवानी का भ्रमण किया। शिवकुमार के इस बागवानी में लगभग पांच सौ प्रजाति के सजावटी, मेडिसिनल, सब्जियों, फलों, मसालों आदि के पौधे लगे हैं। पूर्व में ही इस बागवानी का भ्रमण मंडलायुक्त, डीएम, सीडीओ, एसपी व अन्य छोटे बड़े प्रकृति प्रेमी भी कर चुके हैं। किसान वैज्ञानिक शिवकुमार स्कूलों का भी भ्रमण करते रहते हैं। और पौधों के महत्व को बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। इसी क्रम में शिवकुमार कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम मनकापुर का भी भ्रमण कर चुके हैं। वे यहां के बच्चों व शिक्षकों से ये काफी प्रभावित हैं। फलस्वरूप शिवकुमार ने स्कूल के शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया को पीपल, अमरुद, कटहल, नीम व पाकड़ की पौध दान स्वरूप भेंट किया। इसके पूर्व में भी शिवकुमार ने स्कूल में जाकर विशेष प्रजाति के तुलसी व नीम के पौधे रोपित कर चुके हैं।

भ्रमण में स्टेट अवार्डी शिक्षक सुनील कुमार आनंद, पिंकी देवी, रागिनी देवी, शुभम सिंह कनौजिया, कोमल सिंह कनौजिया व स्वर्णिमा सिंह कनौजिया भी शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### अवैध मत्स्य शिकार की एसडीएम से शिकायत



**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** तहसील व कोतवाली में पट्टे की अवधि बीत जाने के बाद भी सरयू नदी में अवैध तरीके से मत्स्य शिकार किए जाने की शिकायत एसडीएम से की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक मामला कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम फतेहपुर कोटहना से जुड़ा है। ग्रामवासी मनमोहन सिंह पुत्र रवींद्र प्रताप सिंह द्वारा एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि रामनाथ निषाद पुत्र गंगाराम निषाद के नाम मत्स्य का पट्टा 31 मई 2024 तक था,लेकिन समय बीत जाने के बावजूद भी मत्स्य शिकार कर रहे हैं। उन्होंने एसडीएम से अविलंब शिकार रुकवाकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### पुलिस ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना जसवन्तनगर द्वारा मय पुलिस बल के थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित पिंक बूथ पर हीट वेब के दृष्टिगत आमजन मानस को शरबत एवं शीतल पेयजल का वितरण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में हीट वेब के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल को दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना जसवन्तनगर कपिल दुबे द्वारा आम जन मानस को गर्मी एवं तेज धूप से राहत दिलाने हेतु थाना जसवन्तनगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित पिंक बूथ पर शरबत एवं शीतल पेयजल वितरित कर सभी को गर्मी एवं लू से बचने के उपायों से अवगत कराया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक इमरान फरीद एवं थाना जसवन्तनगर पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

### परशुराम सेवा समिति की बैठक आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** परशुराम सेवा समिति उ.प्र. की एक आवश्यक बैठक संरक्षक ओम प्रकाश दुबे की अध्यक्षता में गुरुकुल एकेडमी ब्रहमनगर इटावा में संपन्न हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने किया। बैठक में परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने समिति के सदस्यता अभियान, मेधावी सम्मान समारोह, वरिष्ठ नागरिक सम्मान सहित कई अन्य प्रस्ताव रखे। बैठक में सर्व सम्मति से तय किया गया कि मेधावी सम्मान समारोह 7 जुलाई को प्रातः 10 बजे से भगवती उत्सव गार्डन नहर के पुल के पास पिलखर में आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में सीबीएसई व यूपी बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटरमीडियेट के 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले छात्र– छात्राओं को समिति द्वारा प्रमाण पत्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया जायेगा। बैठक में 11 सदस्यों ने वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा कर सदस्यता गृहण की। बैठक में व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर संरक्षक आनंद प्रकाश नारायण दुबे, संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी, प्रदेश सचिव मुकेश दीक्षित, प्रदेश संगठन मंत्री प्रतीक तिवारी, जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी, सदस्य नरेंद्र कुमार शर्मा, महिला जिलाध्यक्ष गीतिका तिवारी, रवि शंकर चौधरी, पीयूष दीक्षित, बृजेश मिश्रा, विमल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी का फंदे से लटकता मिला शव

- सुबह चार बजे दो मंजिला भवन में पहुंचे परिवार के लोगों को लगा पता
- किशोरी का मोबाइल घर से गायब

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



थाना पयागपुर अंतर्गत ग्राम अमीनपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में 17 वर्षीय किशोरी का फांसी के फंदे से लटकता शव मिला। सुबह चार बजे दो मंजिला मकान में गए परिवार के लोगों ने शव देखा तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने माता पिता से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पयागपुर थाना क्षेत्र के अमीनपुर सचौली गांव निवासी रामतेज गुप्ता की 17 वर्षीय बालिका पुत्री संध्या ने शनिवार शाम को खाना खाने के बाद ऊपर बने दो तले कमरे में सोने चली गई। परिवारीजनों का कहना है कि जब रविवार सुबह चार बजे लोग नीचे से ऊपर पहुंचे तो देखा कि संध्या अपने दुपट्टे से फंदा डालकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस को बिना सूचना के आनन फानन में फांसी के फंदे से बालिका को उतार दिया गया। इसके बाद परिवार के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पयागपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दिया है। मृतका का मोबाइल गायब है। उसकी तलाश में पुलिस लग गई है। थानाध्यक्ष पयागपुर कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । पीएम रिपोर्ट आने के बाद आत्महत्या का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## ट्रेनी सीओ हर्षिता को मिली तैनाती

**बतौर ट्रेनी सीओ के रूप ने सभाला कार्यभार**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में शासन की ओर से ट्रेनी सीओ हर्षिता त्रिपाठी को तैनाती दी गई है। उनकी पहली पोस्टिंग जिले में हुई है। इससे पहले वह 2015 मे नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत थी। लेकिन प्रशासनिक सेवा छोड़कर पुलिस सेवा की जिम्मेदारी ली। वर्ष 2016 बैंच की हर्षिता ने बताया की उनकी ख्वाहिश थी की पुलिस मे सेवा दे। जिसके चलते नायब तहसीलदार का पद छोड़कर सीओ का पद संभाला है। वह लगभग पांच माह तक जिले मे ट्रेनिंग पर रहेगी। इसके बाद उन्हें सर्किल की जिम्मेदारी दी जाएगी। हर्षिता के पति तहसीलदार के पद पर कार्यरत हैं।

# नेपाली शिकारियों ने जलाई वन चौकी



- नेपाली शिकारी के पकड़े जाने पर जलाई चौकियां

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

धर्मापुर रेंज में सीमा पर बने वन चौकियों में नेपाली शिकारियों ने आग लगा दी। वन विभाग इस मामले में कुछ भी बोलने से कतरा रहा है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के धर्मापुर रेंज के सीमावर्ती वन चौकियों को नेपाली शिकारियों द्वारा शुक्रवार रात आग लगा कर जला दिया गया। आसपास के लोगों के मुताबिक 29 मई को धर्मापुर वन क्षेत्र में एक नेपाली शिकारी को वन विभाग की टीम ने पकड़ा था। पूछताछ करने के बाद वन विभाग ने उसे छोड़ दिया था, लेकिन लोगों में नाराजगी थी। इसके बाद देर रात आक्रोशित नेपाली शिकारियों ने वन विभाग की चौकियों में आग लगा दिया। इस मामले में क्षेत्रीय अधिकारी अभी कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। वन विभाग मामले को दबाने में लगा हुआ है। डीएफओ बी शिव कुमार को फोन लगाया गया तो उनका पर्सनल और सीयूजी मोबाइल स्विच ऑफ बताता रहा।

## चलती बाइक में अचानक लगी आग, ग्रामीण ने कूदकर बचाई जान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के अलीपुर गांव निवासी एक ग्रामीण बाइक से शादी कार्यक्रम में जा रहा था। रास्ते में गर्मी के चलते वाहन में आग लग गई। किसी तरह ग्रामीण ने बाइक से कूदकर खुद को बचाया, लेकिन बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलीपुर निवासी ग्रामीण की रिश्तेदारी में शादी कार्यक्रम था।जिस पर वह शनिवार शाम पांच बजे बाइक से गंडारा गांव वह नेवता करने जा रहा था। बाइक सवार नहर के निकट बाग में पहुंचा। तभी उसके बाइक में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग देखकर ग्रामीण बाइक खड़ी कर नीचे कूद गया। थोड़ी ही देर में बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण गर्मी से इंजन में शार्ट सर्किट करना बताया जा रहा है।

## सीमा पर दो नेपाली महिला तस्कर के पास से ढाई किलो अफीम बरामद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



भारत नेपाल सीमा की चौकसी कर रहे 59वी वाहिनी के एस एस बी जवानों के द्वारा कमांडेंट कैलाश रमोला के निर्देशन में निरंतर तस्करों की धर पकड़ जारी है द्य सीमा चौकी बलाई गांव के फुट्टा ओ पी चेक पोस्ट पर एसएसबी एवं थाना मोतीपुर पुलिस द्वारा संयुक्त आने जाने वालों की जांच कर रहे थे द्य तभी नेपाल की ओर से दो महिला उम्रकाली पति गणेश कटवाल उम्र 32 वर्ष ग्राम सीमालगाड़ी, खजुरा जिला बाके नेपाल एवं रति शाही पति नामराज शाही उम्र 32 वर्ष पता उपरोक्त के हाथ में झोला लेकर आती दिखाई दी संदेह पर महिला कर्मियों द्वारा रोका गया तो वह घबराने लगी संयुक्त टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ की गई तो महिलाओं ने अपने पास अफीम होना कबूला द्य इस दौरान तत्काल सूचना कमांडर अमेश सुशील सिंह, सहायक कमांडेंट को दी गई उनके पहुंचने के उपरांत महिला बल कर्मियों द्वारा उन दोनों महिलाओं से नाम पता पूछा गया एवं तलाशी ली गई तो प्लास्टिक के झूले में अफीम बरामद हुआ उसका माप करने पर ढाई किलो निकाला अफीम संबंधी जानकारी देने में असमर्थ रही पकड़ी गई द्यदोनों महिलाओं को थाना मोतीपुर सही सलामत सुपुर्द कर दिया गया है। मालूम हो की सीमा पर लगातार तस्करी जारी है और 59वी एसएसबी के द्वारा लगातार धरपकड़ भी की जा रही है परंतु इस पर विराम नहीं लग रहा।

# युवक को घर से बुला ले गया दोस्त, फिर पीट कर मार डाला

- गौरा धनौली मार्ग पर मिला बेहोश, अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम



**बहराइच समृद्धि न्यूज़** दोस्ती में रंजिश रखने वाले एक युवक ने गांव मे रह रहे अपने हमजोली युवक को टहलने के बहाने घर से बुलाया फिर गांव के रास्ते में लाठियों से पीट कर बे दम कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला दोस्ती की रंजिश का बताया जा रहा है।आपको बताते चलें कि मटेरा थाना अंतर्गत निहाल पुरवा गांव निवासी 18 वर्षीय गुरमीत सिंह पुत्र जिलाजीत सिंह का गांव निवासी शक्ति सिंह से आपसी विवाद चल रहा था। पिता जिला जीत का कहना है कि सुबह शक्ति सिंह अपने कुछ दोस्तों के साथ उसके घर आया और पुत्र गुरमीत सिंह को बहाने से घर से बुला ले गया। कुछ देर बाद शक्ति ने घर आकर कहा कि गुरमीत बेदम हालत में गौरा धनौली गांव के रास्ते में पड़ा है, जाकर उठा लो।

पिता जिला जीत ने बताया कि जब वह मौके पर गांव के लोगों के साथ पहुंचे तो गुरमीत बेहोशी की हालत में पड़ा था, गांव के लोगों की सहायता से तत्काल गुरमीत को अस्पताल पहुंचाया गया वहां पर इलाज के दौरान होश आया तो उसने शक्ति सिंह द्वारा पिटाई करने की बात बताई, लेकिन सिर पर चोट अधिक होने से फिर से बेहोश हो गया।

इलाज के दौरान गुरमीत की अस्पताल में ही मौत हो गई।गुरमीत की मौत के बाद परिवार के लोग बिलख उठे, सूचना पाकर मटेरा थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी फरार है उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

# टेंपो पलटने से एक जायरीन की मौत, 14 घायल

- दिकौली में गाजी के चाचा की मजार पर माथा टेकने जा रहे थे जायरीन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के जमुनहा मार्ग के चिचड़ी बहादुरगंज के पास जायरीनों से भरे तेज रफ्तार टैम्पो के पलट जाने से एक जायरीन की मौत हो गई और चालक समेत 14 जायरीन घायल हो गये। घायलों में चार को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।प्राप्त सूचना के अनुसार सिद्धार्थनगर के विभिन्न इलाकों से आये जायरीनों के एक जत्थे ने गाजी मियां की मजार पर जियारत की और फिर दिकौली में गाजी के चाचा की मजार पर माथा टेकने टैम्पो पर सवार होकर निकले। चौदह जायरीनों से बेतरतीब भरा टैम्पो चिचड़ी बहादुरगंज के पास अनियंत्रित होकर कई बार पलटा खाकर रुका तो यात्रियों में चीख पुकार मच गई।हादसे में सिध्दार्थनगर के थाना उसकाबाजार के नरसिंहपुर बरदहा निवासी चौथी (40) पुत्र प्यारे की मौके पर मौत हो गई और मृतक की पत्नी शोभावती (36), दुर्जनपुर नौगढ़ की कृष्णावती (50), महराजगंज जिले के ब्रजमनगंज थाने के कालीनगर के रामसुभाग (29) व उसकी पत्नी ज्योति (25), कृष्णावती (35), बिलासपुर की रीता(30), कलवारगंज के अजय (26), मोहनगंज के दयाशंकर (50) व उनकी पत्नी कृष्णावती (45) पुत्र मदन ( 23 ) पुत्रवधु संगीता (20) तथा टैम्पो चालक घायल हो गये। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दरगाह थाने की पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिये मेडिकल कालेज भेजा। चौदह में दस घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मुक्त कर दिया और चार की हालत नाजुक देख भर्ती किया गया।

# प्रेरणादायी है महाराजा सुहेलदेव की वीरगाथा : राजकिशोर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर मनाया गया महाराजा सुहेलदेव का विजयोत्सव
- सत्य सनातन परम्परा के संवाहक थे महाराज सुहेलदेव : स्वामी विष्णु

महाराजा सुहेलदेव विजयोत्सव कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राजकिशोर एवं पूज्य स्वामी विष्णु देवाचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव अर्जुन कुमार दिलीप ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज किशोर ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव का जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायी है। राष्ट्र की रक्षा के लिए उनका शौर्य पराक्रम हम सभी के लिए अनुकरणीय है।

विदेशी आक्रांता को धूल चटाकर महाराजा सुहेलदेव ने यह संदेश दिया कि जो भी बालार्क ऋषि की तपोस्थली पर गलत दृष्टि डालेगा उसका वही हश्र होगा जो सालार मसूद का हुआ था। उन्होंने कहा कि भारत के योद्धा कभी भी साम्राज्यवाद के संपोषक नहीं थे किन्तु यदि किसी ने भारत के भूभाग पर आक्रमण करके पराभूत करना चाहा तो ऐसे आतातायी को हार का सामना करना पड़ा। स्वामी विष्णु देवाचार्य ने कहा कि हम सभी को धर्म अनुरूप आचरण करना चाहिए क्योंकि धर्म अनुरूप आचरण से ही देश व समाज की रक्षा हो सकती है। महाराजा सुहेलदेव का जीवन धर्म युक्त था वह सत्य सनातन परंपरा के संपोषक थे। इसलिए महाराजा सुहेलदेव ने धर्म की रक्षा के लिए युद्ध लड़ा और विदेशी आक्रांता को नष्ट कर दिया। महाराजा सुहेलदेव का जीवन और उनकी वीरगाथा का हम सभी को अनुसरण करना चाहिए। हमारी युवा पीढ़ी को अपने देश की गौरवशाली परंपराओं एवं वीरगाथाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध भागवत कथाकार पंडित शिवबंश शास्त्री व प्रसिद्ध गायक सरदार जसबीर सिंह ने अपने भजन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पंडित शिवबंश मिश्र, श्रवण द्विवेदी, भूपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, डॉ देवेंद्र उपाध्याय, अतुल गौड़, मोलह राम राजभर, रामायण राजभर, पेशकार यादव, राजेश, हरिश्चंद्र, आदित्य भान , बैजनाथ, शिवम, ओमकार, शुभम, मंजुला, ओमप्रकाश, पंकज, जनार्दन, जयप्रकाश, सचिन, सरदार जसवीर आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# तकनीकी खराबी के कारण एनटीपीसी परियोजना में छठवीं यूनिट बंद

▸ 500 मेगावट बिजली उत्पादन क्षमता वाली यूनिट बंद



**ऊंचाहार (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

एनटीपीसी परियोजना ऊंचाहार की 500 मेगावट बिजली उत्पादन क्षमता वाली यूनिट नंबर छह तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई। इससे परियोजना में बिजली उत्पादन पर असर पड़ा है। परियोजना प्रबंधन जल्द ही यूनिट को चालू करने की बात कह रहा है।

परियोजना में 210-210 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए पांच यूनिटें स्थापित हैं, जबकि छठवीं यूनिट 500 मेगावट बिजली उत्पादन करती है। परियोजना से जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश राज्य को बिजली मिलती है। भीषण गर्मी में बिजली की मांग के बीच शुक्रवार को परियोजना की छठवीं यूनिट में खराबी आ गई। इससे यूनिट से बिजली उत्पादन ठप हो गया।परियोजना के इंजीनियर खराबी की जांच कर रहे हैं। अचानक यूनिट के ठप होने से 500 मेगावाट बिजली उत्पादन कम हो गया है। इसका सीधा असर देश के कई राज्यों पर पड़ सकता है। फिलहाल परियोजना की यूनिट नंबर एक, दो, तीन, चार व पांच से 1050 मेगावाट बिजली उत्पादन किया जा रहा है। परियोजना की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि तकनीकी खराबी के चलते यूनिट बंद हुई है। जल्द ही मरम्मत कर उसे चालू किया जाएगा।

## अमृत सरोवरो में उड़ रही धूल, प्यास से व्याकुल हैं पशु-पक्षी



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी जानलेवा होती जा रही है, बेसहारा पशु पक्षी प्यासे मर रहे हैं, और अधिकारी एसी, कूलर में कुंभकर्णी निद्रा में सोए हुए हैंद्य ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील जिला व सभी स्तर के जिम्मेदार अधिकारी शायद किसी और दुनिया में खोए हुए हैंद्य अमृत सरोवरों को सिर्फ कमाई का जरिया मान लिया गया हैद्य लूट खसोट में भागीदारी के बाद किसी को यह भी याद नहीं है कि इन सरोवरो में पानी भी होना चाहिएद्य इस और न तो अधिकारियों, कर्मचारियों का ध्यान है न जनप्रतिनिधियों काद्य लोक कल्याण के बड़े–बड़े दावे करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं का भी अता–पता नहीं हैद्य मामला विकास क्षेत्र के सब्जी गांव में स्थित अमृत सरोवर का है, जहां पर अमृत सरोवर में सिर्फ धूल उड़ती हुई नजर आ रही हैद्य इस संबंध में सहायक पंचायत अधिकारी सीताराम का कहना है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

# महिला बैंककर्मी ने खाया जहर

▸ दरोगा पर लगा जेल भेजने की धमकी देने का आरोप



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के निजी बैंक में क्लर्क के पद पर काम करने वाली युवती ने पुलिस प्रताड़ना का आरोप लगाकर ऑल आउट पी लिया है। ऑल आउट पीने से युवती की हालत बिगड़ गयी। हालत बिगड़ने पर युवती को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां युवती की हालत ज्यादा गंभीर होने पर डाक्टरों ने उसे एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। अब एम्स रायबरेली में युवती का इलाज चल रहा है।

महिला बैंककर्मी की मां शोभा सिंह का आरोप है कि होली के त्यौहार के आसपास उसकी स्कूटी किसी ई रिक्शा से टकरा गई थी जिसके बाद आए दिन पुलिसकर्मी उसे परेशान कर रहे थे द्य मां शोभा सिंह का आरोप है कि शहर कोतवाली में तैनात दरोगा अनिल तोमर सम्मन लेकर घर पहुंचे लेकिन घर पर रुचि सिंह नहीं थी मां को संबंध दरोगा के द्वारा नहीं दिया गया और रुचि सिंह को फोन पर जेल भेजने की धमकी दी गई जिसके बाद भयभीत महिला बैंककर्मी रुचि सिंह ने जहरीला पदार्थ खा लिया द्य इस पूरे प्रकरण में एक खास बात यह है कि दरोगा अनिल तोमर रुचि सिंह के घर के पास ही किराए पर रहता है अब सवाल यह उठता है कि फिर ऐसा कौन सा बड़ा अपराध था की दरोगा के द्वारा महिला बैंककर्मी के ऊपर पड़ोस में रहने के बाद भी इतना दबाव बनाया गया।

समय पर महिला बैंककर्मी को अस्पताल पहुंचा दिया गया लेकिन उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## दबंगों ने शराब पीकर दुकानदार पर किया जानलेवा हमला

**हमले से जख्मी दुकानदार एम्स में लड़ रहा मौत की जंग**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** दबंगों की नहीं थम रही दबंगई दुकानदार पर किया जानलेवा हमला बता दे रायबरेली जनपद के सरेनी थाना क्षेत्र के मथुरपुर का है जहां पर दुकान दार रजनू ने राजेश सिंह को उधार समान नहीं दिया तो राजेश सिंह ने शराब पीकर बद्दी बद्दी गलियां देते हुए बेरहमी से पीटा व जानलेवा हमला धारदार हथियार कुल्हाड़ी से कर दिया इस हमले में रजनू का सर फटा सर में गहरा घाव व पैर फैक्चर हुआ पीड़ित का यह भी कहना है इस हमले मे जान से मारने की कोशिश की गई लेकिन पुलिस ने कोई ढोस कार्यवाही नहीं की। फिलहाल इस मामले में सरेनी पुलिस ने 151 में चालान व नॉर्मल धारा लगाकर खानापूर्ति कर ली है अब देखना यह होगा पुलिस कोई ठोस कार्यवाही करती है या कोई बड़ी घटना घटित होने का इंतजार करेगी ।

## खबरें एक नजर में

### डीसीएम चालक की मऊ में मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली के महराजगंज के डीसीएम चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह लखनऊ से भाड़ा लेकर मऊ गया था। जहां हार्ट अटैक आने से उसकी मौत हो गई। चालक की मौत की सूचना परिजनों को मिलते ही कोहराम मच गया। ज्योना गांव के रहने वाला रावेंद्र सिंह 40 वर्ष पुत्र अशोक प्रताप सिंह लखनऊ के एक ट्रांसपोर्ट की डीसीएम चलता था। वह भाड़ा लेकर लखनऊ से मऊ गया था। मऊ के रानीपुर के अंतर्गत खुराहटी कस्बे में सड़क किनारे डीसीएम खड़ी मिली। डीसीएम की लाइट जल रही थी स्थानीय दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम का गेट खोला तो उसका शव मिला। आधार कार्ड के जरिए महराजगंज पुलिस को सूचना दी गई। महराजगंज पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी। जिससे परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। रिजनों ने बताया कि रावेंद्र सिंह ट्रक ड्राइवर थे और वह ट्रक से सामान इधर–उधर करने का कार्य किया करते थे। कल रात करीब 11 से 12 के बीच रावेंद्र सिंह को हार्ट अटैक आया। रावेंद्र सिंह की हृदयगति रुकने से मऊ जनपद में ही मौत हो गई। परिवार में एक पुत्री 5 वर्ष है। अशोक प्रताप सिंह के तीन पुत्रों में सबसे बड़े थे।

### खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर बाइक सवार की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बछरावां में रोड के किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से बाइक सवार बुजुर्ग टकरा गया । जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया वहां पर डॉक्टर द्वारा परीक्षण करने के बाद बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया गया। बछरावां के मंदा खेड़ा गांव के पास की घटना। उन्नाव जिले के थाना मौरावा क्षेत्र के गांव रामबक्श खेड़ा मजरे हिलौली निवासी गुरु प्रसाद यादव 47 वर्ष अपने रिश्तेदार कृष्ण पाल को उधारी का पैसे देने जा रहा था। तभी मंदा खेड़ा गांव के पास बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पास के लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सीएचसी पहुंचाया गया जहां डॉक्टर गणनायक पांडे ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया।
वहीं सूचना परिजनों को दे दी गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शॉर्ट सर्किट से लगी घर में आग, गृहस्थी जलकर राख

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कुर्री गांव में शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने घर के अंदर एक बाइक व दो साइकिल सहित घर गृहस्ती का सारा सामान जलकर खाक हो गया । ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। रविवार तड़के सुबह शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग जाने से लाखों रुपए का नुकसान का आकलन किया जा रहा है। कुर्री निवासी रामसहाय पुत्र स्वर्गीय पूर्णमासी के घर में सुबह 4:30 के आसपास अचानक धू-धू घर जलने लगा । आग की लपटे बाहर आते देख, घर के बाहर सो रही एक महिला एवं बच्चों में अचानक भगदड़ मच गई। चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग दौड़ कर पहुंचे। थोड़ी ही देर में गांव की सैकड़ो लोग एकत्रित हो गए। और आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। परंतु आग बेकाबू हो चुकी थी। आस पड़ोस के घरों में भी आग पहुंचने की संभावनाएं होने लगी। सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। परंतु फायर ब्रिगेड जब तक पहुंचती तब तक घर के अंदर एक मोटरसाइकिल, दो साइकिल तथा सरसों, गेहूं, चावल, कपड़े आदि घर गृहस्ती का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत करने के बाद आज पर काबू पाया आग का इतना विकराल रूप था। कि घर की पक्की छते भी चटक कर गहरी चीर बन गई। आग लगने की सूचना पर एसडीएम राजित राम गुप्ता ने बताया कि अलका लेखपाल को भेज कर नुकसान का आकलन कराया गया है। पीड़ित को उचित लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है ।

# जानलेवा हमले में वांछित दो आरोपी फरार, एक को सलोन पुलिस ने पकड़ कर छोड़ा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जानलेवा हमला सहित गम्भीर धाराओं में वांछित एक आरोपी को सलोन पुलिस ने दो दिनों तक थाना पर बैठाये रखा और छोड़ दिया वहीं दो अन्य आरोपी अब तक फरार हैं। जिस पर देशी बम के हमले से घायल युवक ने सलोन पुलिस पर आरोपियों से मिली भगत के गम्भीर आरोप लगाये हैं।

दरअसल पूरा मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र स्थित शहजादपुर अतरथरिया गांव का है जहां के निवासी सत्यम साहू ने बताया कि 28 मई कि रात 9 बजे गांव के बाहर दुकान पर सामान लेने के दौरान गांव के ही अमित नाम युवक के घर में आए दो रिश्तेदार मुकेश व अमन ने साथ मिलकर सर पर देसी बम फेंक दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया आनंद फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन ले जाया गया जहां इलाज हुआ वहीं मेडिकल कराने के बाद पुलिस ने जानलेवा हमला करने वाले तीनों युवकों के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हद तो तब पार हुई जब पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तारी के बाद छोड़ दिया युवक व उसके परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर शिकायती पत्र देकर आरोपियों कि गिरफ्तारी कि है।

# नतीजे आने के बाद बनाये रखें शांति व्यवस्था : कोतवाल



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आगामी लोकसभा चुनाव के नतीजे को लेकर कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने जन प्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को बैठक की है। बैठक में कोतवाल ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण निपट गए हैं ।आगामी 4 तारीख को नतीजे आने के बाद जनप्रतिनिधियों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखें। साथ-साथ सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट ना करें। जिससे कि शांति व्यवस्था मे बाधा न बन सके । जन प्रतिनिधियों को प्रत्येक गांव में कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों के साथ मिलजुल कर शांति व्यवस्था बनाए रखें ।जीत के बाद डीजे एवं पटाखों का प्रयोग ना करें ।इस मौके पर चौकी इंचार्ज वागीश मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र चौधरी उर्फ राम जी, ग्राम प्रधान अरुण चौधरी ,अनिरुद्ध त्रिवेदी, रंजन मिश्रा ,श्याम जी शुक्ला, हंसराज चौधरी, महेंद्र कुमार, अमरेंद्र चौधरी, चंदन सहित बड़ी संख्या मैं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# देश के वीर जवान ने 28 वर्षों तक की भारत माता की सेवा

▸ कमांडेंट ऑफिसर विनोद सिंह चौहान भारतीय सेना से हुए सेवानिवृत्त, लोगों ने दी बधाई



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कमांडेंट ऑफिसर सूबेदार के पद से रिटायर हुए विनोद सिंह चौहान अशर्फाबाद ग्राम निवासी विनोद सिंह चौहान ने भारतीय सेना में रहकर भारत माता की सेवा की और दुश्मनों से लोहा लिया।

वही 28 वर्षों बाद सूबेदार के पद से सेवानिवृत होने पर लोगों ने उन्हें बधाई थी विनोद सिंह चौहान के परिवार का भारतीय सेना से बहुत ही पुराना इतिहास रहा है इनके दादा ने भी देश की सेवा की और इनके पिता शिव बरन सिंह ने भारतीय सेना मे रहकर देश की सेवा की और रिटायर हुए। इनके बड़े भाई राजेश सिंह चौहान भी भारतीय सेना में रहे और रिटायर हुए।

विनोद सिंह चौहान के भतीजे दिग्विजय सिंह इस समय भारतीय सेना में रहकर भारत माता की सेवा कर रहे हैं ।विनोद सिंह चौहान ने 28 सालों तक देश की सेवा करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में इनकी तैनाती रही उरी पठानकोट सिकंदराबाद श्रीनगर राजस्थान सहित कारगिल के युद्ध में भी शामिल रहे और दुश्मनों के छक्के छुड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी ।वही आज रिटायर होने पर परिवार सहित ग्रामीणों ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

## लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं से ठगी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ख्वाजगीपुर करोवन मोड़ की रहने वाली कृष्णावती पत्नी बब्लू अपनी साथी रेनू, अनिता, सन्नो, राधा, गुड्डी, रामवती के साथ थाना कोतवाली पहुंची। प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि विश्वास फाईनेस्ट प्राइवेट लिमिटेड जयपुर की शाखा में एजेंट के तौर पर कार्यरत थी। जिसमें गांव की 8 महिलाओं को लोन दिलाने के नाम पर 2720 ओर 250 रुपए सभी महिलाओं से जमा कराए थे। अब जब देवेंद्र नाम के युवक को पैसों की वापसी को लेकर फोन किया तो बात नहीं हुई। जिसके बाद महिलाएं सीधे एबी नगर स्थित कार्यालय पहुंची वहां भी कोई मिला। महिलाओं ने देवेंद्र से फोन से संपर्क किया तो जान से मारने की धमकी दी। महिलाओं का आरोप है कि उन्हें प्रलोभन देकर ठगने का काम किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया की प्रार्थना पत्र मिला है। जिस पर आरोप है उससे सम्पर्क कर जांच की जाएगी। जो तथ्य मिलेंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चुनौती बना भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति का संकट

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी के दौर में जहां एक और गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों के लिए प्रकृति का प्रकोप कहर ढा रही है तो वहीं अब व्यवस्थाएं भी गंभीर संकट खड़ा करने में पीछे नहीं है बात हम भीषण गर्मी के दौरान विद्युत आपूर्ति की करें तो जिस तरह से बीते कुछ दिनों से लगातार अघोषित विद्युत कटौती ने आम लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है तो वहीं दिनों दिन बढ़ता तापमान लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बन गया है फिलहाल जो भी हो प्रशासन और विद्युत विभाग के जिम्मेदार लोगों को मौसम की मार को देखते हुए विद्युत आपूर्ति पर गंभीर होने की जरूरत है।

वैसे तो गर्मियों के दौरान हर साल लोगों को मई और जून माह में भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है लेकिन इस बार जून माह की गर्मी का असर मई के महीने में ही देखने को मिला जब सामान्य से हटकर पारा 45 से 48 डिग्री से ऊपर निकल गया पिछले दो दिनों से तो यह हालत है कि सुबह से ही भीषण गर्मी का दौर शुरू हो जाता है और देर शाम तक कायम रहता है कमोबेश रात्रि के वक्त भी लोगों को गर्मी का एहसास होता है लेकिन विडंबना की बात यह है कि इस भीषण गर्मी में भी विद्युत विभाग की व्यवस्थाएं लोगों के लिए संकट बन गई हैं विद्युत आपूर्ति का यह आलम है कि कब बिजली चली जाए और कब आ जाए कोई भरोसा नहीं रहा पिछले कुछ दिनों से तो दिन के वक्त बिजली आवाजाही का सिलसिला इस कदर रहता है कि लोगों की समझ में नहीं आ रहा है कि वह क्या करें क्या न करें दोपहर के वक्त बिजली चले जाने पर गरीब और मध्यम बरगी लोग जिनके घरों में एसी कूलर नहीं है वह भीषण गर्मी को कैसे बर्दाश्त करते होंगे इस बात का तो अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता सवाल संपन्न लोगों का तो जिनके यहां इनवर्टर और जनरेटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं उन पर इस भीषण गर्मी का कोई असर ही नहीं होता बड़े पोस्टों पर बैठे हुए अधिकारी कर्मचारी और यहां तक की विद्युत विभाग के भी जिम्मेदार अधिकारी भी इस बात से अनभिज्ञ रहते हैं कि इस भीषण गर्मी में जब कुछ समय के लिए विद्युत आपूर्ति रुक जाती है तो उन मध्यवर्गीय और गरीब लोगों के घरों में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के ऊपर क्या बीतती होगी कुल मिलाकर यह कहना बेमानी ना होगा कि इस दिशा में जिम्मेदार लोगों का रवैया काफी उदासीन बना हुआ है।

### विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर मौन हैं जनप्रतिनिधि

विद्युत आपूर्ति के साथ साथ कई अन्य व्यवस्थाएं भी जुड़ी हैं मसलन जब विद्युत आपूर्ति बाधित होती है तो लोगों को विभिन्न तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ जाता है फिर चाहे वह पीने के पानी का संकट हो या अन्य कोई और व्यवस्था इतना साफहै कि विद्युत आपूर्ति का होना आम जनजीवन के लिए बेहद जरूरी है लेकिन विडंबना की बात है कि यहां नगर के कई मोहल्ले में पिछले कई दिनों से लगातार विद्युत आपूर्ति का संकट बना हुआ है बावजूद इसके जनप्रतिनिधियों तक को इस बात से कोई सरोकार नहीं और न ही विभागीय जिम्मेदार इस दिशा में अपनी सक्रियता दिखला रहे हैं।

# चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 : फाइनल मैच में चौरेला टीम बनी विजेता

**पंचनद, समृद्धि न्यूज।**

चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन–3 का फाइनल मुकाबला भिंड और चौरेला टीमों के बीच खेला गया। जालौन, इटावा और भिंड सीमा के बीहड़ों में स्थित चौरेला ग्राउंड पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉ. कैलाश यादव ने फीता काटकर फाइनल मैच में खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि खेल को जीवन में उतारना चाहिए। खिलाड़ी पूरी लगन, मेहनत और ईमानदारी से खेलें।
चौरैला टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भिंड टीम निर्धारित 15 ओवर भी नहीं खेल पाई। भिण्ड टीम 13.4 ओवर में 74 रन पर आल आउट हों गई।
भिण्ड टीम के खिलाड़ी अवनीश ने सर्वाधिक 2 छक्का सहित 14 रन का योगदान दिया।
चौरैला टीम के खिलाड़ी विनीत और शिवम ओझा ने 3–3 विकेट झटके। जवाब में उतरी चौरैला टीम 13 ओवर में 7 विकेट के नुकसान से 75 रन




बनाकर जीत हासिल की। चौरैला टीम को एक–एक रन के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। चौरैला टीम के खिलाड़ी पुनीत ने सर्वाधिक 4 चौके सहित 19 रन का योगदान दिया। चौरेला खिलाड़ी आशीष 18 रन बनाने के साथ 2 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। चंबल क्रिकेट लीग सीजन–3 का 16 दिवसीय समापन समारोह में अतिथि के तौर पर पधारे वरिष्ठ कथाकार ए. असफल ने कहा कि चौरेला गांव कुख्यात दस्यु सरगना जगजीवन परिहार के नाम से जाना जाता था लेकिन अब यह गांव खेल गांव बन चुका है। यहां खेल का आयोजन लगातार सुचारू रूप से चलाया जाए। सूरजरेखा त्रिपाठी एडवोकेट ने कहा कि चंबल आश्रम, हुकुमपुरा में आयोजित दूसरे सीजन की पहले भी गवाह बन चुकी हूं। खिलाड़ियों की कोई जाति नहीं होती। आप चंबल अंचल के स्वतंत्रता संग्राम के रणबाकुरों की याद में मैच खेल रहे हैं। इतिहासकार देवेंद्र सिंह चौहान ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि चौरेला ग्राउंड की पिच पर आप पूरी शिद्दत के साथ खेलें। चंबल में सच के लिए बगावत की परम्परा रही है। चाहे जो भी कुर्बानी देनी पड़े।
चंबल संग्रहालय की तरफ से विजेता चौरेला टीम को चंबल घाटी के आदि विद्रोही लालजू सिंह स्मृति ट्राफी के साथ 11000 रुपए नगद राशि और सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र से नवाजा गया।
उपविजेता भिंड टीम को क्रांतिवीर दौलत सिंह कुशवाह स्मृति ट्राफी के साथ 8000 रुपए की नकद राशि, टीम के सभी खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र दिया गया। 16 दिवसीय चंबल क्रिकेट लीग सीजन– 3 में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले
चौरेला टीम के खिलाड़ी विनीत को क्रांतिवीर जीता चमार स्मृति मैन आफ द सीरीज ट्राफी प्रदान की गई।एम्पायर की भूमिका राम दुबे और प्रदीप भदौरिया ने निभाई। स्कोर बुक में दर्ज करने का काम देवेंद्र सिंह और सचिन परिहार ने किया। स्कोर बोर्ड पर लिखने का काम दीपक परिहार ने किया। लाइव कमेंट्री अशोक दुबे और फ़ोटो–वीडियो डॉक्यूमेंट आदिल खान ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन चंबल क्रिकेट लीग संस्थापक डॉ. शाह आलम राना ने किया।

# प्रेमी ने पति का रेता गला

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

उन्नाव में पेंटर की हत्या उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी से गला रेतकर करवाई थी। वारदात के समय वह पति का हाथ पकड़े थी, जिससे वह विरोध न कर पाए। महिला का तीन साल से अफेयर चल रहा था। पति को यह बात पता चल गई थी। वह पत्नी पर रोक लगाने लगा था। उसे मिलने और बात करने को रोकता था। इसी वजह से पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मारने का प्लान बनाया। रविवार को पुलिस ने पेंटर हत्याकांड का खुलासा करते हुए यह बात बताई। पत्नी के बार-बार बदलते बयानों से पुलिस को उस पर शक हुआ। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहले तो टाल-मटोल करती रही, लेकिन सख्ती करने पर जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया- प्रेमी ने फरसे से पति की गर्दन रेत दी। मैंने उसका हाथ पकड़ा था और प्रेमी ने फरसे से हमला किया। पुलिस ने पत्नी और प्रेमी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। मामला मौरावां थाना क्षेत्र का है। दिगपालगंज गांव के रहने वाले पेंटर बेचालाल कश्यप का घर की छत पर शुक्रवार रात खून से लथपथ शव मिला था। गले पर धारदार हथियार से रेतने के निशान थे। बेचालाल के पिता बिंदा प्रसाद ने तहरीर देकर अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कराया था। हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस ने बेचालाल की पत्नी रेखा से जब पूछताछ की, तो वह बार-बार अपना बयान बदल रही थी। इससे पुलिस का शक उस पर और गहरा हो गया। फिर उसे हिरासत में लेकर थाने लाकर उससे पूछताछ की गई। पुलिस की पूछताछ में पत्नी रेखा ने वारदात करना कबूल कर लिया। उसके बाद पुलिस ने रेखा के प्रेमी संजय कुमार कोरी को भवरेश्वर मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। संजय रायबरेली थाना बछरावां के सुदौली गांव का रहने वाला है। उसने बताया, 3 साल से उसका रेखा से अफेयर चल रहा है। संजय मिलने के लिए अक्सर रेखा के घर आता-जाता था। दोनों ने शादी करने की योजना बनाई थी। पति बेचालाल विरोध करता था। रेखा से कहता था- मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। तुमने मेरे साथ शादी की है, मेरा तुम पर हक है। उसने रेखा का घर से बाहर निकलना भी बंद करा दिया था। उसे ज्यादा किसी से बात नहीं करने देता था। इससे रेखा को लगने लगा कि उसकी शादी संजय से नहीं हो पाएगी। उसने यह बात संजय को बताई। इसके बाद दोनों ने बेचालाल को मारने का प्लान बनाया।शुक्रवार रात चुपके से रेखा ने घर का दरवाजा खोल दिया। उस समय परिवार के दूसरे लोगों के अलावा बेचालाल भी सो रहा था। वह छत पर लेटा था। परिवार के अन्य लोग नीचे सो रहे थे। रेखा, अपने प्रेमी संजय को घर के अंदर ले गई। छत पर जाते ही संजय ने फरसा निकाल कर बेचालाल का गला रेतना शुरू कर दिया। साथ ही बेचालाल के मुंह पर हाथ रख दिया, जिससे चिल्ला न सके। रेखा ने उसका हाथ पकड़ा था, जिससे वह विरोध न कर सके। बेचालाल के मरने के बाद रेखा कभी अपने पति का हाथ पकड़ती तो कभी पैर। जब उसको और संजय को यह यकीन हो गया कि बेचालाल मर चुका है तो चुपके से संजय घर से बाहर निकल आया। रेखा ने घर का दरवाजा बंद कर दिया और अंदर आकर सो गई। पुलिस ने हत्यारोपियों की निशानदेही पर फरसा भी बरामद कर लिया है।


# मतगणना से पहले ड्राई रन का आयोजन सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने लिया जायजा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में 4 जून को मतगणना होनी है। जिसको लेकर सभी पार्टियां अपने पार्टी के एजेंट की मतगणना स्थल पर ड्यूटी पर लगाए हुए हैं। जिससे किसी प्रकार की कोई भी गड़बड़ी न हो सके। मतगणना से पहले आज ड्राई रन कराया गया है। जिसको लेकर मतगणना स्थल की व्यवस्था को देखने सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन पहुंची और उन्होंने अंदर अधिकारियों की गाड़ियां खड़ी देखकर नाराजगी जताई। 4 जून को दही क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र में मतगणना होनी है। जिसको लेकर आज ड्राई रन कराई गई है। इसी बीच में मतगणना स्थल पर सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन पहुंच गई। मतगणना स्थल पहुंच कर सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने मीडिया से बात करते हुए कहा की मुझे एक चिट्ठी मिली थी की आज ट्राई रन होना है। कैसी काउंटिंग होगी ये बताया जाएगा। इसको मैं देखने आई थी। अभी तैयारी पूरी नही हुई है गर्मी बहुत है अंदर। मिर्जापुर की कहानी सुनी है। सबने तो इस हालात में थोड़ा सा रिक्वेस्ट की है। हमारे जितने अधिकारी हैं एजेंट है। वो काम करेंगें। गर्मी तो बहुत ज्यादा है। इनके लिए पानी और इलेक्ट्रॉल की व्यवस्था रहे। आरओ एआरओ एजेंट जो होता है उसके लिए टेबल की व्यवस्था हो। क्योंकि वो गोद में रख कर कैसे काम करेंगे।

# गर्मी से रिक्शा चालक की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



जिले में गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के बालू घाट मोड़ पर रहने वाले रिक्शा चालक कई दिनों से बीमार चल रहा था। भीषण गर्मी के चलते उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। रिक्शा कंपनी मालिक सुमित कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके यहां रामेश्वर (90) पिछले 35 सालों से रिक्शा चलाते थे। इसके साथी वहीं रहते थे। कई दिनों से वह बीमार चल रहा था। इधर-उधर छांव के नीचे लेट जाता था। रविवार दोपहर बालूघाट मोड़ के पास बने पालिका के टेम्पो स्टैंड के पास बनी बेंच पर लेटा हुआ था। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना आसपास के लोगों ने गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में ले लिया और परिजनों को मौत की जानकारी दी।

उन्नाव में कोरोना कोरोना के दौरान हजारों मौतें हुई थी। अब फिर घाटों पर कोरोना जैसे हालात बने हैं। घाट के पंडा प्रेम शंकर तिवारी ने बताया कि कोरोना काल में एक दिन में 50 से अधिक शवों का अंतिम संस्कार होता था। उस समय का आंकड़ा इस साल देखने को मिल रहा है। आम दिनों में 5-7 शवों का अंतिम संस्कार होता था, लेकिन इन दिनों आंकड़ा 50 के पार पहुंच गया है।

## पर्यावरण हितैषी वाहन है साइकिल

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है। दो सौ साल पहले 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बना था और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। इसकी अधिकतम रफ्तार 64 किलोमीटर प्रति घंटा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसे कंप्रेस्ड हवा से चलने वाली दुनिया में सबसे तेज साइकिल का सर्टिफिकेट दिया है।

3 जून 2018 को विश्व में पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार हम छठवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजरअंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है। सरकार के इस कदम से ऐसे सभी लोग प्रेरणा पा सकते हैं। जिनकी प्रतिदिन औसत यातायात दूरी पांच-सात किलोमीटर के आसपास बैठती हैं।

# एक बार फिर मोदी सरकार

**प्रेम शर्मा**

जीहॉ मतदाताओं की चुप्पी, मुद्दो से इतर चुनाव, कम मतदान के बावजूद एक बार फिर मोदी सरकार का नारा साकार होता दिख रहा है। अगले चौबीस घन्टे में अगली सरकार का फैसला हो जाएगा लेकिन इस बार के चुनाव परिणाम वाकई अप्रत्याशित माने जा रहे है। भारी दमखम के साथ मैदान में उतरा विपक्ष ढेर होता दिख रहा है। लोकसभा चुनाव के नतीजे से पहले एग्जिट पोल्स में मोदी तीसरी बार हैट्रिक लगाते नजर आ रहे हैं। एक पोल में तो 400 के पार तक पहुंच रही है। एग्जिट पोल के में एनडीए को 365 और इण्डिया को 145 सीटों का अनुमान है। अन्य को 32 सीटें मिल सकती हैं। इस बार भाजपा 2019 में मिली 303 सीटों का आंकड़ा पार कर सकती है। ऐसे में इस परिणाम को चौकाने वाला माना जा रहा है। हिंदी पट्टी के राज्य उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली में भाजपा को एकतरफा बढ़त का अनुमान बताया गया है। इन राज्यों की 90 प्रतिशत से ज्यादा सीटों पर भाजपा की जीत तय मानी जा रही है। एमपी की 29 सीटों में से भाजपा को 28 से 29 और वहीं राजस्थान में 25 सीटों में से 23 से 25 सीटें मिलने का अनुमान है। यानि यह बॉत तो तय है कि एनडीए नेताओं का हिन्दु कार्ड और दस किलो अनाज काम कर गया। जबकि इसके इतर विपक्ष सत्तारूढ़ भाजपा एवं उनके सहयोगियों की खामियों को भुनाने में फेल साबित हुआ। मैने अपने पिछले लेख में इस बॉत का जिक्र किया था कि '' सरकार तो आपकी ही लेकिन सवालों के साथ '' ऐसे में एक बार फिर एनडीए का बहुमत हासिल करना बहुत से सवाल विपक्ष और जनता के सामने ला रहा है। अब तक पोल के मुताबिक बिहार, झारखंड, राजस्थान और महाराष्ट्र में एनडीए को 29 सीटों का नुकसान संभव है। बंगाल में उलटफेर होता दिख रहा है। यहां भाजपा कुल 42 सीटों में से 26 से 31 सीटें मिलने के आसार हैं। ओडिशा, तेलंगाना में भाजपा दोगुनी सीटें बढ़ा सकती हैं। एग्जिट पोल के मुताबिक एनडीए गुजरात, एमपी, छत्तीसगढ़, हिमाचल, दिल्ली, उत्तराखंड, समेत 8 राज्यों की सभी सीटें जीत सकता है। कर्नाटक, यूपी जैसे बड़े राज्यों में पिछला प्रदर्शन दोहरा सकता है। दूसरी तरफ इंडिया महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, राजस्थान और हरियाणा में मजबूत होता दिख रहा है। ओडिशा, तेलंगाना में भाजपा दोगुनी सीटें बढ़ा सकती हैं। यहां एनडीए को 21 सीटें मिलती दिख रही हैं, इसके अलावा इण्डिया को 3 सीटें मिल रही हैं। फिलहाल एनडीए के पास राज्य की सभी 25 सीटें हैं। 2019 में राज्य की 25 में से 24 सीटें भाजपा ने जीत ली थीं। एक सीट आरएलपी को मिली थी। कांग्रेस का राज्य से सफाया हो गया था। 29 सीटों वाले मध्य प्रदेश में एनडीए को 28-29 सीट मिलने जा रही हैं। इसके अलावा इण्डिया को 0-1 सीट मिलने जा रही हैं। बिहार राज्य की 40 सीटों में से एनडीए को 29-33 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं 7-10 सीटें इस चुनाव में इण्डिया को मिलने जा रही हैं। इसके अलावा 0-2 सीटें अन्य के खाते में जा रही हैं।उत्तर प्रदेश में एग्जिट पोल के मुताबिक एनडीए को 68, कांग्रेस को 10 और अन्य को 2 सीटें मिलती दिख रही हैं। छत्तीसगढ़ में एनडीए को 10-11 सीटें मिलने का अनुमान है तो वहीं इण्डिया को 0-1 सीट मिलती दिख रही है। दिल्ली में एग्जिट पोल के मुताबिक बीजेपी को 6 और इण्डिया को 1 सीट मिलती दिख रही हैं।पश्चिम बंगाल में एग्जिट पोल के मुताबिक एनडी को 26, ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी को 15 और कांग्रेस-लेफ्ट को 1 सीट मिलती दिख रही हैं।हरियाणा में इस बार भाजपा को नुकसान होता दिख रहा है। एनडीए को 7 सीटें मिलती दिख रही हैं। जबकि, इण्डिया ब्लॉक को 3 सीटें मिल रही हैं। तमिलनाडु में भाजपा अभी शून्य पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे ज्यादा रैलियां यही की हैं। राज्य की 39 सीटों में से डीएमके को 16-18 सीट मिल सकती है। कांग्रेस को इस बार 6-8 सीट मिलने के आसार हैं। भाजपा को 5 से 7 मिल सकती है। एआईएडीएमके को 0-1 सीट मिलती नजर आ रही है। वहीं, अन्य के खातों में 8-10 सीटें जाती दिख रही हैं। जम्मू-कश्मीर की 5 सीटों में से भाजपा को 2 और नेशनल कॉन्फ्रेंस को 3 सीटें मिलती हुई दिख रही हैं। वहीं लद्दाख में भी कांग्रेस इस बार भाजपा पर बढ़त बनाती हुई दिख रही है। लद्दाख की एक सीट पर 2019 में जम्मू एवं कश्मीर में लोकसभा की 6 सीटें थीं। तब भाजपा ने 3 और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 3 सीटें जीती थीं। लद्दाख में 2019 में भाजपा ने एकमात्र सीट जीती थी। देश के 7 पूर्वोत्तर राज्य- अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा, नगालैंड-में कुल 25 सीटें हैं। सर्वे के मुताबिक इन 25 सीटों में से एनडीए को 16-21, इण्डिया को 3-7 और अन्य को 1-2 सीटें मिलने का अनुमान है। असम में 2019 में भाजपा को 9, कांग्रेस को 3, एआईयूडीएफ और निर्दलीय को एक-एक सीट मिली थी। कर्नाटक की 28 सीटों में एग्जिट पोल भाजपा को 18 से 22 सीटें मिलती दिख रही हैं। वहीं, कांग्रेस को 4 से 8 सीट मिल रही है। जबकि जेडीएस को 1 से 3 सीट मिलती दिख रही है। तेलंगाना में 17 सीटों में से बीजेपी को 7-10 सीटें और कांग्रेस को पांच से आठ सीटें मिलने का अनुमान है। बीआरएस और एआईएमआईएम के भी तीन से पांच सीटें जीतने की उम्मीद है। उत्तराखंड एनडीए को 4-5 सीटें, इण्डिया को 0-1 सीट और अन्य को 00 सीटें मिलती दिख रही हैं।ओडिशा भाजपा राज्य में जबरदस्त सीटें हासिल करने जा रही है। राज्य में लोकसभा की 21 सीटें हैं और एनडीए को इनमें 18-20 सीटें मिलती नजर आ रही है। सत्ताधारी बीजद को 0-2 सीटें मिल सकती हैं। वहीं इंडिया गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिल रही है। पंजाबं की 13 में से 2 सीटें एनडीए गठबंधन और इंडिया ब्लॉक की कांग्रेस को 5 सीटें मिलने का अनुमान है। आप को 4 सीटें, शिरोमणि अकाली दल और अन्य को 2 सीट मिलने का अनुमान है। गुजरात की 29 सीटों भाजपा को मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य में भाजपा एग्जिट पोल में एक बार फिर से क्लीन स्वीप करती दिख रही है। हिमाचल एग्जिट पोल के मुताबिक बीजेपी को 3 कांग्रेस को 01 सीट मिलती दिख रही हैं। कुल मिलाकर जिस तरह से सर्व सामने आ रहे है वह इस बॉत का संकेत है कि एक बार फिर जनता ने ना-ना करके प्यार तुम्ही से कर बैठे गीत का इजहार मोदी सरकार के साथ किया है।




एआईएडीएमके को 0-1 सीट मिलती नजर आ रही है। वहीं, अन्य के खातों में 8-10 सीटें जाती दिख रही हैं।जम्मू-कश्मीर की 5 सीटों में से भाजपा को 2 और नेशनल कॉन्फ्रेंस को 3 सीटें मिलती हुई दिख रही हैं। वहीं लद्दाख में भी कांग्रेस इस बार भाजपा पर बढ़त बनाती हुई दिख रही है। लद्दाख की एक सीट पर 2019 में जम्मू एवं कश्मीर में लोकसभा की 6 सीटें थीं। तब भाजपा ने 3 और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 3 सीटें जीती थीं। लद्दाख में 2019 में भाजपा ने एकमात्र सीट जीती थी। देश के 7 पूर्वोत्तर राज्य- अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा, नगालैंड-में कुल 25 सीटें हैं। सर्वे के मुताबिक इन 25 सीटों में से एनडीए को 16-21, इण्डिया को 3-7 और अन्य को 1-2 सीटें मिलने का अनुमान है। असम में 2019 में भाजपा को 9, कांग्रेस को 3, एआईयूडीएफऔर निर्दलीय को एक-एक सीट मिली थी।

## विचार

# सत्य को आत्मसात कर दंभ को त्यागे



यह तो सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का सांच को आंच नहीं जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित ष्सत्यमेव जयते आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मो से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है। यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे। आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म ,अध्यात्म ,अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण ,ज्ञान विज्ञान ,जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निर्देशों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं। धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति,संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं अपितु उन्हें लगभग खरीदने की ताकत रखने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद सत्य के मूल्य को और उसकी सार्वभौमिकता को दबाना या शांत करना या उसके दमन के लिए उसे विवश करना लगभग असंभव है। वैश्विक स्तर पर कुछ अमीर देश और मुट्ठी भर धनाढ्य व्यक्ति इस बात को मान्यता देते हैं कि जब ,धन बोलता है तो सत्यम मौन रहता है, पर सार्वजनिक रूप से ऐसा मानना तार्किक स्तर पर जरूर ठीक लगता हो पर दार्शनिक अथवा सांस्कृतिक एवं धार्मिक रूप से यह पूर्ण रूप से असत्य भी है। पारिवारिक सामाजिक स्तर पर भी देखें तो समाज के नैतिक मूल्यों में आई गिरावट के परिणाम स्वरूप सामाजिक प्रतिष्ठा उसी को प्राप्त होती है जिसके पास पर्याप्त तथा अकूत धन हो। धनवान व्यक्ति की विचारधारा उसकी मान्यताओं को समाज महत्व देता है एवं उसे प्रेरणा का स्रोत माना जाता है। निर्धन व्यक्ति कितना भी विद्वान ऊर्जावान हो उसकी बातें सत्य पूर्ण सत्य तथा उदास बातें भी समाज में कई उदाहरणों में महत्वहीन हो जाती है। धन तथा बाहुबल के महत्व के अनेक उदाहरण राजनीतिक स्तर पर प्रतिदिन हमारे सामने आने लगे हैं। राजनीतिक जीवन में धन के बल पर किए जाने वाले भ्रष्टाचार, चुनाव में धांधली, मतदाताओं की खरीद-फरोख्त, पार्टियों पर अनुचित प्रभाव मीडिया चौनल न्यूज प्रिंट मीडिया आदि की खरीदारी सत्य के मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह लगा देते हैं।

> **आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म ,अध्यात्म ,अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण ,ज्ञान विज्ञान ,जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निर्देशों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं। धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति,संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं।**

## 400 प्लस सीटों व 50 प्रतिशत वोटिंग शेयर मिलने पर संशय कायम!

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**


वैश्विक स्तरपर लोकतंत्र के महापर्व की गूंज का आगाज कर भारत ने अपने सबसे बड़े लोकतंत्र के महापर्व का दम दिखा दिया है। 19 अप्रैल से 1 जून 2024 तक लगातार सात चरणों की सफलता से अपनी मंजिल को पाने वाले चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं, राजनीतिक दलों मतदान मशीनरी और मतदान को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। भारत नें इतिहास रच दिया है, अब पूरी दुनिया की निगाहें 4 जून 2024 को होने वाली मतगणना पर लगी हुई है, जिसमें वोटिंग मशीनों में बंद उम्मीदवारों के भाग्य खुलेंगे और ताज किसके सर होगा इसका निर्णय हो जाएगा तथा 18वीं लोकसभा का गठन होकर सरकार बनेगी, फिर देश विकास की पटरी पर दौड़ने लगेगा। बता दें कि 1 जून 2024 को शाम 5 बजे जैसे ही मतदान समाप्त हुआ इधर पूरे मीडिया जगत में एग्जिट पाल की धूम मच गई। अनेक एजेंसीयों ने जो एग्जिट पोल करके रखे थे, धड़ाधड़ एक के बाद एक सभी सोशल, प्रिंट, इलेक्ट्रानिक मीडिया में खुलने लगे। मैं स्वयं भी पूरे सात चरणों पर मीडिया के माध्यम से नजर लगाए बैठा था और 1 जून 2024 को शाम 5 बजे के बाद रात्रि 2 बजे तक टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर लगातार नजर लगाए बैठा था चैनलों पर डिबेट को बहुत ध्यान से सुना और करीब 9 एजेंटीयों के एक्जिस्ट पोल का सटीक विश्लेषण कर इस बात पर पहुंचा हूं कि सत्ताधारी पार्टी का नारा अबकी बार 400 पार व 50 प्रतिशत से अधिक वोटिंग शेयर की कामना शायद अधूरी रह जाएगी तथा विपक्ष का सुपड़ा साफ वाली बात भी अधूरी रहेगी तथा विपक्ष की आवाज कि पक्ष सत्ता से बाहर होगा यह भी अधूरा ही रह जाएगा।यानें इन सभी बातों पर 4 जून 2024 को फुलस्टाफ लग जाएगा। परंतु एक बात निश्चित है कि अबकी बार हैट्रिक पक्की है, यानें सत्ताधारी पार्टी कीसरकार बनेगी और माननीय पीएम द्वारा हैट्रिक लगाना तय है। चूंकि 400 प्लस सीटें व 50 प्रतिशत वोटिंग शेयर मिलने की संभावना कम है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,सटीक एक्जिस्ट पोल,4 जून 2024 को असली नतीजे, हैट्रिक पक्की है। साथियों बात अगर हम 1 जून 2024 को करीब 9 एग्जिट पोलों के पोल की करें तो, 9 एग्जिट पोल के अब तक आए डेटा के मुताबिक, पोल ऑफ पोल्स में भाजपा को 334, कांग्रेस को 136 और अन्य को 50 सीटें मिलती दिख रही हैं। गठबंधन की बात करें तो एनडीए को 348 और इंडिया को 148 सीटों का अनुमान है। 12 राज्यों का डेटा अभी नहीं आया है। हिंदी पट्टी के राज्य उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली में भाजपा को एकतरफा बढ़त का अनुमान बताया गया है। इन राज्यों की 90 प्रतिशत से ज्यादा सीटों पर भाजपा की जीत तय मानी जा रही है।एमपी की 29 सीटों में से भाजपा को 28 से 29 और वहीं राजस्थान में भी 23 से 25 सीटें मिलने का अनुमान है। उत्तरप्रदेश में 69 से 74 और छत्तीसगढ़ में 11 की 11 सीटें आ सकती हैं। बंगाल में उलटफेर होता दिख रहा है। यहां भाजपा को 26 से 31 सीटें मिलने के आसारहैं। बता दें लोकसभा चुनाव 2024 के सातों चरण के मतदान संपन्न हो गए है। 543 लोकसभा सीटों के परिणाम ईवीएम में कैद हो गए हैं। अब लोगों को बेसब्री से इस बात का इंतजार है कि देश में अगली सरकार किसकी बनने जा रही है। क्या देश में तीसरी बार वही सरकार आने वाली है या फिर कुछ उलटफेर होगा? विपक्षी गठबंधन इंडिया भी इस बार जीत का दावा कर रहा है। देश में अगली सरकार किसकी बनेगी, ये तो 4 जून को ही पता चल पाएगा, लेकिन उससे पहले एग्जिट पोल के रिजल्ट सामने आ गए हैं।

### कितना अच्छा होता.....



कितना अच्छा होता, हर कोई यदि अच्छा होता, उम्र भले कितनी बढ़ जाती पर दिल आज भी बच्चा होता, बाहर से कुछ भी कह लेते भीतर से मन सच्चा होता ,और उम्र से अनुभव पक्के होते पर अपनों में सब कच्चा होता, यदि होता ऐसा तो फिर सबकुछ कितना अच्छा होता

**वानी की कलम से.........**



## राशिफल

**मेषः-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**बृषभः-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा।

**मिथुनः-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे।

**कर्कः-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्याः-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** संघर्ष के इन दिनों में धैर्य और हिम्मत से काम लें। मन को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः-** आकस्मिक ढेर सारे तनाव मन पर प्रभावी होंगे। निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें।

**मकरः-** भविष्य संबंधी कुछ योजनायें मन को प्रभावित करेंगी। मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा।

**कुंभः-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**मीनः-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

# तपिश में उत्साह से समृद्ध हुआ लोकतंत्र

आखिरकार सबसे लंबी अवधि वाले चवालीस दिनी आम चुनाव का समापन शनिवार को 57 सीटों पर मतदान के साथ हो गया। झुलसाती गर्मी व तूफान के बावजूद सात चरणों वाले लंबे चुनाव अभियान में मतदाताओं का उत्साह दुनिया को भारतीय लोकतंत्र की ताकत दिखाता है। बड़ी-बड़ी रैलियों, रोड शो और जनसंपर्क कार्यक्रमों में मतदाताओं की उपस्थिति भारतीय लोकतंत्र के उज्ज्वल भविष्य को ही दर्शाती है। बेहतर होता कि बेहद जटिल मौसमी परिस्थितियों में यह चुनाव कार्यक्रम इतना लंबा न होता। छिटपुट हिंसा घटनाओं को छोड़कर कमोबेश यह चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

लेकिन हमें स्वीकार करना होगा कि तमाम सांस्कृतिक, भौगोलिक व राजनीतिक रुझान में विविधताओं वाले इस देश में आज भी चुनाव प्रक्रिया विश्वसनीय मानी जाती है, जिसका श्रेय निश्चित रूप से वर्षों से सक्रिय चुनाव आयोग के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया जाना चाहिए। शांतिपूर्ण मतदान से मतदाताओं का चुनाव प्रक्रिया में विश्वास बढ़ता है। भारत को यूं ही दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र नहीं कहा जाता। हमारी 18वीं लोकसभा के लिये संपन्न चुनाव में विश्व का सबसे बड़ा मतदाता वर्ग सक्रिय रहा। देशभर में कुल 96 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत रहे। इतने बड़े मतदाता वर्ग के लिये सुगम मतदान की व्यवस्था करना निश्चित ही चुनौतीपूर्ण कार्य था। लेकिन एक बात तय है कि 19 अप्रैल को शुरू हुए पहले चरण के मतदान से शनिवार को संपन्न सातवें व अंतिम चरण के मतदान कार्यक्रम को यदि कुछ सप्ताह कम किया जाता तो मई के अंत की भीषण गर्मी से मतदाताओं को दो-चार न होना पड़ता। कई राज्यों से चुनाव ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों के लू से मरने की विचलित करने वाली खबरें भी आई। वहीं लंबी चुनावी प्रक्रिया के दौरान आचार-संहिता लंबे समय तक लागू रहने से विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं। बहरहाल, चुनाव कार्यक्रम निर्धारण को केंद्र में सत्तारूढ़ दल की प्राथमिकता भी प्रभावित करती है तो वहीं कानून-व्यवस्था व कुछ व्यावहारिक दिक्कतें भी चुनाव कार्यक्रम को लंबा बनाती हैं। बहरहाल, एक बात तय है कि चुनाव चरणों का लम्बा समय व मौसम की प्रतिकूलताएं मतदाताओं को उदासीन बनाती हैं। कुछ चुनावी पंडित मतदान प्रतिशत में पिछले बार के मुकाबले गिरावट आने की यही वजह बताते हैं। वहीं विश्वसनीयता खोते राजनेता तथा नकारात्मक चुनाव प्रचार भी मतदाताओं की चुनावों में दिलचस्पी को कम कर देता है। लेकिन इसके बावजूद हालिया तूफान से प्रभावित पश्चिम बंगाल से लेकर हिमाचल के दुर्गम इलाकों लाहौल-स्पीति तक में मतदाताओं ने उत्साह से चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। इस बार के चुनाव में एक सकारात्मक पक्ष यह भी दिखा कि वयोवृद्ध व अशक्त लोगों को घर से मतदान करने का अवसर मिला।

चुनाव ड्यूटी में लगे करोड़ों कर्मचारियों का डाक से अपना मतदान करने का उत्साह भी लोकतंत्र की खूबसूरती को ही दर्शाता है। अभी भी मतदान प्रक्रिया को और अधिक मतदाताओं के अनुकूल बनाने की जरूरत है। साथ ही राजनेताओं का दायित्व भी बनता है कि उनकी रीतियों-नीतियों का असर हकीकत में भी नजर आए। अन्यथा मतदाताओं का मोहभंग होते देर न लगेगी। शांतिपूर्ण ढंग से सत्ता का हस्तांतरण भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती है। इस खूबसूरती पर किसी तरह की आंच नहीं आने देनी चाहिए। पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आम मतदाता का विश्वास निरंतर मजबूत होते रहना चाहिए। इसके लिये समय-समय पर चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठने वाले सवालों व शंकाओं का समाधान भी जरूरी है। आचार-संहिता के उल्लंघन जैसे मामलों में कार्रवाई को लेकर चुनाव आयोग तमाम आक्षेपों से मुक्त रहना चाहिए। ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि आयोग सत्तारूढ़ दल के प्रति उदार रुख दिखा रहा है। चुनाव आयोग का निष्पक्ष रहने के साथ निष्पक्ष दिखना भी जरूरी है। बहरहाल, चार जून को जनादेश का परिणाम देश के सामने होगा। जो भी दल केंद्र में सरकार बनाये, उसे ध्यान रखना होगा कि युवाओं का यह देश बेरोजगारी व महंगाई का दंश झेल रहा है। देश में आर्थिक असमानता का दायरा सिमटना चाहिए। यदि देश की विकास दर लगातार बढ़ रही है तो उससे समृद्धि समाज के अंतिम व्यक्ति के घर में भी नजर आनी चाहिए।

> **बहरहाल, चुनाव कार्यक्रम निर्धारण को केंद्र में सत्तारूढ़ दल की प्राथमिकता भी प्रभावित करती है तो वहीं कानून-व्यवस्था व कुछ व्यावहारिक दिक्कतें भी चुनाव कार्यक्रम को लंबा बनाती हैं। बहरहाल, एक बात तय है कि चुनाव चरणों का लम्बा समय व मौसम की प्रतिकूलताएं मतदाताओं को उदासीन बनाती हैं। कुछ चुनावी पंडित मतदान प्रतिशत में पिछले बार के मुकाबले गिरावट आने की यही वजह बताते हैं। वहीं विश्वसनीयता खोते राजनेता तथा नकारात्मक चुनाव प्रचार भी मतदाताओं की चुनावों में दिलचस्पी को कम कर देता है। लेकिन इसके बावजूद हालिया तूफान से प्रभावित पश्चिम बंगाल से लेकर हिमाचल के दुर्गम इलाकों लाहौल-स्पीति तक में मतदाताओं ने उत्साह से चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। इस बार के चुनाव में एक सकारात्मक पक्ष यह भी दिखा कि वयोवृद्ध व अशक्त लोगों को घर से मतदान करने का अवसर मिला। चुनाव ड्यूटी में लगे करोड़ों कर्मचारियों का डाक से अपना मतदान करने का उत्साह भी लोकतंत्र की खूबसूरती को ही दर्शाता है। अभी भी मतदान प्रक्रिया को और अधिक मतदाताओं के अनुकूल बनाने की जरूरत है। साथ ही राजनेताओं का दायित्व भी बनता है कि उनकी रीतियों-नीतियों का असर हकीकत में भी नजर आए। अन्यथा मतदाताओं का मोहभंग होते देर न लगेगी। शांतिपूर्ण ढंग से सत्ता का हस्तांतरण भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती है। इस खूबसूरती पर किसी तरह की आंच नहीं आने देनी चाहिए। पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आम मतदाता का विश्वास निरंतर मजबूत होते रहना चाहिए। इसके लिये समय-समय पर चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठने वाले सवालों व शंकाओं का समाधान भी जरूरी है।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# गर्म हवा व लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

- 12:00 बजे से 3:00 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास न लगे तो भी पानी पियें

महोबा, समृद्धि न्यूज।



पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय/ भारत मौसम विज्ञान विभाग मौसम केंद्र द्वारा दिनांक 3 जून से दिनांक 6 जून तक जनपद में लू चलने की चेतावनी जारी किया गया है।उक्त के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश द्वारा जनसाधारण को मौसम के बढ़ते तापमान देखते हुए जनसाधारण को जागरूकता एवं बचाव के तरीके बताए हैं कि लू प्रकोप एवं गर्म हवा लू से जन - हानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए सावधानियाँ बरतें - कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास न लगे तो भी पानी पियें।

हल्के रंग के ढीले ढीले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें , यह शरीर को निर्जलित कर सकते हैं अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें ओर गीले कपडे को अपने चेहरे सिर और गर्दन पर रखें। अगर आपकी तबियत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी छाछ, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। लू के चपेट में आने पर बिल्कुल लापरवाही न करें, शरीर को बर्फ या ठंडा पानी सें लागातार पोंछे । शरीर पर भीगा हुआ कपड़ा बिल्कुल न लपेटे क्योंकि इसे शरीर का तापमान बढ़ेगा और हालत पहले से गंभीर हो जायेगी।

जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे शटर आदि का इस्तेमाल करे। रात में खिड़कियाँ खुली रखें। फैन ढीले कपड़े का उपयोग करें। ठंडे पानी से बार - बार नहाएं।

### क्या करें, क्या न करें

धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे के खिड़की एवं दरवाजे खुलें रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थ, शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएँ आती है, काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वनुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क आपत स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोड़े। जहाँ तक संभव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के सम्पर्क से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहाँ तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित भोजन करें, हल्का व सूती कपड़े पहने, घर से बाहर निकलने पर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें।

# कल्पतरू प्रोजेक्टस इन्टरनेशनल लिमिटेड के द्धारा नि:शुल्क खोला गया प्याऊ

पनवाड़ी, महोवा, समृद्धि न्यूज।



सम्पूर्ण क्षेत्र मे जव भीषण गर्मी अपना सितम ढाते हुए हीट वेव से अपने आगोश मे ले रही हो ऐसे मे प्राकृतिक की मार गरीब असहायो एवं मजदूरो को झेलनी पडती है

कस्बे मे एक नि शुल्क प्याऊ होने के कारण आबागमन करने वाले राहगीरों को पीने के पानी की आवश्कता थी

उत्तर प्रदेश शासन की मन्शा के अनुरूप पनवाडी कस्वे के मोटर स्टेन्ड मे कल्पतरू प्रोजेक्टस इंटरनेशनल लिमिटेड के द्वारा शीतल पेयजल की व्यवस्था उपलव्ध करायी गयी है। इस नि शुल्क प्याऊ खुलने से तमाम गरीव मजदूर असहाय वर्ग के लोग मोटर स्टेन्ड पर यात्री आने जाने वालो को शीतल पेयजल पीने का लाभ उपलव्ध होने लगा।

शीतल पेयजल के उदघाटन के अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर एस के मिराज ने बताया कि उपरोक्त पौशाला 15जून तक चलायी जायेगी तापमान को देख समय वढाया जा सकता है। ऐसी भीषण गर्मी मे शीतल पेयजल पीने वालो की लाइन लगी हुयी है। अभी दो दिन पूर्व पनवाडी पंचायत ने उपजिलाधिकारी के आदेश मिलने पर मोटर स्टेन्ड एव तिगैला स्टेन्ड पर दो नि शुल्क प्याऊ खुलवाये थे जिससे यात्रियो को काफी राहत मिली थी।

## खबरें एक नजर में

### महिला को मारपीट कर किया जख्मी, शिकायत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** आपसी विवाद को लेकर पड़ोसियों ने महिला को लात घूसों से पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने लिखित शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र केछिरका गांव निवासी जानकी पत्नी देशराज ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसके पड़ोसी सियाराम,नीलम,शोभा, प्रदीप आदि ने एक राय होकर लात घूसों से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया और उनका कहना था कि सियाराम की पुत्री का विवाह में बाधक बन रही हो इसलिए तुम्हारे साथ मारपीट किया जा रहा है।इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### मरीजों का शिविर में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** लोटस टी एम टी मेडिकल बस कैंप रविवार को कम्पनी गार्डन में लगाकर रोगियों का बंगाल से आए हुए कुशल चिकित्सकों द्वारा निशुल्क इलाज किया गया। निशुल्क चिकित्सा मेडिकल बस कैंप वरिष्ठ समाजसेवी रामशरण गुप्ता के सफल प्रयास से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगाया जा रहा है समाजसेवी रामशरण गुप्ता ने बताया की जल्द ही अन्य रोगों लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। रविवार को शहर के कंपनी गार्डन चिकित्सीय संसाधनों के साथ निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, सोमवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कचेहरी परिसर पर स्वास्थ शिविर लगाया जायगा रविवार को अधिक संख्या में रोगियों की निशुल्क जांच के साथ दवा वितरित की गई फिजीशयन डॉ हार्दिक गिलानी बताया की इस भीषण गरमी में पानी का सेवन अधिक से अधिक करें सिर पर अंगोछा या कपड़ा बांधकर ही निकले जरूरत हो तो ही घर से बाहर निकले, बंगाल से आए हुए चिकित्सा टीम में डॉ शफीकुल इस्लाम नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ शाहवनराय डेंटिस, डॉ हार्दिक गिलानी फिजिशियन ने मरीजों का सफल परीक्षण किया और परामर्श दिया। इस अवसर पर श्याम, एडवोकेट अजय गुप्ता, राहुल गुप्ता, अजय दिवेदी अजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### भूतपूर्व सैनिक जन कल्याण समिति की बैठक संपन्न

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भूतपूर्व सैनिक जन कल्याण समिति उत्तर प्रदेश की इटावा इकाई की मासिक बैठक संगठन के पदाधिकारी राजा रिपु दमन सिंह राजावत के आवास पर अध्यक्ष शिवजीत सिंह भदोरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष कानपुर अनिल कुमार सिंह तथा संरक्षक इंद्रजीत सिंह भदोरिया, बृजेंद्र सिंह चौहान, रामबली सिंह , उपाध्यक्ष जयसिंह राजावत , चंद्र बदन सिंह भदोरिया, ओम प्रकाश सिंह, जिला प्रबंधक सचिव आलोक सिंह भदोरिया, कोषाध्यक्ष रामचंद्र सिंह वर्मा, हरि शंकर एवं अन्य सम्मानित सदस्यगण उपस्थित हुए। इस बैठक में जनपद के भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं और वीरांगनाओं की पेंशन पर विशेष चर्चा हुई। जनपद कार्य समिति ने सर्व सम्मत रूप से प्रदेश कार्यकारिणी का जनपद में कार्यक्रम करवाने का प्रस्ताव पारित किया।

### हरि नाम गूंज के साथ निकली नगर संकीर्तन यात्रा



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय राधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा शाखा के तत्वावधान में रविवार को कुंज पचराहा क्षेत्र में हरि नाम संकीर्तन और ढोल नगाड़ों के साथ नगर संकीर्तन यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा एवं आरती कर यात्रा का स्वागत किया। संकीर्तन मंडल से जुड़े सदस्य श्रद्धालुगण सबसे पहले प्रात:काल यात्रा के यजमान केशव नारायन सिंघल के कूंचा अनीराय टंडन टेंट हाउस वाली गली मोहल्ला कुंज स्थित आवास पर पहुंचे जहां राधा माधव युगल सरकार का पूजन एवं आरती कर उनकी पालकी को कांधे पर रख यात्रा आरंभ की जो छैराहा, पंसारी टोला, अकाल गंज, पचराहा आदि की गलियों से होती हुई पुन: यात्रा के यजमान केशव नारायन के आवास पर पहुंची, जहां नवीन अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, अरुण अग्रवाल ने सभी भक्त श्रद्धालुओं का स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों ने यात्रा पर जमकर पुष्प वर्षा करते हुए युगल सरकार की आरती उतारी एवं शरबत, शिकंजी, बिस्किट, फल, मिष्ठान, शीतल पेय, कुल्फी आदि प्रसाद के रूप में वितरित किया। यात्रा को सफल बनाने में मंडल शाखा के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक, मंत्री विष्णु नारायन शोरावाल, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, राजेश वाजपेई, नरेंद्र वर्मा, कमल किशोर वाजपेई, राजेंद्र सिंह, हरि प्रकाश शुक्ला, राजीव अवस्थी, जीतू वर्मा, राम प्रकाश पांडेय, सभासद शरद वाजपेई, जय प्रकाश जैन, लालजी, विष्णु कुमार अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। मंडल के मंत्री विष्णु नारायन शोरावाल ने बताया कि शाखा के आजीवन सदस्य विजय प्रकाश सक्सेना के भाई अजीत प्रकाश सक्सेना का आज ही देहावसान हो गया, जिनके अंतिम संस्कार में भी शामिल हो दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

# घटिया रोड़ निर्माण से आक्रोश



महोबकंठ महोबा, समृद्धि न्यूज।

पनवाड़ी विकासखंड के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा हो रहा है रोड निर्माण कार्य रूरीकला से लेकर महोबकंठ मैंन रोड तक बिना मानक व गुणवत्ताहीन पीडब्ल्यूडी विभाग कर रहा है काम ना कोई रोलर ना कोई इसमें डामर बगैर डामर की डाली जा रही है गिट्टी योगी सरकार में जिला के उच्च अधिकारियों को नहीं है योगी सरकार का डर एक तरफ योगी सरकार कहती है गुड गड्ढा मुक्त उप्र होगा लेकिन जिले के भ्रष्ट अधिकारियों की कारण देखा जाए तो बगैर मानक के रूरी कला से लेकर महोबकंठ तक पीडब्ल्यूडी विभाग कर योगी सरकार में ठेकेदारों की हो रही है बल्ले बल्ले।

# जल जीवन मिशन योजना ग्रामीणों में फ्लॉप

- खुले में बह रहा है पानी
- वि.हि.म गौरक्षा प्रकोष्ठ ने उठाया वीणा- मीठे पानी को नहीं होने देंगे बर्वाद

महोबा, समृद्धि न्यूज।



प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम पंचायत में करोड़ों रुपया खर्च करके ग्रामीणों को पीने के स्वच्छ पानी ,जल जीवन अभियान के तहत कनेक्शन दिए जा रहे हैं।

जहां ग्रामीणो के प्रत्येक परिवार के दरवाजे तक मैंन लाइन से पतली पाइप लाइन द्वारा कनेक्शन दिए जा रहे हैं, एवं दिए गए। वहीं विकासखंड चरखारी के ग्राम पहरेता में पानी के पाइप का एमडीपी टैंक जगह-जगह खुले छोड़ दिए गए हैं, ग्राम पहरेता यज्ञशाला के पास में खुले टैंक में लोग नहाने एवं कपड़ा धोने जैसे काम कर रहे हैं। यह प्रक्रिया लगभग 04 महीना से चल रही है ग्राम पहरेता के ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ठेकेदारों से सैकड़ो जगह स्टैंड टोटी लगाने की बात एवं टैंक बंद करने की बात कही गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया की मात्र पहरेता स्टैंड में टोटी ना लगने से सैकड़ो लीटर पानी बहता बर्बाद हो रहा है। विश्व हिन्दू महासंघ गौरक्षा प्रकोष्ठ चरखारी ब्लॉक अध्यक्ष - प्रदीप भदौरिया, योगेन्द्र सिंह, अमन कुमार, कृष्णगोपाल मिश्रा, शिवप्रताप भदौरिया जी ने जल जीवन मिशन अधिकारी एई को दर्जनो बार अवगत कराया जा रहा है कि समस्त क्षेत्र में यही स्थिति उत्पन्न है लेकिन अधिकार अपने काम को आनाकानी करने में लगे हुए हैं। कुछ लोगों ने बताया कि कुछ ग्रामीण नहाने कपड़े धोने व शौंच क्रिया हेतू उसी टैंक से पानी का खुले आम प्रयोग कर रहे हैं जिसके चलते पानी दूषित हो रहा है।

### अज्ञात कारणों के चलते खेत के मकान में लगी आग



**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली चरखारी के अंतर्गत ग्राम गुढ़ा में गिरजरानी पत्नी स्वर्गीय प्रहलाद श्रीवास ने पुलिस चौकी गौरहारी में लिखित शिकायत पत्र देकर अवगत कराया की मेरे खेत बने मकान में विगत रात्रि किसी ने आग लगा दी जिससे उसमे डेढ़ कुंटल अनाज पाइप ,वा गृहस्ती का सामान सब जलकर खाक हो गया लगभग ढाई लाख का नुकसान आंका गया है लेखपाल श्री कुमार वा चौकी प्रभारी विनोद सिंह ने मौके पर जाकर मुआयना किया और हर संभव मदद का भरोसा दिया।

# पैथोलॉजी केंद्रों में रेट निश्चित न होने से गरीब मरीजों का होता है शोषण

- सात साल पहले तत्कालीन सीएमओ ने फिक्स किये थे रेट, कर्ज लेकर गरीब मरीज आते हैं इलाज कराने, कोई नहीं है गरीबों की पीड़ा सुनने वाला

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

जिले में पैथालाजी जांच केंद्रों में जांच के रेट निश्चित न होने के कारण गरीब मरीजों का जमकर शोषण हो रहा है,सात साल पहले तत्कालीन सीएमओ ने रेट निश्चित कर केंद्रों के बाहर सूची चस्पा करा दिया था मगर उनके जाने के बाद पैथालाजिस्ट फिर पुराने ढर्रे में आ गये है।

जानकारी के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले गरीब मरीजों का इलाज के नाम पर जांचों में जमकर शोषण होता है,कोई रेट फिक्स न होने के कारण मरीजों से मनमानी पैसा वसूल किया जाता है गरीब मरीज गांवों से कर्ज लेकर इलाज कराने आता है और उसे जांच के नाम पर जमकर लूटा जाता है। डाक्टर ज्यादातर ऐस ी जांचे लिखते है जो अस्पताल में नही होती है इसलिये मरीजों को मजबूरन प्रायवेट जांच केंद्रों में जांच करानी पड़ती है। यही नही पैथालाजी केंद्रों में अनटेंड्र जांच कर्ता बैठे होने के कारण सही जांचे भी नही हो पाती है इसलिये मरीजों को कानपुर की शरण लेनी पड़ती है महिला व पुरुष अस्पताल में दलालों द्वारा मरीजों को गुमराह कर प्रायवेट जांच केंद्रो में लाकर खड़ा कर दिया जाता है। मजे की बात तो यह है कि सीएमओ दफ्तर के सामने ही मरीजों का शोषण होता है मगर आज तक सेहत विभाग के किसी भी अधिकारी ने इसकी जांच पड़ताल नही की है न ही जानने की कोशिश की है कि पिछले सात साल पहले तत्कालीन सीएमओ ने सभी पैथालाजिस्टों की एक आवश्यक बैठक बुलाकर रेट निश्चित कर हरेक केंद्रों में सूची चस्पा करा दी गयी थी मगर उनके जाने के बाद फिर वही ढर्रा शुरु हो गया है। अनाप शनाप रेट क्यो लिये जा रहे है। हालाकि इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से कई मर्तवा की गयी है मगर अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है लिहाजा गरीब मरीजों के शोषण रुकने का नाम नही ले रहा है। मरीजों ने बताया कि जांच केंद्रों में जांच के रेट पहले नही बताये जाते है बाद में दोगुने तिगुने दाम वसूले जाते है यदि किसी मरीज ने आपत्ति जाहिर की तो उसके साथ अभद्रता की जाती है। पिछले दिनों चित्रकूटधाम मंडल की अपर स्वास्थ्य निदेशक डा.रेखारानी ने दौरा किया था लोगो ने इस मामले की चर्चा की थी मगर उन्होने कोई संतोषजनक उत्तर नही दिया था। सीएमओ डा.गीतम सिंह का कहना है कि यदि उनके पास कोई शिकायत आयेगी तो देखा जायेगा।

# असंतुलित ट्रैक्टर पलटने से पिता-पुत्र घायल



सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

कस्बे से वापस लौटकर बिरखेरा जा रहा ट्रैक्टर पारा विद्युत सब स्टेशन के आगे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गया। इस घटना में पिता पुत्र घायल हो गए। पुत्र का पैर टूटने पर सदर अस्पताल ले जाया गया है। बिरखेरा निवासी शंकर वाल्मीकि (45)अपने पुत्र कल्लू वाल्मीकि(16) के साथ ट्रैक्टर लेकर कस्बे में आया था। सुबह वह ट्रैक्टर लेकर गांव लौट रहे थे। तभी पारा विद्युत सब स्टेशन के आगे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गया। इस घटना में पिता पुत्र घायल हो गए। कल्लू का पैर टूट जाने से उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। चालक शंकर को मामूली चोटे लगी हैं।

# ज्ञानार्जन के लिए स्वाध्याय जरूरी : आनंद पुरुषार्थी

सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के पंधरी गांव में आर्य समाज ने दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया है। जिसमें हवन यज्ञ व प्रवचन के माध्यम से विश्व कल्याण की कामना की गई।

रविवार को प्रातः यज्ञ में मध्य प्रदेश नर्मदापुरम से आए आचार्य आनंद पुरुषार्थी ने वेद मंत्रों से आहुतियां दिलवाई और गुरुकुल में अध्ययन कर रहीं कस्बे की तीन बेटियों ने वेद पाठ किया। फरीदाबाद से आए पं. प्रदीप शास्त्री ने मधुर भजनों से सबका मन मोह लिया। उन्होंने साधना में आत्मसंयम, आत्मज्ञान,आत्मबल, आत्म विश्वास इन चार शब्दों की शास्त्रीय व्याख्या की । अपनी इंद्रियों व मन पर नियंत्रण होने से हमारा आत्म संयम हो जाता है इसके बाद स्वाध्याय से हमारा ज्ञान बढ़ता है फिर हमारी सांसारिक रुचि कम होकर आत्मा का बल बढ़ने से कठिन व संघर्ष के दुःख समस्याएं हमको पर्वतवत होने पर भी राई जैसी प्रतीत होती है। परिणाम स्वरूप आत्म विश्वास में अभूतपूर्व वृद्धि होती है। जिस कार्य को करने में सांसारिक व्यक्ति को असंभव लगता है। साधक विश्वास से अलंकृत हो उसे सहज ही करने लगता है। महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने अपने कालजयी ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश में इसका विस्तार से वर्णन किया है। आयोजक विवेक आर्य ने सबका आभार व्यक्त किया और आगामी चार दिनों के उत्सव की जानकारी दी।

# पंचायत घर में जागरूकता शिविर आयोजित

इटावा, समृद्धि न्यूज।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अंतरराष्ट्रीय बाल संरक्षण दिवस के अवसर पर पॉक्सो एक्ट व बाल अधिकार विषय के अन्तर्गत शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को उनके अधिकार बताए गए तथा अभिभावकों को बच्चों के अधिकारों व उनके संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। पॉक्सो एक्ट पर भी विस्तृत जानकारी दी गई।

भतौरा गांव के पंचायत घर में आयोजित उक्त जागरूकता शिविर में प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि बाल अधिकारों का हनन किसी भी कीमत पर नहीं होना चाहिए यदि बच्चों का उत्पीड़न हो तो वह चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि बच्चों से कोई भी मजदूरी नहीं करा सकता है यदि ऐसा करता कोई पकड़ा जाता है तो ऐसे लोगों पर कठोर कार्यवाही की जाती है इसके लिए भी कानून बना है। उन्होंने बताया कि पॉक्सो पीड़ित बच्चों के लिए सपोर्ट पर्सन भी नियुक्त कर दिए गए हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पीएलवी कु. नीरज शाक्य ने बाल अधिकारों की व्याख्या करते हुए भारत में बाल अधिकारों के संरक्षण पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों से श्रम न कराया जाए उनकी शिक्षा पर ध्यान दिया जाए। 6 से 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों को मुफ्त शिक्षा पाने का अधिकार है। उन्होंने बच्चों को गुड टच और बेड टच भी समझाए। उन्होंने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए पेन भी वितरित किए।

इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि पवन शाक्य, तहसील अमीन राजीव कुमार, पंचायत सहायक अंजलि, के अलावा किरन, एंजल, मोहित, सर्वेश, श्यामवीर आदि लोग भी मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से आटो सवार युवक घायल

**राहगीरों ने ट्रक चालक को किया पुलिस के हवाले**

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** नेशनल हाईवे में पशु बाजार के निकट रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे आटो पलट गया। उसके पलटने से सड़क किनारे गन्ने का रस बेच रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर मौके से भाग रहे ट्रक को राहगीरों ने पेट्रोल पंप के समीप पकड़कर पुलिस की सुपुर्द किया है। रविवार को दोपहर में तेज रफ्तार ट्रक ने पशु बाजार के समीप ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इससे ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया और हाईवे किनारे गन्ना का रस बेच रहा कुंडौरा निवासी मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में ऑटो चालक बाल बाल बच गया। घटना को अंजाम देकर मौके से भाग रहे ट्रक चालक को लोगों ने पेट्रोल पंप के समीप जाकर दबोच कर पुलिस हवाले कर दिया।

# गुजरे जमाने की बात हो गये जगह जगह लगने वाले प्याऊ

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

भीषण गर्मी के चलते जिले में कही पर प्याऊ नही स्थापित किये गये है। दूरदराज से आने वाले यात्री व अन्य लोग एक एक बूंद पानी को तरसते रहते है। इधर तीन साल से कोई निजी संस्था प्याऊ की प्रबंध नही किया है।

जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले धर्मार्थ प्याऊ का इंतजाम निजी संस्थाएं करती थी जिससे लोगो को काफी राहत मिलती थी। इस कार्य में प्रशासन भी सहयोग करता था। मगर प्याऊ व प्यासे को पानी पिलाना गुजरे जमाने की बात हो गयी है। चाहे रोडवेज हो या प्रायवेट स्टेंड हो कही पर भी प्याऊ नही दिखायी पड़ते है यात्रियों का कहना है कि आवश्यक कार्य से बाहर जाना पड़ता है मगर प्याऊ नहोने के कारण लोग गश खाकर गिर पडते है। बीमार हो जाते है इधर डाक्टरों का कहना है कि जो भी मरीज अस्पताल मे आते है। उसमे ज्यादातर पानी की कमी से बीमार होते है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी तीन दिन तक भीषण लू व गर्मी रहेगी। यही नही सरकारी अस्पतालों में कही पर भी प्याऊ का प्रबंध नही किया गया है। कुछ दिन पहले जन प्रतिनिधि प्याऊ लगाकर अपने नाम का बोर्ड लगा देते थे मगर अब वह भी इस मामले में कोई कदम नही उठाते है।

# जायंट्स दतावली ने श्रमिकों को अंग वस्त्र व शरबत का किया वितरण

इटावा, समृद्धि न्यूज।



जून माह की प्रचण्ड गर्मी एवं हीट वेव से राहत प्रदान करने हेतु दीन सेवा ही ईश सेवा को आत्मसात् करते हुए जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 5 की निवर्तमान फेडरेशन अध्यक्ष ऊषा यादव के जन्मदिन पर जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली द्वारा शास्त्री चौराहा पर श्रमिकों को अंग वस्त्र-गमछा भेंट एवं शरबत वितरण किया गया।

डॉ शिव राज सिंह यादव सदस्य केन्द्रीय समिति जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन ने श्रमिको, रिक्शा चालको एवं राहगीरों को अंग वस्त्र-गमछा भेंट एवं शरबत वितरण का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस वर्ष भीषण गर्मी एवं हीट वेव का प्रकोप चल रहा है। जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली द्वारा अंग वस्त्र-गमछा भेंट एवं शरबत वितरण सराहनीय एवं अनुकरणीय सेवा है। फेडरेशन उपाध्यक्ष विमल कुमार सिंह ने आयोजन को सराहनीय एवं अनुकरणीय बताया। यूनिट निदेशक आशा अवस्थी ने कहा कि जन्मदिन मनाने के नायाब तरीका अनुकरणीय है। योगेन्द्र यादव पूर्व अध्यक्ष सैफई ने तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए तम्बाकू निषेध का आग्रह किया। ऊषा यादव निवर्तमान फेडरेशन अध्यक्ष ने आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान हेतु समस्त लाभान्वित श्रमिक बन्धुओं रिक्शा चालक एवं राहगीरों के साथ साथ फेडरेशन उपाध्यक्ष विमल कुमार सिंह, कोआर्डिनेटर राम सजीवन सिंह, यूनिट निदेशक आशा अवस्थी, जायण्ट्स दतावली की अध्यक्ष संगीता तिवारी, उपाध्यक्ष विश्व विजय त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष डॉ उमेश यादव, दीप सिंह यादव,के पी सिंह यादव, सुषमा यादव, पूर्व फेडरेशन आफीसर यासीन अन्सारी, रीता मेहरोत्रा, ललित सक्सैना, जायण्ट्स ग्रुप आफ सैफई पूर्व अध्यक्ष योगेंद्र सिंह यादव, दतावली डायमंड की अध्यक्ष रीना यादव, पूर्व अध्यक्ष मनीष सहाय,राज कुमार मैहरोत्रा, रूपाली मेहरोत्रा, नवोदिता समूह की श्रीमती वीना शर्मा, काजल, इटावा डायमंड के निवर्तमान अध्यक्ष बलराज गर्ग, संजय कुमार अग्रवाल, बालक आकर्ष, ट्यूवैल आपरेटर अभिषेक यादव, सफाई नायक राम प्रकाश, सफाई कर्मी राकेश आदि का धन्यवाद किया।



### स्वच्छता मित्रों को विरतीत हुए गमछे व ओआरएस

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी के मौसम में रेलवे के द्वारा अपने कर्मचारियों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। हीटवेव के चलते जहां उन्हें जागरूक किया जा रहा है वही गमछे व ओआरएस के पैकेट भी वितरित किए जा रहे हैं। इटावा जंक्शन पर स्टेशन अधीक्षक द्वारा स्वच्छता मित्रों को साथ प्वांइट मैन को गमछे व ओआरएस तथा ड्राइवर व गार्ड को ओआरएस वितरित किये गये। इस भीषण गर्मी में रेलवे के ड्राइवर व गार्ड के साथ प्वांइट्समैन व स्वच्छता मित्र काम कर रहे हैं इसी के चलते स्टेशन अधीक्षक पीएम मीना के द्वारा सभी को हीट वेव के चलते जागरूक किया गया। उन्होंने 27 स्वच्छता मित्रों के साथ प्वांइट्समैन को गमछे व ओआरएस के पैकेट वितरित किए वही जो भी ड्राइवर गार्ड थे उन सभी को भी ओआरएस के पैकेट दिए और सावधानी बरतने की सलाह दी।

# बालू भरे ट्रकों की कतारें लगने से रास्ता बाधित

कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज

प्रशासन भले ही बालू के अवैध परिवहन न होने का दावा करे पर यह ठीक नहीं है। रविवार सुबह हाईवे से गुजर रहा बालू से भरे ओवरलोड ट्रकों का रैला हकीकत बयां कर रहा है जिनकी वजह से अन्य वाहनों का निकलना तक मुश्किल है।

बालू का अवैध परिवहन इस क्षेत्र के लिए कोई नया नहीं है बल्कि यह गोरखधंधा यहां वर्षों से चला आ रहा है हालांकि जिम्मेदार ऐसा न होने देने का दावा करते चले आ रहे हैं लेकिन उनके दावे में कोई दम नहीं हकीकत समय समय पर सामने आती ही रहती है और इस हकीकत का नजारा रविवार सुबह नगर सीमा में देखने को मिला तो प्रशासन के दावों की हकीकत लोगों के सामने आ गयी है।

विदित हो कि रविवार सुबह अचानक कानपुर देहात के परिवहन एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने वालू के अवैध परिवहन पर कार्यवाही शुरू कर दी तो अमलतास तिराहे से लेकर कानपुर देहात की सीमा तक वालू भरे ट्रकों की कतार लग गयी थी और हाईवे पर जैम की स्थित बन गई थी जिससे कानपुर की तरफ जाने वाले वाहनो को काफी परेशानी हुई थी और लगभग दो घंटे तक हाईवे पर यातायात व्यवस्था के हालात खराब रहे जिससे आम लोगों को भी परेशानी उठानी पडी है।

लेकिन हैरत की बात यह कि बालू का अवैध परिवहन रोकने की जिम्मेदारी उठाए जिम्मेदारों को पता भी नहीं चल सका।

## खनिज विभाग ने अवैध बालू के साथ पकड़े 5 ट्रक



चेकिंग दौरान हाइवे पर खड़े ओवरलोड मौरम भरे वाहन।

कालपी। ऐसा भी नहीं है कि खनिज विभाग बालू का अवैध परिवहन करने वालो के खिलाफ कार्यवाही नही करते हैं बल्कि वह कभी कभार आकस्मिक छापामार कर कार्यवाही करते हैं। इसी के चलते विभाग की टीम ने शनिवार की रात जोल्हूपुर हमीरपुर रोड से अवैध बालू से भरे 5 ट्रकों को पकड़कर उन्हें पुलिस अभिरक्षा में गल्ला मण्डी परिसर में खड़ा करा दिया है।

## प्रार्टी की खरीद, बिक्री करने वाला युवक लापता

जालौन (उरई)। प्रार्टी खरीद व बिक्री करने वाला युवक चार दिन से गायब है। घर से उरई गये युवक के गायब होने की सूचना छोटे भाई ने पुलिस को दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी दाउदपुर निवासी नीरज कुशवाहा पुत्र फूल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके बड़े भाई धीरज कुशवाह प्रार्टी की खरीद व बिक्री का काम करते हैं। इसी सिलसिले में वह उरई, जालौन आते जाते रहते हैं। बीती 30 मई को दोपहर करीब दो बजे वह घर से उरई जाने की बात कहकर गए थे। इसके बाद से वह घर वापस नहीं लोटे है। नाते, रिश्तेदारी और उनके दोस्तों के यहां संपर्क करने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला। उरई में जानकारी करने पर कुछ लोगों ने बताया कि उन्हें अंतिम बार उरई बाईपास पर महाराणा प्रताप चौराहे के आसपास देखा गया था।

# गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन ने पिलाया ठंडा शर्बत

जालौन, उरई। समृद्धि न्यूज



भीषण गर्मी के समय गरीब नवाज रिलीफफाउंडेशन की ओर से नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौराहे पर शर्बत का वितरण किया गया। राहगीरों ने ठंडा शर्बत और पानी पीकर इस कार्य की सराहना की।

इस समय गर्मी अपने चरम पर है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। घर से निकलने और धूप में पहुंचने पर लोगों का गला तर करने की आवश्यकता महसूस होती है। ऐसे में गरीब नवाज फाउंडेशन की ओर से सदस्यों ने नगर के पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौराहे पर टेंट लगाकर ठंडे शरबत और पानी का वितरण किया। धूप से आने वाले राहगीरों को टेंट में बैठाकर उन्हें शर्बत दिया गया। भरी दोपहरी में राहगीरों को यदि शर्बत और पानी मिल जाए तो यह उनके लिए अमृत के समान होता है। राहगीरों ने शर्बत और पानी पीकर युवाओं की सराहना की और आगे भी इस कार्य को जारी रखने की अपील की। फाउंडेशन के बुंदेलखंड निगरां सैयद आमिर अत्तारी ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से लगातार समाजसेवा के कार्य जारी रहते हैं। नगर में चार स्थानों पर एक माह के लिए प्याऊ खुलवाए गए हैं। रविवार को शर्बत का वितरण किया गया है। यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। शर्बत वितरण के कार्य में सैयद आमिर अत्तारी, हाजी नानू, जुनैद अत्तारी, अरशद अत्तारी, निजाम अत्तारी, साबिर अत्तारी, अरशद मदनी, जफर, राशिद, मेहताब कुरैशी, इमरान अत्तारी, रशीद अत्तारी, सोहिल अत्तारी, असरफ अत्तारी, इस्माइल अत्तारी, अतीक अत्तारी, अदनान अत्तारी, मुसीर अत्तारी, बिलाल अत्तारी, सादिक बरकाती, अब्दुल सत्तार आदि ने सहयोग किया।

# मतगणना के लिए प्रशिक्षित किए जाएंगे भाजपा कार्यकर्ता

- प्रत्येक मतगणना टेबल पर नियुक्त किए जाएंगे भाजपा कार्यकर्ता : लल्लू सिंह



अयोध्या। समृद्धि न्यूज

चार जून को लोक सभा क्षेत्र फैजाबाद की मतगणना होगी जिसे लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली है।प्रत्येक मतगणना टेबल तथा एआरओ टेबल पर एक एक कार्यकर्ता नियुक्त किए गए है। मतगणना से पूर्व तीन जून को सभी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण लोक सभा चुनाव के सह संयोजक ओम प्रकाश सिंह व प्रो. कृष्ण मुरारी सिंह देंगे। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए लोक सभा चुनाव कार्यालय पर बैठक हुई।बैठक में प्रत्याशी व सांसद श्री सिंह ने बताया कि मतगणना को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रत्येक विधान सभा में 14 मतगणना टेबल तथा एक एआरओ टेबल लगी है। प्रत्येक मतगणना टेबल पर भाजपा कार्यकर्ता नियुक्त रहेंगे।

इसके अतिरिक्त अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी कार्यकताओं को लगाया गया है।लगभग 82 कार्यकर्ता मतगणना के दौरान उपस्थित रहेंगे।लोकसभा चुनाव संयोजक डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने बताया कि मतगणना में शामिल होने वाले कार्यकताओं को तीन जून को पांच बजे लोक सभा चुनाव कार्यालय बुलाया गया है। सभी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतगणना के हर पहलू की जानकारी दी जाएगी जिससे मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। रात्रि विश्राम के उपरान्त सभी कार्यकर्ता समय से पूर्व ही मतगणना स्थल पर पहुंच जाएंगे। बैठक में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अखण्ड प्रताप सिंह,मुन्ना सिंह, तिलकराम मौर्या, शैलेन्द्र कोरी, इंजी.राम धीरज पाण्डेय, वीरसेन काका,श्याम सिंह महंथ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रक के नीचे सो रहे हेल्पर की दुर्घटना में मौत

कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज

- उपचार के लिये ले जाते समय रास्ते में हुई मौत

बालू घाट पर ट्रक के नीचे सो रहा पोकलैंड मशीन का हेल्पर दुर्घटना का शिकार हो गया। जिसकी इलाज के दौरान कानपुर में मौत हो गई है।

नगर के मुहल्ला तरीबुल्दा के पास यमुना में संचालित बालूघाट में हादसे कोई नये नही बल्कि कुछ दिनों पूर्व बालूघाट पर ट्रक पलटने से मुहल्ला के ही एक किशोर की बालू में दबकर मौत हो गई थी जिसमे काफी हंगामा हुआ था और उस हंगामे में पुलिस ने एक दर्जन नामजदों सहित 84 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था और यह मामला अभी भी चल रहा है और शनिवार दोपहर वहा पर फिर हादसा हो गया है। सूत्रों की माने तो कानपुर देहात निवासी आकाश निषाद पुत्र अशोक उम्र 18 वर्ष बालू घाट पर चल रही पोकलैन्ड मशीन पर हैल्पर का कार्य करता था और शनिवार को वह धूप से बचने के लिए बालू भरने के लिए इंतजार कर रहे डम्फर के नीचे सो गया था लेकिन चालक नहीं देख पाया और नम्बर आने पर उसने डम्फर को वढा दिया था जो उसके ऊपर से निकल गया था। उसके चिल्लाने पर वहा मौजूद लोगों को उसके ऊपर डम्फर चढ़ने की जानकारी हुई तो हड़कम्प मच गया। आनन फानन घाट संचालकों ने गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल भेजा था।

## बैंक में उपभोक्ताओं के लिये हो शौचालय की व्यवस्था

जालौन, उरई। नगर में संचालित कुछ बैंकों में उपभोक्ताओं के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है। बैंक में शौचालय न होने के कारण बैंक में आने वाले उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही है। भारत सरकार स्वच्छता मिशन चला रही है। वहीं भारत सरकार के उपक्रमों बैंक सरकार की मंशा को बट्टा लगा रही है। नगर में संचालित इंडियन बैंक मुख्य शाखा बस स्टैंड, पंजाब नेशनल बैंक आदि बैंकों में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शौचालय तक नहीं है। बैंक में शौचालय न होने के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले उपभोक्ताओं, खासकर महिलाओं को बहुत दिक्कत होती है। रुपये निकासी समेत विभिन्न कामों में समय लगने के कारण उपभोक्ताओं को शौचालय की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में शौचालय न होने के कारण उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ता है और बैंक से बाहर जाना पड़ता है।



## विहिप, बजरंग दल ने शहीद भगत सिंह पार्क में किया पौधरोपण

जालौन,उरई। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए महिलाओं और बच्चों ने शहीद भगत सिंह पार्क में पौधों का रोपण किया। पेड़ों की अंधाधुंध कटान से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। गर्मी नित्य नए रिकार्ड बना रही है। यदि हमअब भी न चेते तो आने वाली पीढ़ियों के लिए समय और भी मुश्किल भरा होगा। ऐसे में बेहतर भविष्य और सुरक्षित पर्यावरण के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में नगर के शहीद भगत सिंह पार्क में पदाधिकारियों समेत महिलाओं और बच्चों ने पौधों का रोपण किया। साथ ही रोपे गए पौधों को सुरक्षित रखने की शपथ भी ली। कहा कि वह नित्य इन पौधों की देखभाल करेंगे। इस मौके पर अनुराग तिवारी, मानवेंद्र परिहार, अंतेश दीक्षित, अनूप दीक्षित, प्रियंका, वैभव, सुभि, राहुल, विनीता आदि मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## मौसम में आए बदलाव से लोगों को मिली राहत

चोपन, सोनभद्र। नगर सहित आसपास के इलाकों में बेतहाशा पड़ रही गर्मी से जहां लोग बाग बिलबिला गये थे न दिन में चैन न रात में चैन सुबह होते सूर्य की तल्ख किरणें मानो आग बरसा रही हैं वहीं रविवार को दोपहर बाद अचानक मौसम में आए बदलाव से लोगों को काफी हद तक राहत मिला तेज आंधी और कुछ जगहों पर बरसात ने मौसम को खुशनुमा बना दिया आंधी इतनी तेज थी कि काफी लोगों के छप्पर और मड़ई हवा में उड़ गये वहीं आंधी की तिव्रता को देखते हुए विधुत आपूर्ति भी बंद कर दी गई कुल मिलाकर रविवार का दिन राहत देने वाला रहा जहां बिते कई दिनों से पारा 45,46,47 डिग्री तक पहुंच गया था जिससे लोग बाग परेशान हो गये थे इग्यारह बजते बजते नगर से लेते हुए गांवों में सन्नाटा पसर जा रहा था वहीं रविवार का मौसम लोगों के लिए सुकुन भरा रहा।

## किशोरी का वांछित अपहर्ता गिरफ्तार

कालपी (जालौन)। तीन सप्ताह पहले कालपी नगर के मोहल्ला उदनपुरा से दलित वर्ग की नाबालिक लड़की को भगा ले जाने के मामले में शामिल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। टरनंनगंज चौकी इंचार्ज एवं विवेचनाधिकारी अभिलाख सिंह ने बताया कि 11 मई 2024 को 17 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर एक व्यक्ति भाग ले गया था। किशोरी के पिता के द्वारा कालपी कोतवाली में अपहरण की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घेराबंदी करके किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया था तथा अपराधिक वारदात में शामिल आरोपी शीलू पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम कुसियारी थाना जसराना जिला फिरोजाबाद को यमुना नदी कालपी के समीप गिरफ्तार कर लिया गया है। चौकी इंचार्ज के मुताबिक किशोरी को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया है। जबकि आरोपी शीलू को सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया गया है।

## बेहोशी में मिले वृद्ध को चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

जालौन,उरई। शनिवार की शाम लौना रोड पर एक वृद्ध मिठाई की दुकान के बाहर तख्त पर बेहोशी की हालत में पड़े थे। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी और वृद्ध को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पंचनामा के लिए भेजा। वृद्ध की पहचान रामनगर उरई निवासी मुन्नीलाल बाथम के रूप में हुई है। नगर के लौना रोड पर शनिवार की शाम एक वृद्ध मिठाई की दुकान के बाहर बैठे थे। काफी देर बैठने के बाद वह तख्त पर ही लेट गए। देर शाम तक जब वह नहीं उठे तो आसपास के लोगों ने उन्हें देखा तो उन्हें लगा कि वह बेहोशी की हालत में हैं। आसपास पता करने के बाद भी जब कोई उनके बारे में नहीं बता सका तो उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां मौजूद लोगों की मदद से वृद्ध को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उनकी पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन कोई उनके बारे में नहीं बता सका। जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीर डालकर पहचान कराने का प्रयास किया गया। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर को देखकर उनके नगर के मोहल्ला हरीपुरा निवासी उनके भतीजे टिक्कू ने उनकी पहचान की।

# आग से झुलसी बालिका की हालत में आया सुधार

- ग्वालियर के प्राइवेट अस्पताल में पहुंचे परिजन

जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज



शनिवार को दहगुवां गांव में मजदूर के झोपड़े में अचानक से लगी आग में झुलसकर किशोर की मौत होने और उसकी बहिन के झुलसने के मामले में बहिन का इलाज ग्वालियर के प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। परिजन बेटी के पास पहुंच गए हैं।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुआ में लोकेंद्र सिंह के यहां मध्य प्रदेश के ग्वालियर जनपद के थाना आरोन निवासी परमाल पुत्र प्रताप मजदूरी का काम करते हैं। उनके घर के बाहर ही वह झोपड़ी में पत्नी नीतू उर्फ गुड्डी व बच्चे निशा (9') वर्ष, दीपक (8), अवधेश (4) एवं भूपेंद्र (5 माह) के साथ रहते थे। शनिवार की सुबह लगभग साढ़े 11 बजे बच्चे झोपड़े में खेल रहे थे। तभी अचानक से झोपड़े में आग लग गई।

आग लगने पर निशा और दीपक बाहर नहीं निकल सके। लोगों ने किसी तरह गंभीर हालत में झुलसी निशा को तो बचा लिया। लेकिन दीपक की झुलसकर मौत हो गई। गंभीर हालत में निशा को सीएचसी से जिला अस्पताल उरई और फिर झांसी रेफर किया गया। लेकिन झांसी में भी निशा की हालत सही नहीं हुई तो उसे मेडिकल कॉलेज झांसी से ग्वालियर स्थित एक प्राइवेट चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। बेटी के इलाज के लिए पिता परमाल व परिवार के सदस्यों के अलावा लोकेंद्र सिंह भी पहुंच गए हैं। परिजनों के अनुसार इलाज से निशा की हालत में कुछ सुधार नजर आ रहा है।

# मतगणना के दिन जिले के सभी शराब व भांग के ठेके रहेंगे बंद

जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज

जिला मजिस्ट्रेट राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र 22 मार्च, 2024 एवं आवकारी आयुक्त, उप्र प्रयागराज के पत्र 28 मार्च, 2024 द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतगणना 4 जून 2024 को शुष्क दिवस घोषित करने व कृत कार्यवाही से सूचना उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

यदि किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य या उप निर्वाचन हो, उस निर्वाचन क्षेत्र तथा उसके चारों ओर 8 किमी क्षेत्र में स्थित देशी शराब, विदेशी मदिरा, वियर, मॉडल शॉप एवं भांग की समस्त लाइसेंस प्राप्त दुकानें और उनकी बिक्री के लिए स्वीकृत अन्य लाइसेंस लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1935 की धारा-135 (ग) के खण्ड-1 में यथा उपवन्धित मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घण्टे पूर्व तथा मतगणना दिवस को पूर्णतया बंद रखे जाने का प्राविधान है। निर्वाचन के दौरान लोक शान्ति बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराये जाने के उद्देश्य से मतदान समाप्ति से 48 घण्टे पूर्व की अवधि से एवं मतगणना दिवस को जनपद की समस्त आबकारी दुकानों की बंदी एवं बंदी दिवसों में मादक वस्तुओं के उपभोग को प्रतिबंधित, नियंत्रित किया जाना आवश्यक है। अतः मैं राजेश कुमार पाण्डेय जिलाधिकारी जालौन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-135 (ग) के खण्ड-1 में यथा उपबंधित एवं संयुक्त प्रान्त आवकारी अधिनियम 1910 की धारा-59 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनपद जालौन में स्थित देशी शराब, विदेशी मदिरा, वियर, मॉडल शॉप एवं भांग की फुटकर, थोक (एफएल-2, 2वी एवं सीएल-2) एवं अन्य समस्त आवकारी अनुज्ञापन निम्नानुसार बन्द रखे जाने का आदेश देता हूँ। उन्होंने बताया कि मतगणना 4 जून 2024 को सम्पूर्ण दिवस तक जनपद जालौन में स्थित देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, मॉडल शॉप एवं भांग की फुटकर, थोक एवं अन्य समस्त अनुज्ञापन बंद रहेंगे।

# रामलीला समिति सदस्यों ने पालिकाध्यक्ष के बेटे को दी श्रद्धांजलि

जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज

- मृतक की आत्मशांति व परिवार को धैर्य प्रदान करने के लिए की गई ईश्वर से प्रार्थना

पूर्व पालिकाध्यक्ष गिरीश कुमार गुप्ता को पुत्रशोक होने पर रामलीला समिति के सदस्यों ने रामलीला भवन पर शोकसभा संपन्न की। मृतक की आत्मशांति व परिवार को धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। पूर्व पालिकाध्यक्ष गिरीश कुमार रामलीला समिति के उपाध्यक्ष भी हैं। बीती 25 मई को उनके पुत्र प्रांजल उर्फ आशीष गुप्ता अपने दोस्तों के साथ पीतांबरा पीठ के दर्शन के लिए दतिया गए थे। वापस लौटते हुए कार का टायर बदलवाते समय ट्रक ने उनको टक्कर मार दी थी। जिसमें आशीष की मृत्यु हो गई थी। उनकी आत्मशांति के लिए रामलीला भवन पर शोकसभा संपन्न हुई। जिसमें उपस्थितजनों ने आशीष को श्रद्धांजलि देकर उनकी आत्मशांति और दुखी परिवार को धैर्य प्रदान करने के लिए दो मिनट का मौन रखा और भगवान से प्रार्थना की। इस मौके पर पवन चतुर्वेदी, बृजेशचंद्र सिंहल, प्रेमदास गुप्ता, राजकुमार मिझौना, प्रवीण त्रिपाठी, घनश्याम, दीपक मित्तल, राजेश त्रिवेदी, राजासिंह सेंगर, रामराजा निरंजन, अतुल हर्षे, उदयन द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# वॉटरहोल में पानी भरकर वन्य जीवों को दी जा रही राहत

लखीमपुर खीरी,समृद्धि न्यूज।



तराई की तलहटी कहे जाने वाला खीरी जिला बीते कुछ दिनों से ज्वालामुखी की मार झेल रहा हैं। इन दिनों 42 से 45 डिग्री तापमान से खीरी जिले में सूर्य देव तेज धूप और पवनदेव तेज लू से अपना कहर बरपाते नजर आ रहे है और पारा लगातार बढ़ता जा रहा है जिसके चलते इंसान तो इंसान बेजुबान जानवर भी बदहाली कि कगार पर नजर आ रहे हैं।

चिलचिलाती तेज धूप और गर्मी के कारण जंगल के बेजुबान जानवर गर्मी से राहत पाने के लिए इधर उधर भटकते नजर आ रहे हैं। बता दे गर्मी का कहर वन्यजीवों पर भी साफ दिखाई देने लगा है और तेज धूप के चलते दुधवा टाइगर रिजर्व के सभी नदी नाले पूरी तरह से सूखने की कगार पर है जहां दुधवा की लाइफ लाइन कहीं जाने वाली सुहेली नदी अपना अस्तित्व खो चुकी है तो वही दुधवा की नकौआ नदी भी अपना अस्तित्व खोती नज़र आ रही है । जिसके कारण वन्यजीवों के लिए पानी की समस्या बढ़ती जा रही है और वन्यजीव पानी की तलाश में इधर उधर भटकते नजर आ रहे हैं, जिसके कारण वन्य जीवों के लिए शिकारियो का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। वही पार्क प्रशासन की तरफ से दुधवा में वॉटर हाल भी बनाए गए हैं जहां लगातार ट्यूबवेल और टैंकर की मदद से पानी की पूर्ति की जा रही है। प्राकृतिक वॉटरहोल की बात करें जिनकी संख्या भी बहुतायत है जहां पहले वन्य जीव इस भीषण गर्मी में मस्ती करते हुए दिखाई देते थे और अभी भी वह अधिकतर पानी में मस्ती करते हुए दिखाई दे रहे हैं जिनकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।



हालांकि दुधवा टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर ललित कुमार वर्मा की माने तो दुधवा के सभी वॉटरहोल में लगातार पानी भरा जा रहा है अगर वन्य जीवों सुरक्षा की बात करें तो दुधवा में काफी संख्या में कैमरे लगाए गए हैं और साथ ही लगातार वन विभाग की टीम के द्वारा जंगल के अंदर कांबिंग की जा रही है। हालांकि जिस तरीके से गर्मी और तेज धूप का कहर जारी है उसे कहीं ना कहीं वन्य जीवों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बड़ा सवाल यह उठता है कि सुहेली और नकौआ नदी में पानी न होने से अब आखिर इन वॉटरहाल से वन्यजीवों की प्यास बुझ सकेगी और अगर पानी की कमी से उनकी मौत होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा ?

# शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट का मना स्थापना दिवस

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी, सोनभद्र के स्थापना वर्ष गांठ के अवसर पर एक शानदार काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह रविवार को आयोजित की गई।

काव्य गोष्ठी की शुरुआत विधिवत वाग्देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीपदान के साथ किया गया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार तथा ट्रस्ट के संरक्षक एवं सोन साहित्य संगम के निदेशक मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी मधु गोरखपुरी ने और संचालन अशोक तिवारी ने किया। कियावाणी वंदना करते हुए दिवाकर मेघ ने मां शारदे वर दे हमें तव स्मरण करते रहें सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ओज व श्रृंगार की सशक्त हस्ताक्षर कवयित्री कौशल्या चौहान ने दिल में हिन्दुस्तान रखती हूं, काफी सराही गई। इस दौरान ट्रस्ट के संस्थापक निर्देशक प्रद्युम्न तिवारी ने कहा कि डाला गोली कांड दो जून को ध्यान में रखकर ही शहीद स्थल की स्थापना की गई । आगे उन्होंने यह भी कहा कि शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी ने,सरहद के पहरेदारों को शत-शत मेरा प्रणाम जाये।देश खड़ा है साथ आपके ए मेरा पैगाम जाये।। ओज पूर्ण भाव देकर खूब तालियां बजवाते रहे। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी को अंगवस्त्र, लेखनी पुस्तिका, प्रशस्ति पत्र, माल्यार्पण कर उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उनका सारस्वत अभिनंदन किया गया। लोकभाषा के कवि दयानंद दयालू ने एक दिन पेशी होई गुरू के अदालत में रहना कौनो हालत में सुनकर लोग करुणा से ओत-प्रोत हो गये।

# श्रद्धा-भक्ति से हम भगवान को प्रकट कर सकते हैं: आचार्य मनोहर कृष्ण

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



राबर्ट्सगंज नगर स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार की शाम कथा व्यास वृंदावन से पधारे आचार्य मनोहर कृष्ण जी महाराज ने कहा कि भजन करने की कोई उम्र नहीं है, जब चाहें श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान की भक्ति करके भगवान को हम प्रकट कर सकते हैं। वामनदेव भगवान की झांकी सजाई गई । इस दौरान समूचा कथा पांडाल जयकारे से गुंजायमान हो गया। वामनदेव भगवान का दर्शन करने के लिए भक्तगणों का तांता लगा रहा। आचार्य जी ने सती चरित्र का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि ध्रुव जी महाराज 5 वर्ष की अवस्था में ही वन में जाकर के 5 महीने कठोर तपस्या करके भगवान नारायण को प्रकट किया। आगे चलते हुए भक्त प्रहलाद साढ़े सात वर्ष की अवस्था में ही नरसिंह भगवान को प्रकट कर लिया। इसलिए भजन करने का कोई उम्र नहीं है, कोई अवस्था नहीं है। जब चाहें श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान की भक्ति करके भगवान को हम प्रकट कर सकते हैं।

# दुकानों पर चुनावी गुड़ा गणित लगाने में जुटे लोग

## भाजपा प्रत्याशी श्रवण सिंह गोंड व सपा के पूर्व मंत्री विजय सिंह गोंड के बीच है कड़ा मुकाबला

दुद्धी सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

चुनावी शोर समाप्त होने के बाद अब चाय पान की दुकानों पर चुनावी गुड़ा गणित करने में लोग लगे हुए हैं। विभिन्न राजनीतिक दल अपने पार्टी को जीत दिलाने में जुटे हुए हैं।

उधर उधर चुनावी एग्जिट पोल ने विपक्षी दलों के सामने सीटों के आंकड़े आने पर होश उड़ गए हैं। टीवी चैनलों के एग्जिट पोल ने भाजपा को काफी बढ़त में जीत दिलाया है जिसके चलते विपक्षी दलों के आंकड़े गले से नीचे नहीं उतर रहे हैं। वैसे अभी सही सीटों का परिणाम आना अभी बाकी है लेकिन राजनीतिक दलों के गुड़ा गणित अपने स्तर से लोग लग रहे हैं कौन कहां से जीत रहा है और कौन कहां से हार रहा है। इस बार दुद्धी के विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा और सपा में हुए चुनावी घमासान को लेकर लोग आंकड़े बैठने में लगे हुए हैं और अपने अस्तर से जीत के दावे कर रहे हैं लेकिन सारे आंकड़े सही 4 जून मतगणना होने के बाद ही पता चल सकेगा की कौन कितने पानी में है और किस दल को क्षेत्र की जनता ने पसंद किया है।

वैसे इस बार मतदाताओं का चुप्पी ने सभी प्रत्याशियों को सकते में डाल दिया है। इन दोनों सुबह से लेकर शाम तक चुनावी गणितज्ञ अपने हिसाब से गणित लगा रहे हैं अब देखना है कि चुनावी गणित किसका सफल होता है। 4 जून को सुबह जिला मुख्यालय पर एनडीए के लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी रिकी कोल और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी छोटेलाल खरवार के बीच मुकाबला है वही दुद्धी विधानसभा के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्रवण सिंह गोंड और समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री विजय सिंह गोंड के बीच कड़ा मुकाबला है। किस प्रत्याशी के सिर माथे पर विजय श्री का सेहरा किसके सिर पर होगा। यह 4 जून को दोपहर या शाम तक पता चल जाएगा। इस बार के चुनाव तपन में सभी प्रत्याशियों की अग्नि परीक्षा होगा।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई जाएगी मतगणना: एसपी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

- संपूर्ण मतगणना स्थल को 02 सुपर जोन,17 जोन व 44 सेक्टर में विभाजित किया गया है
- सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एक हजार से अधिक पुलिस बल, 01 कम्पनी पीएसी, 02 कम्पनी सीएपीएफ व 04 फायर टेंडर को लगाया जाएगा
- मतगणना स्थल की ओर से नहीं गुजरेंगे वाहन, किया गया रूट डायवर्जन

**लोकसभा चुनाव** 2024 में चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर कई स्तरीय सुरक्षा इंतजाम किए गए है। स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम है और सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। जिस स्थान पर ईवीएम रखा गया है, वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। स्थल के चारों ओर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। ईवीएम व वी वीपैट की सुरक्षा में 24 घंटे अर्द्धसैनिक बलों के जवान तैनात रहते है। जवानों की अलग अलग शिफ्ट में डियूटी लगायी जाती है। मतगणना स्थल के पास सुरक्षा ऐसी है की परिंदा भी पर नहीं मार सकता है।

रविवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने प्रेस कान्फ्रेंस कर पत्रकारों से मुखाते होते हुए बताया कि 04 जून को जिला मुख्यालय के जीटी रोड स्थित नवीन मंडी समिति परिसर में मतगणना होगी। मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु संपूर्ण मतगणना स्थल को 02 सुपर जोन,17 जोन व 44 सेक्टर में विभाजित किया गया है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर 1000 से अधिक पुलिस बल, 01 कम्पनी पीएसी, 02 कम्पनी सीएपीएफ व 04 फायर टेंडर को लगाया गया है। कहा कि जनपद में धारा 144 लागू है भीड़भाड़ एकत्रित नही होगी तथा कार्यवाही के लिये क्यूआरटी टीम लगातार भ्रमणशील रहेगी। बताया कि सोशल मीडिया पर पुलिस द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है, कोई भी भ्रामक अफवाह फैलाने का प्रयास करेगा उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। तिर्वा क्रासिंग बैरियर व पूर्वी बाईपास तिराहा से मंडी की तरफ केवल पास धारकों, काउंटिंग एजेंट, प्रत्याशी पास प्राप्त मीडिया कर्मी, मतगणना में लगा पुलिस बल व प्रशासनिक कर्मी, अनुमति प्राप्त वाहन,




इमरजेंसी वाहन व एम्बुलेंस को जाने दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि तिर्वा क्रासिंग से आने वाले वाहनों की पार्किंग विजय विलास होटल के सामने व जिला अस्पताल से आने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था पुराने पुल के नीचे की गयी है। इसके आगे कोई वाहन नहीं जायेगा। यहां से मतगणना स्थल तक पैदल जायेंगे। नवीन मंडी स्थल में बने मतगणना स्थल के गेट नंबर 1 से विधानसभा कन्नौज व विधानसभा तिर्वा के मतगणना एजेंट व मतगणना के अधिकारी/कर्मचारीगण व मीडिया कर्मी तथा पुलिस के अधिकारी /कर्मचारियो का प्रवेश होगा तथा गेट नंबर 2 से विधानसभा छिबरामऊ के मतगणना एजेंट व मतगणना के अधिकारी/कर्मचारिगण , पुलिस के अधिकारी /कर्मचारीगण प्रवेश करेंगे। गुरसहायगंज की तरफ से कन्नौज शहर की आने वाले वाहनों को जलालपुर पनवारा बाईपास से डायवर्जन किया गया है। कानपुर व हरदोई की तरफ से शहर में आने वाले वाहनों को पूर्वी बाईपास से डायवर्जन किया गया है। एफएफडीसी की तरफ से बस स्टैंड की तरफ आने वाले वाहनों को मकरंद नगर तिराहे से फूलमती मंदिर की तरफ डायवर्जन किया गया है। जिला अस्पताल की ओर से बस स्टैंड आने वाले वाहनों को पूर्वी बाईपास से डायवर्जन किया गया है। तिर्वा क्रासिंग से बस स्टैंड की ओर आने वाले वाहनों को कोतवाली की तरफ डायवर्जन किया गया है। तिर्वा से कन्नौज शहर की ओर आने वाले वाहनों को पाल चौराहे से हाइवे की तरफ डायवर्जन किया गया है। कानपुर की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें बस स्टैंड न आकर जिला अस्पताल के पास रोडवेज वर्कशॉप से बाईपास होकर छिबरामऊ की ओर जाएंगी तथा छिबरामऊ की तरफ से आने वाली बसें जलालपुर पनवारा से बाईपास होकर रोडवेज वर्कशॉप से कानपुर व हरदोई की तरफ जाएंगी। कन्नौज रेलवे स्टेशन से गेट नंबर 1 से यात्रियों का आवागमन के लिए बंद रहेगा है यात्रियों का गेट नंबर 2 से कन्नौज स्टेशन पर आवागमन रहेगा। जिला अस्पताल को जाने के लिए पाल चौराहा से होकर जायेगे। भीषण गर्मी के दृष्टिगत मतगणना में लगे सभी कर्मियों के लिए पर्याप्त पानी व भोजन की व्यवस्था की गयी है। तथा प्रत्येक कर्मचारी को ओआरएस दिया जा रहा है। बताया कि बैरियर्स पर तीन एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है इमरजेंसी की स्थिति में जिला अस्पताल भेजा जाएगा।

## कचरा डालने जा रही बालिका को बाइक चालक ने रौंदा, मौत

- सड़क पार करते समय बाइक चालक ने किशोरी को मारी टक्कर
- बाइक छोड़कर भाग गया चालक, पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**कोतवाली क्षेत्र** के नन्दपुर गांव में शनिवार की शाम को कचरा डालने जा रही एक बालिका को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में किशोरी की मौत हो गई। पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



मेडिकल कॉलेज में रोती-बिलखती महिलाएं समृद्धि न्यूज



शव का पंचनामा भरती तिर्वा कोतवाली पुलिस समृद्धि न्यूज

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के नन्दपुर गांव निवासी राकेश कुमार की 13 बर्षीय शोभा देवी शनिवार की शाम को घर का कचरा डालने के लिए खेतों की तरफ जा रही थी। सड़क पार करते समय इंदरगढ़ की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसके टक्कर मार दी। घटना होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों ने बालिका को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। रविवार की सुबह तिर्वा कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। उधर घटना को अंजाम देने के बाद बाइक चालक बाइक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मृतका के पिता राकेश कुमार ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ तिर्वा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि बाइक को कोतवाली में खड़ा करा दिया है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

## हार जीत के कयासों के बीच सभी को मतगणना का इंतजार

कानपुर देहात। जैसे-जैसे लोकसभा चुनावो की मतगणना का समय नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच प्रत्याशियों की हार और जीत के आंकड़े की चर्चाएं तेजी से होने लगी हैं। जहां राजनीति के धुरंधर लोग गणित बैठाने में जुटे हुए हैं। अपने-अपने प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित मानते हुए रणनीतिकार के जैसे आंकड़े लगा रहे हैं। चुनाव के समय एक एक वोट के लिए भागम भाग करने वाले प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों के चेहरे की हवाइयां उड़ी हुई है वह मत पेटिकाओं में बंद किस्मत के खुलने का इंतजार कर रहे है।लोकसभा चुनाव की मतगणना की तारीख जैसे-जैसे करीब आती जा रही है वैसे-वैसे प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच हार जीत के आंकड़े लगाने का सिलसिला बढ़ता चला जा रहा है। प्रत्याशियों से जुड़े लोग पान की गुमटी और चाय की दुकानों पर अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत के आंकड़े गिना रहे हैं। कुछ मतदाता और समर्थक दावत की बात करते तो कुछ समर्थक बस एक दिन का इंतजार करने की बात कहते हैं। गांवो कस्बे में भाजपा एवं सपा समर्थक अपने मतदाताओं के साथ हार जीत के आंकड़े लगाने में व्यस्त दिखाई पड़ रहे हैं। क्षेत्र में कहां कितने वोट मिले हैं इसका आकलन किया जा रहा है। विपक्षी प्रत्याशी के खाते में कितने वोट गए इसको लेकर भी चर्चा की जा रही है। किस बूथ पर कितने वोट मिले उनका आकलन दिया जा रहा है। किस क्षेत्र में किसका पलड़ा भारी रहा कौन कहां नहीं टिक सका इसको लेकर भी चर्चायें हो रही हैं।भाजपा समर्थक जहां मोदी मोदी लहर में इंडिया गठबंधन की हवा निकालने की बात कह रहे हैं।

## खबरें चलते-चलते

### दुर्घटना में घायल युवक की इलाज दौरान हुई मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम पट्टी मटेना निवासी रामगिरी पुत्र सत्यनारायण द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 29 मई की रात्रि उसका पुत्र राहुल बाइक पर सवार होकर कमालगंज स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। जैसे ही समधन के निकट स्थित अलीगढ़ हॉस्पिटल के सामने पहुंचा तभी अनियंत्रित गति से आ रही अल्टो कार के अज्ञात चालक ने टक्कर मार दी। जिससे उसका पुत्र राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां हालत चिंताजनक होने के कारण मेडिकल कॉलेज तिर्वा रिफर कर दिया गया जहां इलाज दौरान उसके पुत्र की मृत्यु हो गई। मृतक के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मतगणना हेतु आयोग ने प्रेक्षक किये तैनात समस्याओं पर कर सकते हैं संपर्क

**कानपुर देहात।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन,उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र 41-इटावा (अजा), 42- कन्नौज, 44-अकबरपुर एवं 45-जालौन (अजा) के अन्तर्गत जनपद की कमशः 207-सिकन्दरा, 205-रसूलाबाद (अजा), 206-अकबरपुर रनियां एवं 208-भोगनीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना दिनांक 4.6.2024 को प्रातः 8 बजे से अकबरपुर डिग्री कालेज अकबरपुर में होगी। आयोग द्वारा मतगणना हेतु मतगणना प्रेक्षक तैनात किये गये हैं, जिनका विवरण लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र 41-इटावा (अजा) के अंतर्गत विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 207-सिकन्दरा की लिए सरवनी धर मो0 9651528626 है। वही लोकसभा 42-कन्नौज 44-अकबरपुर 45-जालौन (अजा) के अंतर्गत विधानसभाक्रमशः205-रसूलाबद (अजा) 206-अकबरपुर रनियां 208-भोगनीपुर की लिए मतगणना प्रेक्षक विवेक चौधरी मो0 9170025953 है। प्रेक्षकों से मिलने का समय प्रातः 10 से 12 बजे तक एवं सांय 4 से 6 बजे तक है। उपरोक्त प्रेक्षकगण क्रमशः लोनिवि के गेस्ट हाउस माती के सूईट नं0 1 व 4 में प्रवास कर रहे हैं। मतगणना सम्बन्धी किसी भी समस्या के समाधान अंकित मो0नम्बर पर समय के अनुसार सम्पर्क किया जा सकता है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार घायल, एक की मौत

**कानपुर देहात।** शिवली कल्याणपुर मार्ग पर रविवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए शिवली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत में दोनों को हैलट अस्पताल रिफर कर दिया गया है। हैलट अस्पताल में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।युवक की मौत से परिजनों के बीच हाहाकार मच गया।कानपुर नगर के बिठूर थाना क्षेत्र के सिंहपुर बिठूर गांव निवासी रवि पुत्र उमाशंकर एक युवती के साथ बाइक द्वारा जा रहा था। रास्ते में शिवली कल्याणपुर मार्ग पर अनूपपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हैलट में उपचार के दौरान 21 वर्षीय रवि की मौत हो गई। युवक की मौत की खबर लगते ही उसके परिजनों के बीच कोहराम मच गया। युवक की मां आशा बहन अंजलि एवं भाई मनीष का रो रोकर बुरा हाल था। कोतवाल संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना की तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

## चौकी प्रभारी ने प्रचंड गर्मी में शरबत पिलाकर दिलाई राहत

पनकी कानपुर। महानगर थाना पनकी की चौकी एमआईजी में तैनात चौकी प्रभारी सुभाष चंद्र वर्मा ने मित्र पुलिस का चेहरा बनकर राहगीरों व वाहनों पर सवार होकर चलने वाले लोगों के साथ-साथ रोडवेज बसों में चढ़कर शरवत पिलाकर उनको राहत प्रदान की। गर्मी में शीतल पेय लेकर लोगों ने पनकी पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। थाना पनकी के क्षेत्र भाटिया होटल कालपी रोड पर भारी वाहनों व सवारी वाहनों का आवागमन की अधिकता बनी रहती है। जहां पर आज एम.आई.जी चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पनकी पुलिस की तरफ से चौराहे से होकर निकलने वाले सवारी वाहनों, दो पहिया वाहनों एवं चार पहिया वाहनों को रोक कर उन्हें शरवत पिलाने के साथ ही मित्र पुलिस का रूप प्रदर्शित किया। हीट वेव् से बचने के लिए एवं होने वाली मौतों की रोकथाम करने के लिए नया पैगाम देने पर कानपुर पुलिस की सराहना हुई। कारण रहा कि दोपहर के समय प्रचंड गर्मी का असर दिख रहा था। वही पनकी पुलिस के द्वारा टीम बनाकर लोगों को रोक कर उन्हें शरबत पिलाकर गर्मी से बचने का संदेश दिया गया गर्मी से वचाव के लिए सुझाव वताये गये। इसकी वजह थाना पनकी अंतर्गत अब तक लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों की मौत अधिक गर्मी लग जाने के कारण हो चुकी है। जिससे सीख लेकर पुलिस के द्वारा नया तरीका अपनाया गया है जहां लोगों ने दो-दो गिलास शरबत पीकर पनकी पुलिस की तारीफ करने से लोगों में उत्साह देखा गया। उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेश को जाने वाली सरकारी व प्राइवेट बसों में चढ़कर उन्हें शरबत पिलाकर सुकून की सांस दिलाई गई। जहां छोटे बच्चे व महिलाएं पुरुषों ने बसों पर पुलिस की मौजूदगी देखकर शरवत पीते हुए लोग खुश नजर आए। चौकी प्रभारी सुभाष चंद्र वर्मा के द्वारा अक्सर सामाजिक कार्यों एवं सामाजिक समस्याओं का निराकरण कराने में विशेष भूमिका अदा की जाती है।

## मवेशी बाजार में गर्मी के कारण गश खाकर गिरा व्यापारी, मौत

- मां अन्नपूर्णा मवेशी बाजार में रविवार को मवेशी खरीदने आए थे उस्मान
- पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवाया

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**तिर्वा के** मां अन्नपूर्णा मवेशी बाजार में रविवार को कानपुर से मवेशी खरीदने आए एक व्यापारी गर्मी के कारण गश खाकर गिर पड़े। कोतवाली पुलिस ने उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। कानपुर जनपद के चैबेपुर निवासी



मेडिकल कॉलेज में मौजूद कोतवाल व अन्य समृद्धि न्यूज

उस्मान (60) मवेशी व्यापारी है। वह बाजारों से मवेशियों को खरीदकर बाहर बेचा करते थे। वह रविवार की सुबह लोडर लेकर तिर्वा स्थित मां अन्नपूर्णा मवेशी बाजार में जानवरों को खरीदने के लिए आए थे। यहां भीषण गर्मी के कारण वह अचानक गश खाकर जमीन पर गिर पडे और बेहोश हो गए। मामले की जानकारी मवेशी बाजार में मौजूद कर्मचारियों ने तिर्वा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने व्यापारी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया। मामले में कोतवाली प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। मृतक के परिजनों को इंतजार है। परिजनों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जाएगा।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन घायल



घटनास्थल पर खड़ी दुर्घटनाग्रस्त बाइक व मौजूद पिकअप समृद्धि न्यूज

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

- ठठिया थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव के निकट हुआ हादसा

**ठठिया थाना** क्षेत्र के भवानीपुर गांव के निकट रविवार की दोपहर एक तेज रफ्तार पिकअप चालक ने बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। हादसे में दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। कानपुर देहात जनपद के रसूलाबाद थाना क्षेत्र के मल्लपुर गांव निवासी ऋषभ कुमार (18) पुत्र रामकिशोर अपनी 15 बर्षीय बहन वंदना के साथ बाइक से तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के जसपुरापुर सरैया गांव में अपनी रिस्तेदारी में गए हुए थे। रविवार की दोपहर दोनो वापस घर जा रहे थे। जब उनकी बाइक ठठिया थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव के निकट पहुंची, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप चालक ने उनके टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनो भाई-बहन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उधर घटना को अंजाम देने के बाद पिकअप चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से भाग गया। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष ने बताया कि पिकअप को थाने में खड़ा करा दिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

अपील

**कोतवाल ने शांति कमेटी की बैठक में शांति व्यवस्था बनाये रखनें की अपील की**

## विजय जुलूस निकालनें पर प्रतिबंध रहेगा: जेपी शर्मा

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**सामान्य निर्वाचन** लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना के दृष्टिगत स्थानीय कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के बुद्धिजीवियों नागरिकों व ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने कहा कि मतगणना के बाद शांति व्यवस्था बनाए रखें। किसी तरह की अफवाह फैलाने वाले को बख्सा नहीं जाएगा।

रविवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि आगामी 04 जून को आने वाले चुनाव परिणाम को हर किसी को सहर्ष स्वीकार करने की जरूरत है। कहा कि किसी भी प्रकार का विजय जुलूस नहीं निकला जाएगा। आतिशबाजी एवं शोर सराबा नहीं किया जाएगा। इस पर



शांति कमेटी की बैठक लेते प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा समृद्धि न्यूज

प्रतिबंध है। कहा कि चुनाव परिणाम के दिन प्रशासन की पैनी नजर रहेगी एवं पुलिस बल की गाड़ियां लगातार भ्रमण करती रहेंगी। इस दौरान कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, रामाश्रम चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह, समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, मजपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा व महिला उप निरीक्षक नीलम सिंह सहित शहर काजी हाफिज जुम्मन, मुनीर कुरैशी, प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद इरफान उर्फराजू, सुगम दुबे, अभय चतुर्वेदी, प्रशांत कुमार, व्यापारी नेता परवेज अहमद उर्फ चंदन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

▸ परिजनों ने गांव की महिला समेत तीन लोगों पर हत्या करने का लगाया आरोप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**युवक ने** नीम के पेड़ पर दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। वहीं मृतक की बहन ने गांव के दो नामजद युवक तथा एक महिला पर घर से ले जाकर हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसा थाना क्षेत्र के ग्राम जानकीपुर निवासी सुरेशचंद्र राजपूत का 25 वर्ष पुत्र सचिन कुमार जो अपने पिता के साथ खेतीबाड़ी के कार्य में मदद करता था। आज गांव के रामनाथ के खेत के पास लगे नीम के पेड़ में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। सचिन को फांसी पर लटका देखा चाचा राजेश कुमार ने अपने भाई सुरेशचंद्र राजपूत को खबर की। तब तक मृतक का भाई संदीप कुमार, मृतक की मां कुंती देवी और बहन प्रीति, शबनम, दीक्षा घटनास्थल पर पहुंचकर भाई के शव के साथ लिपटकर चीख पुकार करने लगीं। मृतक की बहन दीक्षा ने बताया आज सुबह 8.00 बजे उसके गांव के दो नामजद लोग और उनकी पत्नी उसके घर जाकर उसकी मौजूदगी में उसके भाई सचिन के साथ मारपीट करने लगे और उसके भाई को तीनों लोग अपने साथ पकड़कर खेतों की तरफ ले गए जहां। उसके भाई की फांसी लगाकर हत्या कर दी। मृतक के पिता सुरेशचंद्र थाने पहुंचे और पुलिस ने फौती तहरीर लेकर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर नमूने लिए। मृतक दो भाई था और तीन बहिन। मृतक की मां कुंती देवी और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना की सूचना पाकर थाना अध्यक्ष अमोद कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम के साथ-साथ घटनास्थल गांव से खेत की दूरी लगभग 1 किलोमीटर थी। वहां भी थाना अध्यक्ष अमोद कुमार, हलका इंचार्ज इंद्रजीत सिंह तथा फोरेंसिक टीम ने ग्राम डबऊआ जाने वाले मार्ग के सामने रामनाथ के खेत में नीम के पेड़ पर फांसी लगाने की बात दर्शायी गई थी। वहां टीम ने जाकर मौके से मृतक की चप्पल तथा एक गुलाबी कलर का दुपट्टा बरामद किया। जिसको साक्ष्य संकलन हेतु थाना पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

# नाली चोक होने से थाने में हुआ जलभराव



थाने में जलभराव के बाद हुआ कीचड़ — समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**नगर पंचायत** के सफाई कर्मचारी बेलगाम हो गये हैं। जिसके चलते नगर की नालियां चोक हो से जगह-जगह जलभराव की स्थिति देखी जा रही है। कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण में आज जल भराव देखने को मिला। जिसका कारण नाली चौक हो जाना था। बताते चलें कि सफाई कर्मचारी अपनी डियूटी का निर्वहन ठीक से नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण नगर की नालियां चोक हो रहीं हैं। कई सफाई कर्मचारियों ने अपने स्थान पर लड़कों की नियुक्ति कर रखी है। उनको चार-पांच हजार रुपये दे देते हैं और सफाई कर्मचारी अपने घरों में बैठकर आराम फरमाते हैं। वहीं थाने में जलभराव का कारण एक यह भी है कि थाने में मरम्मत तथा निर्माण कार्य चल रहा है। जिससे जलभराव हो रहा है। ऐसे में पुलिसकर्मियों के अलावा थाने आने वाले फरियादियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## खबरें चलते-चलते

### बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



लोहिया अस्पताल में मौजूद परिजन — समृद्धि न्यूज

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर पहुंचे पति ने जब पत्नी को फांसी पर लटका देखा, तो वह चीख पुकार करने लगा। आनन-फानन में एंबूलेस से लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। असमय घटी घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम बदनपुर निवासी वीर सिंह की 8 वर्ष पूर्व जनपद हरदोई के विलसन निवादा निवासी अवंतिका से शादी हुई थी। अवंतिका काफी दिनों से बीमारी से ग्रसित थी। उसके पेट में पथरी थी। असहनीय दर्द होने की वजह से वह काफी परेशान रहती थी। रविवार दोपहर को जब पति खेत पर गया था और बच्चा बाहर खेल रहा था, तभी अवंतिका ने कमरे के गेट के कुंडे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। वीर सिंह ने बताया की उनके एक 4 साल का पुत्र गौरव है। 4 साल पहले छत से गिरने से एक पुत्र की मौत हो चुकी है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ईएमओ डॉ ध्रुव राज ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। वही लोहिया अस्पताल से पुलिस को सूचना भेज दी गई।

### दूसरी महिला से बात करने का विरोध करने पर पत्नी को पीटा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** गांव कमरुद्दीन नगर निवासी बबली ने बताया कि उसका पति देवेंन्द्र किसी महिला से फोन पर बात करता है। जिसका वह विरोध करती है। पति आए दिन महिला के साथ मारपीट करता है। तीन दिन पूर्व पति किसी महिला से बात कर रहा था। मना करने पर लाठी-डंडो से मारपीट कर दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने शनिवार शाम महिला की तहरीर पर आरोपित पति के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला को पीटने में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** गांव दारापुर निवासी समीना बेगम ने दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी साजिया की शादी तुछ वर्ष पूर्व कटिया निवासी रहीम के साथ की थी। तीन दिन पूर्व पति व उसके स्वजनों ने किसी बात को लेकर बेटी के साथ मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गयी। बेटी ने मां के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति रहीम, ससुर हसन दीन, देवर फहीम व सास रज्जो बेगम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने का विरोध करने पर पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के मोहल्ला प्रताप नगर निवासी चन्द्र प्रकाश गुप्ता ने लिखाई रिपोर्ट में कहा है कि मोहल्ले के विशाल गुप्ता, शानू कश्यप, भानू कश्यप, कन्हैया कश्यप तथा चार पांच अज्ञात युवक उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर सभी युवक एक राय होकर लाठी-डंडा से मारपीट करने लगे। बचाने आया उसका पुत्र हर्षित, भतीजा रवी गुप्ता घायल हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने चन्द्र प्रकाश की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में दो की मौत, एक गंभीर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**राजेपुर थाना** क्षेत्र में दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। इनमें से एक की शिनाख्त हो सकी है। जबकि एक अन्य मृतक और एक घायल की शिनाख्त नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम टिकुरियन नगला निवासी 24 वर्षीय सतेन्द्र पुत्र कालीचरण राजपूत जयपुर में छपाई फैक्ट्री में कार्य करता था। वह लगभग एक सप्ताह पूर्व ही घर आया था। उसकी पत्नी दुर्गा नौगवां कैंट निवासी एक युवक के साथ चली गयी थी। रविवार को सतेन्द्र बाइक से राजेपुर क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा स्थित अपनी ननिहाल गया था। वहां से वापस आने के दौरान वह ससुराल चाचूपुर में भी रुका। ससुराल से वह बाइक से घर निकला। उसी दौरान थाना राजेपुर क्षेत्र के पांचाल घाट व चाचूपुर के मध्य सामने से आ रही बाइक से सतेन्द्र की बाइक की भिड़ंत हो गयी। जिससे सतेन्द्र के साथ ही सामने की बाइक पर बैठे दो लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों को लोहिया अस्पताल में भेजा गया। जहाँ चिकित्सक ने सतेन्द्र के साथ ही सामने की बाइक पर सवार दूसरे घायल को मृत घोषित कर दिया। जबकि एक बाइक सवार की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका उपचार चल रहा है। एक मृतक व उसके घायल साथी की शिनाख्त नहीं हो सकी है। सीओ अमृतपुर रविन्द्र नाथ राय व थानाध्यक्ष रणविजय सिंह मौके पर पंहुचे और जाँच की। सीओ ने बताया कि जाँच की जा रही है।



जांच पड़ताल करते सीओ — समृद्धि न्यूज



अस्पताल में भर्ती घायल

# गर्मी से एक और अज्ञात अधेड़ ने तोड़ा दम

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भीषण गर्मी** में एक अधेड़ की हालत बिगड़ गयी। उसे एंबूलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, लेकिन अधेड़ ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार को इटावा बरेली हाईवे पर वनपोई में बने मंदिर के पास एक लगभग 40 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की तबियत बिगड़ गयी। राहगीरों ने सुबह 108 एंबूलेंस पर सूचना दी। जिस पर मौके पर पहुंची एंबूलेंस से अधेड़ को सीएचसे ले जाया जा रहा था। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर सन्नी मिश्रा ने बताया कि सीएचसी मोहम्मदाबाद में आने से पहले ही रास्ते में व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी थी। डॉक्टर सन्नी मिश्रा ने कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार मोहम्मदाबाद को सूचना दी। अधेड़ व्यक्ति ने फॉर्मल पेंट और नीले कलर की सैंडो बनियान पहन रखी थी। एसआई चमन सिंह ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।




गर्मी का लोगो — समृद्धि न्यूज

# दुग्ध वाहन की टक्कर लगने से मनरेगा श्रमिक की मौत



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**दुग्ध वाहन** की टक्कर से मनरेगा श्रमिक की मौत हो गयी। सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव फतनपुर निवासी भगवान दास पुत्र चिरौंजी लाल उम्र 40 वर्ष अपने बहनोई ग्राम बमरुलिया निवासी के मकान का निर्माण कार्य करने जा रहा था। जहां पहुंचने के बाद वह उम्मरपुर चौराहे से समोसे खरीदने जा रहा था, तभी ग्राम देवी तथा पिपराबोझी के बीच दुग्ध वाहन पिकअप संख्या यूपी76टी5435 ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पत्नी बसन्ती देवी ने अज्ञात चालक के विरुद्ध तहरीर दी है। वहीं थाना पुलिस ने बताया कि वाहन की खोज की जा रही है। जल्द ही उसको पकड़ा जाएगा और मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर हलका इंचार्ज संतोष कुमार, एस.एस.आई राम सिंह, दरोगा इंद्रजीत सिंह तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की।



मृतक का फाइल फोटो

# आरोग्य मेले में मरीजों ने कराया परीक्षण



आरोग्य मेले में परीक्षण करवाते मरीज — समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**उप सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में जुकाम, खासी, मलेरिया शुगर के मरीजों ने पहुंचकर अपना परीक्षण कराया और दवायें प्राप्त कीं। जानकारी के अनुसार रविवार को उप समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में आरोग्य मेले का हुआ आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में जुकान, खांसी, शुगर, मलेरिया, डायरिया के मरीज पहुंचे। मरीजों को डॉक्टर कल्पना कटियार, वीरेंद्र सिंह राजपूत फार्मासिस्ट, अलका लैब टेक्नीशियन, एएनएम सुमन, पूजा, वार्ड वाय राजेश कुमार की संयुक्त टीम द्वारा मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक दवायें मुहैया करायीं। साथ ही उनके हिदायत दी गयी कि वह भीषण गर्मी में धूप से बचाव रखें। पानी ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पिये, क्योंकि पसीने से गंदे टॉक्सिस बाहर निकल जाते हैं और शरीर में पानी की कमी नहीं होती है। आरोग्य मेले में संख्या 32 मरीज पहुंचे। जिसमें 4 शुगर, 6 मलेरिया निगेटिव, शेष खांसी व जुकान से पीड़ित थे।

# अनियंत्रित डीसीएम ने टेंपो व मोटरसाइकिल में मारी टक्कर, तीन घायल



लोहिया में भर्ती घायल — समृद्धि न्यूज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**फतेहगढ़ से** कमालगंज की ओर आ रहे टेंपो को बचाने के चक्कर में डीसीएम अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार अपने को बचाने की कोशिश की, वैसे ही वह स्कूटी से भिड़ गया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं टेंपो चालक ने अपना टेंपो बचाने के लिए मोड़ा, तो उसमें बैठी सवारी भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना कमालगंज थाना क्षेत्र के लाइन गांव के पास की है। घायल रिंकू पुत्र कैलाश निवासी अकाखेड़ा थाना जहानगंज को गंभीर हालत में डाक्टरों ने लोहिया अस्पताल में रेफर कर दिया। अरुण कुमार निवासी छछोनापुर थाना राजेपुर अपने दोस्त लालू के साथ बाइक से अपने घर जा रहा था। वह कमालगंज में वाईफाई का काम करता है। जिसके चलते यहां पर आया था जो कि वापस जाते समय रास्ते में मार्ग दुर्घटना में घालय हो गया। गम्भीर रुप से घायल रिंकू की हालत नाजुक होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। कृष्णपाल पुत्र सुंदरलाल निवासी राजेपुर सरायमेदा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें डॉक्टर ने इलाज करके उनको घर भेज दिया। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक मौके से भाग गया।

# उद्योग व्यापार मण्डल फतेहगढ़ नगर इकाई की नवनियुक्त कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**उद्योग** व्यापार मंडल की फतेहगढ़ नगर इकाई की नव मनोनीत कार्यकारिणी की बैठक जिला इकाई के साथ संयुक्त रूप से फतेहगढ़ स्थित एक होटल चेयरमैन सर्वेश अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रमोद गुप्ता ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष एवं संगठन के संरक्षक रूपेश गुप्ता, जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी, जिला चेयरमैन सर्वेश अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रमोद गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, महिला जिला इकाई की जिलाध्यक्ष प्रीति तिवारी आदि ने मनोनित पदाधिकारियों को बधाई दी। फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता व महामंत्री प्रबल महेश्वरी, युवा जिला अध्यक्ष राहुल बंसल आदि मंचासीन रहे। सभी पदाधिकारियों का व्यापारियों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी ने कहा कि संगठन को मजबूत करना व उनकी समस्याओं का हल कराना मेरा उद्देश्य है। किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रशासन भी व्यापारियों की समस्याओं को सुने और हल करें। क्योंकि व्यापारी भी टैक्स देता है। साथ ही सभी को मनोनयन पत्र सौंपे गये। जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने संरक्षक का दायित्व संभाला। सीयू सक्सेना को भी संरक्षक नियुक्त किया गया। नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता, महामंत्री प्रबल महेश्वरी, विनय शुक्ला को नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष नदीम खान, बिल्लू शर्मा, मोहित यादव, सुहाना शर्मा को बनाया गया। आकाश गुप्ता को नगर कोषाध्यक्ष, बनाया गया। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी संदीप सक्सेना को मिली। संदेश अग्रवाल को फतेहगढ़ नगर प्रभारी, अंकुर गुप्ता व गौरव रस्तोगी को नगर मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। रविकांत गुप्ता ने कहा कि लोग सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करें। प्रबल महेश्वरी ने कहा कि व्यापारियों का शोषण नहीं होने दिया जायेगा। प्रीती तिवारी ने कहा कि महिला व्यापारियों को पूरी सुरक्षा मिलेगी। रुपेश गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आर्थिक नीतियों का निर्माण व क्रियान्वन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि हमारा संगठन व्यापारियों के हर संकट व समस्या को दूर करने के लिए एकजुट होकर हमेशा आगे आता रहेगा। जिला महामंत्री प्रमोद गुप्ता ने कहा कि संगठन के शीर्ष नेताओं के निर्देश पर हमारे संगठन का विस्तार जिले से नगर, नगर से तहसील, तहसील से ब्लॉक स्तर तक जल्दी-जल्दी किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने कहा कि किसी भी देश के विकास में वहां के व्यापार और उद्योगधंधों का विशेष योगदान रहता है। इस समय भारत की आर्थिक विकास दर बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। बैठक में अनिल कुमार कनौजिया उर्फ लालू, नरेंद्र नाथ अग्रवाल, सुभाष बंसल, मनोज अग्रवाल, दीपक गुप्ता, गोपाल गुप्ता, राजीव पुरवार, यूनुस अंसारी, मनोज राठौर, पंकज गुप्ता, अरविंद गुप्ता, राजू गौतम, जितेंद्र अग्रवाल, अंकित कटियार, विशाल गुप्ता, राहुल बंसल, शिवम त्रिपाठी, जितेंद्र राठौर, अर्चना द्विवेदी, अशोक कनौजिया, अनिल गुप्ता, संदेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद व्यापार मण्डल के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# 21 खाद्य कारोबारियों पर 7.90 लाख का जुर्माना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अधोमानक, मिथ्याछाप,** असुरक्षित खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले तथा बिना पंजीकरण के खाद्य पदार्थ करने वाले 21 कारोबारियों पर एडीएम न्याय निर्णायक अधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति ने 7.90 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

सहायक आयुक्त खाद्य अभिहीत अधिकारी सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में अभियान चलाया गया था। टीम द्वारा 30 सितम्बर 2022 को कायमगंज के क्षेत्र पुल गालिब पुलिया स्थित आमोद कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र के उर्बिल किराना स्टोर से पैक मखाना का नमूना लिया था, जो जांच में अधोमानक व मिथ्याछाप निकला। न्यायालय ने 80 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 17 सितम्बर 2022 को गढ़िया ढिलावल स्थित राजपाल पुत्र श्रीकृष्ण के दुर्गा इंटर प्राइजेज से बेसन व रिफाइन्ड पॉम आयल का नमूना संग्रह किया गया था। जो जांच में अधोमानक निकला। न्यायालय ने 1.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। 18 अक्टूबर को टीम ने कमालगंज सीएचसी स्थित जिलाजीत पुत्र नेकराम के प्रतिष्ठान से खोया का नमूना संग्रह किया गया था। जांच के दौरान खोया अधोमानक निकला। न्यायालय ने 35 हजार का जुर्माना लगाया। 3 अक्टूबर 2022 को कोतवाली फतेहगढ़ के सेन्ट्रल जेल चौराहा निकट अजीत पुत्र सोवरन सिंह के प्रतिष्ठान से मिश्रित दूध का नमूना लिया गया, जो जांच में अधोमानक निकला। न्यायालय ने 45 हजार रुपया का जुर्माना लगाया गया। 13 मार्च 2022 को बहोरिकपुर स्थित दलेल सिंह पुत्र जयराम सिंह के प्रतिष्ठान से रंगीन कचरी का नमूना लिया गया। जांच में अधोमानक पाये जाने पर न्यायालय ने 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 14 अगस्त 2023 को शमशाबाद हनुमान मंदिर बाजार कलां स्थित अनिल कुमार पुत्र स्व0 बालकृष्ण के खाद्य प्रतिष्ठान से एक्सपाइरी डेट निकल जाने पर भी सामान बेचते पाये जाने पर न्यायालय ने 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 8 अगस्त 2022 को टीम ने मदारवाड़ी चौराहा स्थित धर्मेन्द्र कनौजिया पुत्र किशनस्वरुप के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पनीर का नमूना लिया गया, जो जांच में अधोमानक निकला। न्यायालय ने 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। 19 मई 2022 को पांचाल घाट चौराहा स्थित प्रमोद सिंह पुत्र शेर सिंह के यहां से भैंस दूध का नमूना लिया। जांच के दौरान दूध अधोमानक निकला। न्यायालय ने 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 20 अक्टूबर 2022 को पक्का पुल किराना बाजार स्थित कमल हसन पुत्र अली हसन के प्रतिष्ठान से पेड़ा का नमूना लिया। जांच में पेड़ा बाह्य पदार्थ युक्त पाये जाने पर न्यायालय ने 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 7 अगस्त 2023 को मोहल्ल डबग्रान स्थित हासिम पुत्र नाजिम बिना खाद्य पंजीकरण के मीट बेंचते मिले थे। न्यायालय ने 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 21 दिसम्बर 2023 को कमालगंज मैन रोड स्थित नयाब कुरैशी पुत्र शाहबुद्दीन कुरैशी बिना खाद्य पंजीकरण के मीट बेंचते मिले थे। न्यायालय ने 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 21 दिसम्बर 2023 को कमालगंज मछली मार्केट स्थित नवाब कुरैशी पुत्र नौसे कुरैशी बिना खाद्य पंजीकरण के मीट बेंचते मिले थे। न्यायालय ने 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 21 दिसम्बर 2023 को कमालगंज मंसूरी ऑयल मिल मैन रोड स्थित सुरेन्द्र चक पुत्र बाबूराम चक बिना खाद्य पंजीकरण के मीट बेंचते मिले थे। न्यायालय ने 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 20 दिसम्बर 2023 को मोहम्मदाबाद सब्जी मण्डी संकिसा रोड स्थित आदिल पुत्र उस्मान बिना खाद्य पंजीकरण के मीट बेंचते मिले थे। न्यायालय ने 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 20 दिसम्बर 2023 को जहानगंज अड्डा स्थित दीपक कुमार पुत्र चन्द्रपाल बिना खाद्य पंजीकरण के मीट बेंचते मिले थे। न्यायालय ने 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 20 दिसम्बर 2023 को जहानगंज कोठी बाजार स्थित प्रमोद कुमार पुत्र स्व0 रामचन्द्र बिना खाद्य पंजीकरण के मीट बेंचते मिले थे। न्यायालय ने 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 15 मार्च 2022 को बढ़पुर स्थित रविन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 अनोखेलाल गुप्ता के प्रतिष्ठान से खोया का नमूना संग्रह किया गया। जो जांच में अधोमानक निकला। न्यायालय ने 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 13 अक्टूबर 2022 को फतेहगढ़ बेवर रोड बिजाधरपुर स्थित देवेन्द्र कुमार सक्सेना पुत्र रामचन्द्र के प्रतिष्ठान से पनीर का नमूना लिया, जो जांच में अधोमानक निकला। न्यायालय ने 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 20 दिसम्बर 2023 को जहानगंज स्थित मनोज पुत्र रामचन्द्र बिना खाद्य पंजीकरण के मीट बेंचते मिले थे। न्यायालय ने 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 27 दिसम्बर 2019 को थाना कादरीगेट स्थित अमित कुमार पुत्र मूलचन्द्र राठौर के प्रतिष्ठान से एक ब्रांड का नमूना लिया, जो जांच में मिथ्याछाप निकला। न्यायालय ने 2 लाख 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। न्यायालय में पैरवी खाद्य सुरक्षाधिकारी आशीष कुमार वर्मा व डा0 शैलेन्द्र रावत ने की।

## मार्ग दुर्घटना में आधा दर्जन घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**अलग-अलग** मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गांव रुटौल निवासी मुनीश (18), कम्पिल क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर राजकुमार निवासी वीरेंद्र (48), सिवारा निवासी बन्ने (25), नगला बीच निवासी अंग्रेश (22), क्षेत्र के गांव अकाखेड़ा निवासी नन्हें लाल (18) व जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव नगला वक्शी निवासी कुसमा (35) पत्नी अखिलेश घायल हो गए। सभी घायलों को आसपास के लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद नन्हे लाल को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# नगर पंचायत साफ सुंदर बनाने के लिए प्रतिनिधि ने निरीक्षण कर किया निस्तारण

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज



निरीक्षण करते नदीम फारुखी समृद्धि न्यूज

**नगर पंचायत** को स्वच्छ और सुंदर बनाने तथा स्ट्रीट लाइट, पेयजल, साफ-सफाई जैसी समस्याओं को निस्तारण करने की शुरूआत नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम फारुखी ने शुरु की है। जिसको लेकर मोहल्ला वाई मोहल्ला समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए स्वयं जाकर निरीक्षण कर रहे है।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी द्वारा नगर पंचायत शमशाबाद के ग्राम मोहल्ला अलेपुर पीत धौलेश्वर में भ्रमण कर साफ-सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं का खड़े होकर निस्तारण कराया। जल निगम द्वारा अलेपुर में पाइप डालने के लिए खुदाई कार्य चल रहा था। स्ट्रीट लाइट लगाते समय व पाइप लाइन डालते समय सड़कों पर हो रही टूट व नगर पंचायत को क्षति न हो इसके लिए जल निगम ठेकेदार को निर्देशित किया। उन्होंने कार्य समय पर करने व नगर पंचायत शमशाबाद की केवल लाइन ना कटे एवं सड़कों की साइड में खुदाई कराकर पाइप लाइन डाली जाए। जिस मोहल्ले वासियों को असुविधा न हो। नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम फारूकी ने समस्त कर्मचारियों एवं कर्मचारीजन को साथ लेकर अलेपुर पीत धौलेश्वर में भ्रमण कर समस्याओं का निस्तारण कराया। अलेपुर पीत धौलेश्वर वासियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलिस ने वांछित को दबोचा



पुलिस हिरासत में आरोपी समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

रविवार को कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चला रही थी, तभी एक संदिग्ध युवक आता दिखायी दिया। जब उसे रोकना चाहां तो वह भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम आकाश पुत्र फूल सिंह निवासी कोसमा थाना घिरौर जनपद मैनपुरी बताया। पुलिस ने बताया कि आरोपी आकाश धारा 363, 366 के आरोप में न्यायालय से वांछित चल रहा था।

## खबरें एक नजर में

### सीपी विद्या निकेतन में आयोजित समर कैम्प का समापन




रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीपी विद्या निकेतन में आयोजित समर कैंप के समापन कार्यक्रम का आयोजन सीपी गेस्ट हाउस में किया गया। बच्चों के द्वारा कैंप के दौरान सीखे गए डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, ताइक्वांडो, योगा आदि कार्यों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एनएकेपी इंटर कालेज की प्रधानाधानार्या डा0 शशीकिरण एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिटी मिशन इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या व अंजू राजे डिप्टी एवं सम्मानित अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक, ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे, रजनी गोयल उपस्थित रही। विद्यालय की प्रबंधिका मिथिलेश अग्रवाल ने संबोधित करते हुए बताया कि बच्चों में सीखने की अपार क्षमता होती है। बस उनको दशा एवं दिशा दिखाने की आवश्यकता होती है। इस प्रकार के कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जाता है तथा सभी बच्चों से कहा कि इस बढ़ते हुए तापमान को कम करने हेतु सभी लोग कम से कम दो वृक्ष लगाए तथा उनकी देखरेख भी करें।

### संयुक्त चेकिंग अभियान में पकड़ी गई दो बसें, 50 हजार का जुर्माना




अधिकारियों द्वारा पकड़ी गयी बस समृद्धि न्यूज

> जीएसटी विभाग ने भी पकड़ी एक गाड़ी, हुई सीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी वीके सिंह के निर्देशन में रविवार को क्षेत्राधिकारी यातायात जयसिंह, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी रजनेश कुमार की टीम द्वारा फर्रुखाबाद तथा राजेपुर क्षेत्र में संयुक्त चेकिंग की। चेकिंग के दौरान अनाधिकृत रूप से संचालित दो बसों पर कार्यवाही की गई तथा उन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त अन्य 26 वाहनों का चालान भी किया गया। राजेपुर थाना क्षेत्र में सचल दल वाणिज्य कर के प्रभारी रामनरेश के साथ संयुक्त चेकिंग के दौरान एक माल वाहक को व्यापार कर की चोरी करते हुए पाए जाने पर थाना राजेपुर में सीज किया गया है। उस पर लगाए गए कर का आकलन कार्यालय में किया जाएगा।

### मधुमक्खियों के हमले में एक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव सोतेपुर निवासी वृद्ध रामनिवास पर रविवार को मधुमक्खियों ने हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। उसके चीखने चिल्लाने पर आसपास के ग्रामीणों ने उसे किसी प्रकार बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ उसका उपचार जारी है।

### जहरीले सांप ने डसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर से सटे गांव प्रेम नगर निवासी हरपाल (45) को किसी जहरीले सांप ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## प्रा0 शिक्षक द्वारा प्रदेश स्तरीय विरोध के चलते शासन बैकफुट पर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



राजकिशोर शुक्ला

**शिक्षक संगठनों** एवं प्राथमिक शिक्षक के विरोध के चलते समर कैम्प को आखिरकार शासन ने स्थगित करते हुए निर्णय वापस ले लिया है। प्राथमिक शिक्षक के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ0 दिनेश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में महानिदेशक बेसिक शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव से बेसिक स्कूलों में समर कैंप का व्यापक विरोध किया गया। भीषण गर्मी के चलते आखिरकार शासन को समर कैंप लगाने का निर्णय वापस लेना पड़ा। शासन के निर्णय से जहां एक ओर शिक्षकों को राहत मिली। वहीं दूसरी ओर अभिभावकों ने भी इस निर्णय का स्वागत किया।

## नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर रेलवे यात्रियों को किया गया जागरुक



नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करती गाइड समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ इज्जतनगर महादेवी वर्मा की ग्रुप लीडर किरन कश्यप ने टीम के साथ नुक्कड़ नाटक कर रेल संरक्षा जागरुकता अभियान चलाकर यात्रियों को जागरुक किया। वरिष्ठ मण्डल संरक्षाधिकारी नीतू द्वारा दिये गये निर्देश का पालन करते हुए जागरुकता अभियान चलाकर यात्रियों को जागरुक किया गया। ग्रुप लीडर किरन कश्यप ने गाइड टीम के साथ नुक्कड़ नाटक कर जागरुक करते हुए कहा कि ट्रेन में यात्री यात्रा करते समय ज्वलनशील पदार्थ स्टोव, गैस सिलेण्डर, कैरोसिन, पैट्रोल, डीजल, विस्फोटक पदार्थ इत्यादि, धूम्रपान बीड़ी, सिगरेट का प्रयोग न करें। यात्रा करते समय पायेदान पर यात्री न बैठे। आपात स्थिति में ही एसीपी का प्रयोग करें। दिव्यांगजन कोच में अनाधिकृत यात्रा ना करें। ट्रैक पासिंग/ट्रैक के किनारे जानवर मवेशी ना चराये और ना ही ट्रैक को पार करें। सभी को रेल संरक्षण की जानकारी दी और उन सबको जागरूक किया। साथ स्काउट गाइड के बच्चों ने यात्रियों को जागरुक किया। इस अवसर पर गाइड कैप्टन ज्योति शुक्ला, आरपीएफ और स्टेशन कार्यालय अधीक्षक ने सहयोग किया।

## स्टेट यूपी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जनपद की दो बेटियों ने जीते सिल्वर मैडल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



सिल्वर मैडल विजेता हंसिका पाल व प्रज्ञा यादव समृद्धि न्यूज

**गाजियाबाद के** सेक्टर 15 वंसुधरा में आयोजित यूपी स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जनपद से 22 बच्चों ने प्रतिभाग किया। सीनियर एवं जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में 31 मई को रात्रि में ट्रेन द्वारा रवाना हुए 22 प्रतिभागियों में से 2 मई को सीनियर कैटागरी बालिका वर्ग में खुदागंज निवासी विपिन पाल की पुत्री हंसिका पाल ने 69 किलो भार वर्ग में सिल्वर मैडल प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। वहीं 62 किलो भार वर्ग अंडर में नेकपुर चौरासी निवासी धीरेन्द्र यादव की पुत्री प्रज्ञा यादव ने सिल्वर मैडल प्राप्त कर नाम रोशन किया है। ताइक्वांडो सचिव व कोच अजय प्रताप सिंह ने बताया कि गाजियाबाद में चल रही सीनियर एवं जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में बच्चे प्रतिभाग कर रहे है। जिसमें अभी तक दो बच्चों ने सिल्वर मैडल प्राप्त कर जनपद का मान बढ़ाया है। 1 जून से 3 जून तक चलने वाली प्रतियोगिता में जनपद के 22 ताइक्वांडो खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है।

## आठवां वेतन आयोग का गठन हो: शिक्षक संघ

> पुरानी पेंशल योजना लागू की जाये

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**माध्यमिक शिक्षक** संघ के प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह व महामंत्री रामबाबू शास्त्री ने भारत सरकार से मांग की है कि कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए आठवें वेतन आयोग का गठन करें। देश में पुरानी पेंशन योजना को लागू किया जाये। समझौते के मुताबिक राज्य सरकार भी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के संदर्भ में की गई घोषणाओं को उत्तर प्रदेश में लागू करें। 1 जनवरी 2024 से सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 लाख रुपये से 25 लाख रुपये कर दी गई है। किन्तु राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए घोषणा नहीं की गई है। उत्तर प्रदेश में कर्मचारियों के लिए कुछ भी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि एनपीएस में राज्य कर्मचारियों का भविष्य अंधकार मय कर दिया है। एनपीएस घोटाले की जांच के लिए एसआईटी रिपोर्ट को प्रदेश सरकार दबा रही है। कर्मचारियों को पता तक नहीं है। तदर्थ शिक्षक 9 नवम्बर 2023 के आदेश को उच्च न्यायालय द्वारा स्थगित करने के बावजूद भी वेतन नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में तदर्थ शिक्षकों का वेतन भुगतान जारी किया जाये।

जिलाध्यक्ष प्रवेशरत्न शाक्य ने बताया कि 10, 11 व 12 जून को मुजफ्फर नगर में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में प्रदेश के शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। जिसमें जनपद फर्रुखाबाद से बड़ी संख्या में शिक्षक भाग लेने मुजफ्फर नगर जायेंगे। 18 मण्डल व 75 जनपद के लोग मुजफ्फर नगर जा रहे है। जिसमें फर्रुखाबाद के शिक्षकों की भागीदारी अधिक संख्या में होगी।

## पांचाल घाट पर गंगा सेवकों ने किया श्रमदान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



श्रमदान करते गंगा समिति के पदाधिकारी

**मां गंगा** सेवा समिति फतेहगढ़ ने गंगा स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत रविवार को पांचाल घाट पहुंचकर समिति के लोगों ने स्वच्छता अभियान चलाकर गंगा तट की साफ-सफाई की और गंगा मइयों को अविरल व निर्मल बनाने का संकल्प लिया। गंगा सेवकों ने कहा कि लोग जागरुक हो। खंडित मूर्तिया व कूड़ा करकट आदि गंगा में न डाले। क्योंकि गंगा में पत्थरों के बीच मूर्तियां, पॉलीथिन आदि फंस जाती है। जिससे पानी जहरीला हो जाता है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि गंगा मइयां को स्वच्छ रखने के लिए संकल्पित रहे और दूसरों को भी जागरुक करें। रविवार को गंगा सेवकों ने गंगा तट पर खंडित मूर्तियां व अन्य सामग्रियों को एकत्र कर भू-विसर्जित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में गंगा सेवक मौजूद रहे। देर शाम हर-हर गंगे के उद्घोष के साथ मां गंगे की आरती की गई और जयकारे लगाये गये।

## कवन सो काज कठिन जग माहीं, जो नहिं होइ तात तुम पाहीं से गूंजा नीम करौली धाम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



नीम करोली मंदिर में आरती करते भक्तगण

**चिंतामणी पाठ** समित ने जेष्ठ माह हनुमान की उपासना का विशेष महीना है। समिति ने प्राचीन मंदिर बाबा नीम करोली की तपो भूमि पर सुन्दर काण्ड का पाठ नीम करौली धाम पर किया। विश्व शान्ति एवं देश के कल्याण की कामना की। अध्यक्ष बृज किशोर सिंह किशोर ने बताया हनुमान जी अष्ट सिद्धि नवनिधी के दाता है। उनकी उपासना से प्रत्येक व्यक्ति को सिद्धि मिल सकती है। उनका महामंत्र राम नाम का जाप है। बाबा की उपासना से ऐसा कौन सा कार्य है जो नहीं हो सकता। उनकी उपासना से सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं। बाबा नीम करोली धाम तो वैसे ही तपोभूमि है। यहां पर बाबा ने बरसों साधना की वर्तमान में यह शक्तिपीठ बन गया है। जब जाममन्त जी ने हनुमान जी से कहा कवन सो काज कठिन जग माही, जो नहिं होइ तात तुम पाहीं। भावार्थ-इस संसार में ऐसा कोई सा कार्य है जो तुम नहीं कर सकते। हनुमान तुम्हारा तो अवतार ही श्री राम के कार्य सिद्धि के लिए हुआ है। इतना सुनते ही हनुमान जी अपने शरीर का आकार पर्वत के समान बढ़ा लिया और एक ही छलांग में समुद्र को पार कर गए। हनुमान जी की उपासना में नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने जेष्ठ मास के हनुमान की उपासना में उपस्थित होकरअपनी मनोकामनाओं की अर्जी लगाई। मंदिर के महंत त्यागी पण्डित भानू प्रकाश शुक्ला, लखन वाजपेई ने सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अशोक वर्मा, वीना वर्मा, आदेश अवस्थी, विकेश गुप्ता, अजीत वर्मा, कमलेश दीक्षित, प्रशांत सिंह, घनश्याम बाजपेई, अनूप मिश्रा, अनुपम त्रिपाठी, संदीप वर्मा, फूल सिंह, अनुराग पाण्डेय, रविंद्र भदोरिया, चन्दन शुक्ला, नीतेश वर्मा, अभय मिश्रा, पवन गुप्ता आदि भक्तों ने पाठ किया। महा आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा एवं प्रसाद की व्यवस्था उत्तम चन्द्र वर्मा, नवीन कौशल ने संभाली।

# मुझे अपना सेवक समझें छत्तीसगढ़ के लोग : साय

एजेंसी



**रायपुर।** आज भी लोग मुझे मुख्यमंत्री नहीं अपने बीच का व्यक्ति, अपना भाई मानते हैं और कॉल भी करते हैं। व्यस्तता के कारण सभी लोगों से बात करना संभव नहीं हो पाता पर थोड़े-बहुत फोन हम आज भी रिसीव करते हैं और लोगों से बात करते हैं। यह बात एक साक्षात्कार में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को कही।

उन्होंने कहा कि, धरातल से जुड़कर काम करना मुझे पसंद है। ये सही बात है कि आज भी मैं क्षेत्र के लोगों से सीधे संपर्क में रहता हूँ। एक फोन हमेशा मैं अपने पास रखता हूं। मेरा यह नंबर बहुत पुराना है। जिस दिन जशपुर जिले में टॉवर लगा था और बीएसएनएल वालों ने जो नम्बर मुझे दिया था वह रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के हर कार्यकर्ता एवं लोगों के पास है। उस समय किसी को कोई भी परेशानी होती तो मुझे डायरेक्ट कॉल करते थे, बिजली गुल हो या कहीं का ट्रांसफार्मर बदलना हो या हैंडपंप लगवाना हो, लोग मुझसे सीधा शिकायत करते और मैं उसका निराकरण भी करता था। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग मुझे मुख्यमंत्री नहीं बल्कि अपना सेवक समझें। हम उनसे किए गए एक-एक वादों पर खरा उतरेंगे। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए यदि आप हमें कोई सुझाव या सलाह देना चाहें तो पत्र या फोन कॉल के माध्यम से दे सकते हैं, इसे हम आशीर्वाद के रूप में स्वीकार करेंगे। विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। सरकार के आगामी पांच साल की कार्ययोजना के सवाल पर विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी कि मोदी की गारंटी में किए गए सभी वादों को पूरा करें। केंद्र की आयुष्मान योजना सहित सभी योजनाएं, जिसे पिछली सरकार ने लागू नहीं किया या अड़ंगा डालने का काम किया, इसे भी धरातल पर लागू करेंगे। अब जब तीसरी बार भी केंद्र में मोदी सरकार बनने जा रही है तो हम यह सुनिश्चित करेंगे कि डबल इंजन सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। पर्यटन को बढ़ावा, नक्सलवाद खत्म करना, 100 से अधिक वनोपजों का अधिक से अधिक मूल्य आदिवासियों को मिले, नियद नेल्लानार योजना से नक्सल प्रभावित पांच जिलों तक मूलभूत सुविधाएं एवं सरकार की योजनाओं को पंहुचाना हमारा लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ के हित में जो भी जरूरी निर्णय आगे लेने पड़ें वो हम लेंगे।

### पर्यटन के लिए छत्तीसगढ़ में अपार संभावना

मोदी जी 2047 तक विकसित भारत बनाने में की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, उसमें हम विकसित छत्तीसगढ़ जरूर देखेंगे। पर्यटन को बढ़ावा देने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ गठन के बाद जब हमारी 15 साल की सरकार थी तब हमने नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी और सरगुजा जहां नक्सलवाद पनपा था, वहां हमारी सरकार के दृढ़ संकल्प के कारण पूरी तरह हमने नक्सलवाद को समाप्त किया। आज बस्तर क्षेत्र का एक बहुत छोटा सा भू-भाग ही नक्सलवाद से ग्रस्त है, लेकिन आज पूरे छत्तीसगढ़ की छवि नक्सली प्रदेश के रूप में है, जो हमारे पर्यटन को प्रभावित कर रहा है। हम सबको मिलकर इसको बदलना है और ये सब के प्रयास से ही संभव हो सकता है। पर्यटन के लिए छत्तीसगढ़ में अपार संभावना है, जो देश के लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकती है।

### विपक्ष को मिलेंगी 295 से ज्यादा सीटें : जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने पार्टी मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के पार्टी के प्रमुख नेताओं, प्रदेश अध्यक्षों और विधायक दल के नेताओं से बातचीत की और राज्यों में पार्टी एवं विपक्षी गठबंधन की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने दावा किया कि विभिन्न चैनलों और एजेंसियों की ओर से कराए गए एग्जिट पोल सर्वे झूठे हैं और विपक्षी गठबंधन को 295 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। जयराम रमेश के साथ इस संवाद में पार्टी नेताओं ने अपने-अपने राज्यों में गठबंधन को मिल रही सीटों पर अपने-अपने दावे किए। हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष उदय भान ने दावा किया कि पार्टी ने राज्य में शानदार चुनाव लड़ा है और कांग्रेस को 8 सीटें मिलेंगी। इसी तरह से गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने दावा किया कि पार्टी 4 से 5 सीटें जीतेगी और करीब 12 सीटों पर हमारा कड़ा मुकाबला है। इसी तरह से राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष ने दावा किया कि वहां पार्टी 12 से 13 सीटें जीतेगी। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि एग्जिट पोल में कांग्रेस को यहां 7 से 9 सीटें मिलने का दावा किया जा रहा है और उनका भी मानना है कि पंजाब में कांग्रेस 9 सीटें जीतेगी। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने दावा किया कि कांग्रेस को राज्य में 16 सीटें और गठबंधन को 38 से 40 सीटें मिलेंगी। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान एग्जिट पोल और असल नतीजों के बीच के अंतर को दर्शाते हुए दावा किया कि यहां की दो-तिहाई सीटें कांग्रेस के खाते में जाएंगी। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू ने दावा किया कि सभी चार सीटों पर कड़ी टक्कर है और दो पार्टी के पक्ष में जा रही हैं। झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने दावा किया कि यहां पार्टी गठबंध में 8 से 10 सीटें जीतेगी।

# दिल्ली में 52.3 डिग्री तापमान पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान


एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में हाल ही में तापमान बढ़कर 52.3 डिग्री सेल्सियस हो जाने पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि वनों की कटाई के प्रति वर्तमान पीढ़ी रुख उदासीन बना रहा, तो राष्ट्रीय राजधानी एक बंजर रेगिस्तान बन जाएगी।

दिल्ली के मुंगेशपुर क्षेत्र में बुधवार को अधिकतम तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शहर में अब तक का सबसे अधिक तापमान है। न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने कहा, इस तथ्य पर न्यायिक संज्ञान लिया गया है कि हाल ही में 30 मई को दिल्ली में आधिकारिक तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगर वर्तमान पीढ़ी वनों की कटाई के प्रति उदासीन दृष्टिकोण अपनाती रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब यह शहर केवल एक बंजर रेगिस्तान बनकर रह जाएगा। उच्च न्यायालय ने इससे पहले अपने पूर्व न्यायाधीश नजमी वजीरी को दिल्ली में वनों के संरक्षण से संबंधित शहर के अधिकारियों की एक आंतरिक विभागीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया था। उच्च न्यायालय को सूचित किया गया कि वजीरी बुनियादी ढांचे की कमी के कारण अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हैं। अदालत ने कहा, यह अदालत ऐसी स्थिति को बर्दाश्त नहीं कर सकती, जहां अध्यक्ष कार्यालय स्थान या लिपिकीय और सहायक कर्मचारियों या यहां तक कि परिवहन साधनों की कमी के कारण जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में असमर्थ हों। विभाग को अलग-अलग क्षमता में कर्मचारी उपलब्ध कराने का निर्देश देने के बजाय, विभाग को मामले को पूरी गंभीरता से आगे बढ़ाने का निर्देश देना उचित समझा गया है कि किसी भी स्थिति में मंजूरी में 15 जून से अधिक देरी नहीं की जाए।

# आर्थिक मोर्चे पर भारत के नाम रहेगी यह सदी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** आर्थिक मोर्चे पर भारत के लिए, एक के बाद एक लगातार अच्छी खबरें आ रही हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की आर्थिक वृद्धि आठ फीसद से ऊपर रहने और राजकोषीय घाटे में सुधार से आर्थिक विशेषज्ञ हैरान हैं। इस बीच भारत के जी-20 शेरपा और सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा कि भारत अब दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

अर्थव्यवस्था के विस्तार में डिजिटल अभियान क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। साल 2047 तक भारत दुनिया की सुपर पावर बन जाएगा। यह सदी भारत के नाम रहेगी। श्री कांत ने राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह की किताब इंडिया ओडिसी : फ्रॉम ए डेवलपमेंट कंट्री टू एन इमर्जिंग सुपरपावर का विमोचन करते हुए कहा कि एक दशक पहले भारत 5 नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शुमार था। लेकिन आर्थिक सुधारों के जरिए यह महज पांच साल में दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि 8.2 फीसद और राजकोषीय घाटा कम होकर जीडीपी के 5.6 फीसद पर आना भारत के विकास के लिए शुभ संकेत है। आज दुनिया भारत की ओर देख रही है। उन्होंने कहा है कि अब दुनिया की शीर्ष एजेंसियां भारत के आर्थिक प्रदर्शन पर सकारात्मक रुख अपना रही हैं। साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था, नीति और राजनीतिक अर्थव्यवस्था के छात्रों के लिए भी मददगार होगी। जो लोग भारत के आर्थिक इतिहास में रुचि रखते हैं और यह जानना चाहते हैं कि भारत दुनिया की महाशक्ति कैसे बन सकता।

### दुनिया की आर्थिक वृद्धि में 20 फीसदी का योगदान देगा भारत

आईएमएफ ने कहा है कि भारत अगले दशक में दुनिया की आर्थिक वृद्धि में करीब 20 फीसद का योगदान देगा। साल 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 35 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। अगले पांच साल में जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और तीसरा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन जाएगा। विकास के इस सफर में डिजिटल पेमेंट प्रणाली अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह की भारत का सफर एक विकासशील देश से एक उभरती हुई महाशक्ति तक पुस्तक नीति निर्माताओं और विश्लेषकों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी।

### भारत-नेपाल सीमा पर एक करोड़ की नकदी के साथ युवक गिरफ्तार

**काठमांडू।** बिहार से सटे भारत-नेपाल सीमा पर एक करोड़ रुपये की नकदी के साथ एक मुस्लिम युवक की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय प्रशासन की नींद उड़ गई है। नेपाल पुलिस आतंकी फंडिंग के ऐंगल से इस मामले जांच कर रही है। नेपाल के सुनसरी सशस्त्र प्रहरी बल के डीएसपी शैलेन्द्र थापा ने रविवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि सुनसरी जिले के एक नाका से शनिवार रात को एक कार से इरसाद अंसारी नामक युवक को एक करोड़ एक लाख रुपये की नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया। सुनसरी के हरिनगर से बिहार के सुपौल जिले की तरफ जा रहे कार को जांच के लिए रोका गया तो उसमें से दो झोले में भरे हुए नोट मिले। दोनों झोले नेपाली 1000 के नोटों की गड्डी से भरे हुए थे। प्रारम्भिक जांच में पता चला है कि यह रकम हवाला का होने की बात कही है।

# परेशानियों को कम करने के लिए करें अतिरिक्त जल आपूर्ति : आतिशी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते तापमान के बीच पानी की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। इस मांग के पूरा नहीं होने के कारण दिल्ली में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। दिल्ली की जल मंत्री आतिशि ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर एक महीने तक अतिरिक्त जल मुहैया कराने की मांग की है।

आतिशि ने कहा है कि हमारे पुरातन ग्रंथों में लिखा है कि प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम है। आतिशि ने अपने पत्र में सहयोगी संघवाद की अपील के तहत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सहयोग की अपील की है। आतिशि ने यमुना के गिरते जल स्तर का उल्लेख करते हुए दिल्ली के लोगों को पेश आ रही दिक्कतों का त्वरित समाधान करने की अपील की है। आतिशि ने कहा है कि मानसून आने तक दिल्ली के लोगों को हो रही दिक्कतों को कम करने के लिए अतिरिक्त जल आपूर्ति करें। उल्लेखनीय है कि आतिशि ने इससे पहले आरोप लगाया था कि हरियाणा दिल्ली को पर्याप्त जलापूर्ति नहीं कर रहा है। इस संबंध में दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा था कि राज्य में जल संकट के लिए दिल्ली सरकार का कुप्रबंधन जिम्मेदार है।

## खबरें एक नजर में

### भारत में क्यूबा को भेजी 90 टन दवा सामग्री

**नई दिल्ली।** भारत सरकार क्यूबा सरकार को मानवीय सहायता प्रदान कर रही है। भारत में निर्मित नौ सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) की लगभग 90 टन की खेप आज (2 जून) को मुंद्रा बंदरगाह से रवाना हुई। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इन एपीआई का उपयोग क्यूबा के दवा निर्माताओं द्वारा पुरानी संक्रामक बीमारियों के उपचार के लिए आवश्यक टैबलेट, कैप्सूल, सिरप और इंजेक्शन के रूप में आवश्यक एंटीबायोटिक्स का उत्पादन करने के लिए किया जाएगा। मंत्रालय ने आगेकहा कि यह सहायता भारत की फ्रविध की फार्मेसीफ के रूप में स्थिति की पुष्टि करती है और क्यूबा के साथ ऐतिहासिक मित्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### सात जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 07 जुलाई (आषाढ़ी दूज) को निकाली जाएगी। रथयात्रा और मंदिर की सुरक्षा को लेकर रविवार को अहमदाबाद शहर पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने जमालपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में मंदिर के ट्रस्टियों और प्रमुख पुजारी के साथ बैठक की। उन्होंने भगवान जगन्नाथ का दर्शन भी किया। पुलिस आयुक्त के साथ क्राइम ब्रांच के जेसीपी, डीसीपी समेत कई अधिकारी भी थे। रथयात्रा अहमदाबाद के जमालपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर से निकलती है, जिसमें लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस आयुक्त और अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के अधिकारी जमालपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर के महंत दिलीपदास महाराज और ट्रस्टी महेन्द्र झा के साथ बैठक की। हर वर्ष की तरह इस बार भी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से लेकर कई गणमान्य इसमें शामिल होंगे। रथयात्रा को लेकर संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा पर विशेष चर्चा की गई।

### मुंबई एयरपोर्ट पर चार आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** कस्टम विभाग की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 10 किग्रा सोना और इलेक्ट्रानिक वस्तु जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन मामलों की गहन छानबीन कस्टम की टीम कर रही है। कस्टम सूत्रों ने रविवार को बताया कि उनकी टीम मुंबई एयरपोर्ट पर विदेश से यात्रा कर रहे यात्रियों पर लगातार निगरानी कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को कस्टम विभाग ने 20 मामलों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण समेत 9.76 किलो सोना जब्त किया है। जब्त किए गए सोने और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कीमत 6.75 करोड़ रुपये बताई गई है। इस मामले में कस्टम विभाग ने 88 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा भी जब्त की है। अब गिरफ्तारी के बाद इन चारों आरोपितों से सोना तस्करी मामले में पूछताछ की जा रही है।

### जर्मनी में बाढ़ के बीच 600 लोगों को निकाला

**फ्रेंकफट।** दक्षिणी जर्मनी में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ के कारण 600 से अधिक लोगों को उनके घरों से निकालना पड़ा है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण डोनौ, नेकर और गुएन्ज़ सहित कई नदियों में जल स्तर बढ़ गया है, जिससे तटीय शहरों और कस्बों में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है। कई क्षेत्रों में जल स्तर एक सदी में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। स्थानीय प्राधिकारी ने कहा कि रविवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे तक बवेरिया के 10 जिलों ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। न्यूबर्ग-श्रोबेनहौसेन जिले के 670 से अधिक निवासियों को निकाला गया है। उन्होंने बताया कि जर्मनी के दो दक्षिणी राज्य बवेरिया और बाडेन-वुर्टेमबर्ग सबसे अधिक प्रभावित हैं। जर्मन मौसम सेवा ने दक्षिणी जर्मनी के कई जिलों के लिए उच्चतम स्तर की गंभीर मौसम चेतावनी जारी की है। बाडेन-वुर्टेमबर्ग के मेकेनबेउरेन शहर में भी बाढ़ के खतरे के कारण लगभग 1,300 लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए कहा गया।

### रविशंकर प्रसाद का दावा, एग्जिट पोल ही है एग्जैक्ट पोल

**पटना।** लोकसभा चुनाव के लिए सभी सात चरणों में वोटिंग खत्म होने के बाद शनिवार देर शाम आए एग्जिट पोल में विभिन्न एजेंसियों ने एनडीए को एक बार फिर प्रचंड जीत मिलने का दावा किया। एग्जिट पोल के जारी होने के बाद पक्ष और विपक्ष के तमाम नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। एग्जिट पोल को विपक्ष के नेताओं ने गलत बताया, तो वहीं सत्ता पक्ष इसे सही ठहरा रहा है। सत्ता पक्ष के कई नेताओं का दावा है कि 4 जून को 400 सीटों के साथ एनडीए की सरकार बनने वाली है। वहीं, दूसरी तरफविपक्षी नेताओं का मानना है कि 4 जून को सभी एग्जिट पोल गलत साबित होंगे और इंडिया गठबंधन की 295 से ज्यादा सीटें आएंगी। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एग्जिट पोल ही एग्जैक्ट पोल है। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निर्णायक बहुमत देने जा रही है। 1982 से यात्रा शुरू हुई अब 400 के पार जा रही है।

# पवन कुमार चामलिंग को पोकलोक-कामरांग निर्वाचन क्षेत्र में मिली हार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले पवन कुमार चामलिंग और सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के प्रमुख को पोकलोक-कामरांग निर्वाचन क्षेत्र में हार का सामना करना पड़ा। दूसरी सीट नामचेयबुंग पर शुरुआती रुझान में वह पीछे चल रहे हैं। उन्हें एसकेएम के भोज राज राय ने पोकलोक-कामरांग में 3,063 वोटों के अंतर से हराया, जबकि नामचेयबंग में वह 2,256 वोटों के अंतर से हार गए।

एसडीएफ प्रमुख पवन कुमार चामलिंग विधायक के रूप में रिकॉर्ड नौवीं बार चुनाव लड़ रहे थे। उन्होंने दो विधानसभा क्षेत्रों - पोकलोक-कामरांग और नामचेयबुंग से चुनाव लड़ा था। 74 वर्षीय चामलिंग को नामचेयबुंग विधानसभा क्षेत्र में चतुष्कोणीय मुकाबले में पूर्व नौकरशाह और एसकेएम उम्मीदवार राजू बासनेट के अलावा दो महिला उम्मीदवारों, पूजा शर्मा (भाजपा) और सेवरिन राय (सीएपी-सिक्किम) का सामना करना पड़ा। पोकलोक-कामरांग विधानसभा क्षेत्र में, एसडीएफ संरक्षक चतुष्कोणीय मुकाबले में हैं, जबकि एसकेएम के भोज राज राय दूसरे मुख्य उम्मीदवार हैं। सिक्किम के मुख्यमंत्री और एसकेएम सुप्रीमो प्रेम सिंह तमांग, पूर्व सीएम और एसडीएफ प्रमुख पवन कुमार चामलिंग हिमालयी राज्य की 32 विधानसभा सीटों के लिए मैदान में 146 उम्मीदवारों में से थे। एसकेएम और एसडीएफ ने सभी 32 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, उसके बाद भाजपा (31), सीएपी-सिक्किम (30) और कांग्रेस (12) हैं। शुरुआती रुझान के अनुसार, रेनॉक विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री और एसकेएम उम्मीदवार प्रेम सिंह तमांग अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं एसडीएफ उम्मीदवार सोमनाथ पौडयाल से करीब 6,443 मत से आगे हैं। साथ ही, वह सोरेंग चाकुंग विधानसभा क्षेत्र में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं एसडीएफ उम्मीदवार ए डी सुब्बा से 2,052 मत से आगे हैं। चामलिंग पोकलोक-कामरंग विधानसभा क्षेत्र में भी एसकेएम के भोजराज राय से 2,728 मत से पीछे हैं।

### तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पूरी करेगी अपनी गारंटियां : सोनिया गांधी

**हैदराबाद।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रविवार को तेलंगाना के लोगों को आश्वस्त किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करेगी। सोनिया गांधी ने तेलंगाना के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई दी और उन्हें तेज विकास तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में 10वें तेलंगाना स्थापना दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में उनका पहले से रिकॉर्ड किया गया वीडियो संदेश चलाया गया। राज्य सरकार ने समारोह में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, लेकिन खराब स्वास्थ्य के कारण वह नहीं आ सकीं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की जनता ने कांग्रेस को समृद्ध तथा विकसित तेलंगाना के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी है और लोगों के सभी सपनों का पूरा करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा, आज इस खास मौके पर, मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहती हूं कि रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में तेलंगाना की कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।

# मां भद्रकाली शक्ति पीठ में विराट मेला सम्पन्न




समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** कानपुर रोड स्थित ग्राम हिन्दू खेड़ा, मजरा पहाड़पुर में शनिवार को 24वें मां काली के विराट मेले, विशाल जागरण, भण्डारे, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा जादूगरी का आयोजन किया गया।

मां भद्रकाली शक्ति पीठ देवस्थानम के प्रधान सेवक आशीष कनौजिया ने बताया कि पिछले 24 वर्षों से लगातार यहां एक जून को यह विशाल आयोजन किया जा रहा है। प्रति वर्ष हजारों की संख्या में भक्तगण यहां आते हैं और भण्डारे और जागरण का आनंद उठाते हैं। इस बार भी मेला, बच्चों के झूले, खाने के स्टॉल, सेल्फी प्वाइंट, जादूगरी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। आयोजन का उद्देश्य बताते हुए आशीष कनौजिया ने कहा कि लोगों में धार्मिक सद्भावना को बढ़ावा देने हेतु यह महाआयोजन हर साल किया जाता है। इस बार भी मां ज्वाला देवी की ज्योति का आगमन हुआ और भक्तों ने रात भर मां काली के विशाल जागरण में बड़े उल्लास से भाग लिया। परम पूज्य स्वामी मधुसूदन महाराज, हरदोई विधायक आशीष सिंह आशू , भाजपा नेता अरविन्द त्रिपाठी गुड्डू, प्रशांत भाटिया, ब्राह्मण महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष शिवशंकर अवस्थी ने पूजन कर विशाल जागरण का शुभारंभ किया। अधिकारियों और गणमान्य अतिथियों को अंगवस्त्र और प्रभु श्रीराम लला का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर व्यापार व लघु उद्योग बेहद आशान्वित : कैट

एजेंसी




**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि देश के व्यापारियों और लघु उद्योगों सहित व्यापारिक समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर बेहद आशान्वित है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि व्यापारी वर्ग देश के व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए आगामी पांच वर्षों को बेहद महत्वपूर्ण मान रहे हैं। श्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्षों में देश के छोटे व्यापारियों के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं, जिनसे देश में व्यापार में वृद्धि हुई है और इसी नीति के आगे भी जारी रहने की उम्मीद है । श्री खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप आने वाले वर्षों में व्यापार के अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद है। घरेलू व्यापार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, भारत के वैश्विक निर्यात में हिस्सेदारी सुधारने ओपी और कर संरचना को सरल बनाने के लिए नई पहल तथा व्यापार एवं लघु उद्योग के लिए नीतिगत समर्थन और महत्वपूर्ण कदम की आशा है ताकि कर अनुपालन आसानी से हो और सरकार के राजस्व में वृद्धि हो सके तथा जिसके बल पर भारत विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में वर्तमान में सकारात्मक माहौल और अपेक्षित राजनीतिक स्थिरता को देश के मजबूत विकास की कुंजी माना जा रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास और पूंजीगत व्यय की गति जारी रहने की उम्मीद है, जो बाजारों में वित्तीय तरलता सुनिश्चित करेगा और उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति को बढ़ाएगाउन्होंने कहा कि व्यापारियों को बिजली, बुनियादी ढांचा, रियल एस्टेट और पर्यटन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कदम उठाये जाने की उम्मीद है वहीं छोटे व्यापारियों के व्यापार को आधुनिक तरीक़ों से जोड़े जाने तथा व्यापार के नए अवसर पैदा करने पर भी ज़ोर रहने की उम्मीद है। यह देश में व्यापार वृद्धि को बढ़ावा देंगे और वैश्विक निवेश को आकर्षित करेंगे। यह श्री मोदी की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहलों के अनुरूप है। नवीन विचारों वाले युवाओं के लिए समर्थन नीतियों की भी उम्मीद है, जिससे स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया जा सके। इसके अलावा, महिलाओं की वित्तीय साक्षरता और महिलाओं का सशक्तिकरण प्राथमिकता पर रहेगा ताकि देश की अधिक से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें और अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बन कर उभरें।

### केरल में किसी भी सीट पर भाजपा के जीतने की संभावना नहीं : माकपा

**तिरुवनंतपुरम।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की केंद्रीय समिति के सदस्य और पूर्व मंत्री ए.के. बालन ने रविवार को कहा कि जैसा कि एग्जिट पोल में अनुमान लगाया गया है, केरल में भाजपा के किसी भी लोकसभा सीट पर जीतने की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा उम्मीदवार और मलयालम फिल्म सुपरस्टार सुरेश गोपी त्रिशूर से जीत जाते हैं तो यह कांग्रेस की वजह से ही संभव होगा। सभी एग्जिट पोल ने अनुमान लगाया है कि केरल में भाजपा एक से चार सीटें जीतेगी। भाजपा को तिरुवनंतपुरम और त्रिशूर लोकसभा सीटें जीतने की भी उम्मीद है। केरल के पर्यटन और लोक निर्माण मंत्री और माकपा राज्य सचिवालय के सदस्य पी.ए. मोहम्मद रियास ने कोझिकोड में मीडियाकर्मियों से कहा, केरल में भाजपा के सीटें जीतने वाले एग्जिट पोल किसी मजाक से कम नहीं हैं।

# चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतरा चीनी अंतरिक्ष यान, मिट्टी व चट्टान के नमूने लेगा

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन का एक अंतरिक्ष यान मिट्टी और चट्टान के नमूने एकत्रित करने के लिए रविवार को चंद्रमा के एक सुदूर हिस्से में उतरा। ये नमूने चंद्रमा के कम खोजे गए क्षेत्र और अच्छी तरह ज्ञात इसके निकटतम भाग के बीच अंतर के बारे में जानकारियां उपलब्ध करा सकते हैं। चंद्रमा का निकटतम भाग चंद्र गोलार्ध है जो हमेशा सुदूर भाग के विपरीत यानी पृथ्वी की ओर होता है।

चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार, लैंडिंग मॉड्यूल दक्षिणी ध्रुव-एटकेन बेसिन नामक एक विशाल गड्ढे में बीजिंग के स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजकर 23 मिनट पर उतरा। यह चांग'ए चंद्रमा अन्वेषण कार्यक्रम के तहत छठा मिशन है, जिसका नाम चीनी चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया है। इसे चांद पर एकत्र किये गये नमूनों को पृथ्वी पर लाने के लिए बनाया गया है।



इससे पहले 2020 में चांग'ए 5 ने भी चंद्रमा के निकटतम भाग से नमूने एकत्रित किए थे। यह कार्यक्रम अमेरिका और जापान तथा भारत समेत अन्य देशों के साथ बढ़ती प्रतिद्वंद्विता के बीच शुरू किया गया है।

चीन ने अंतरिक्ष में अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित किया है और वह वहां नियमित रूप से चालक दल के सदस्यों को भेजता रहता है। चीन का उद्देश्य 2030 से पहले चंद्रमा पर एक मनुष्य को भेजना है जिससे वह अमेरिका के बाद ऐसा करने वाला दूसरा देश बन जाएगा।

अमेरिका 50 साल से अधिक समय बाद पहली बार चंद्रमा पर फिर से अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की योजना बना रहा है। चीन के मौजूदा मिशन में लैंडर को करीब दो दिन तक दो किलोग्राम सतह और भूमिगत सामग्री एकत्र करने के लिए एक मशीन और एक ड्रिल का इस्तेमाल करना है। इसके बाद लैंडर के ऊपर लगा एक आरोहक इन नमूनों को एक धातु वैक्यूम कंटेनर में दूसरे मॉड्यूल तक ले जाएगा जो चंद्रमा की परिक्रमा कर रहा है।